www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु




नई दिल्ली, बुधवार, 9 जुलाई, 2025 | वर्ष-18 | अंक-94 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए

मूल निवासी महिलाओं को नौकरी में 35 फीसदी आरक्षण **02**

- छोटे-जरूरी कार्यों को करोड़ों रुपए का फंड...
- भव्य इमारतें व ऐशो आराम की सुविधाएं जुटाने... **03**

- संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मिले पीएम मोदी
- पाक कोर्ट ने बलूच को 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा **07**

फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' में मुख्य भूमिका... **10**

मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ बिहार बंद आज

# राहुल के नेतृत्व में सड़कों पर उतरेगा महागठबंधन

## पिछले पांच महीने में राहुल गांधी का यह सातवां बिहार दौरा होगा

**पटना**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर मचा बवाल अब एक संगठित जन आंदोलन का रूप ले चुका है। विपक्षी दलों ने इस प्रक्रिया को गरीबों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के मताधिकार पर हमला करार देते हुए 9 जुलाई को राज्यव्यापी बिहार बंद का आह्वान किया है। इस आंदोलन की अगुवाई खुद राहुल गांधी और तेजस्वी यादव करेंगे, जो पटना की सड़कों पर विरोध मार्च निकालकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। पिछले 5 महीने में राहुल गांधी का यह सातवां बिहार दौरा होगा। यह बंद सिर्फ एक विरोध नहीं, बल्कि 2025 विधानसभा चुनाव से पहले सत्ता और विपक्ष के बीच सीधा टकराव बन चुका है। वहीं प्रशासन के लिए यह दिन सुरक्षा और नियंत्रण की सबसे बड़ी परीक्षा होने जा रहा है।



- सत्यापन प्रक्रिया को जनविरोधी बता रहा विपक्ष
- राहुल व तेजस्वी पटना में करेंगे शक्ति प्रदर्शन

### खेमका के परिवार से भी मिल सकते हैं राहुल

बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर मचा सियासी घमासान अब अपने चरम पर है। इसी मुद्दे को लेकर अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को पटना पहुंच रहे हैं और बिहार बंद मार्च का नेतृत्व करेंगे। राहुल गांधी सुबह करीब 10 बजे पटना एयरपोर्ट पहुंचेंगे, और सीधे इनकम टैक्स गोलंबर से शहीद स्मारक तक निकलने वाले विरोध मार्च में शामिल होंगे। इस दौरान उनके साथ तेजस्वी यादव सहित महागठबंधन के सभी बड़े नेता मौजूद रहेंगे। वहीं राहुल गांधी गोपाल खेमका हत्याकांड के पीड़ित परिवार से भी मुलाकात कर सकते हैं।

### राज्यभर में सुरक्षा व्यवस्था सख्त की गई

बिहार बंद के मद्देनज़र प्रशासन ने राज्यभर में सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी है। खासकर पटना समेत संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है।

### चुनाव से पहले एक बड़ा राजनीतिक संदेश

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले यह दौरा राजनीतिक रूप से बेहद अहम माना जा रहा है। राहुल गांधी का यह दौरा महज प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि 2025 के विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़ा राजनीतिक संदेश माना जा रहा है।

### चुनाव आयोग की मनमानी नहीं चलेगी : राजद

बिहार बंद की जानकारी देते हुए राजद ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि, कल है संपूर्ण बिहार बंद! इंडिया गठबंधन द्वारा आहूत संपूर्ण बिहार बंद! बिहार के गरीबों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों एवं दिव्यांगजनों के मताधिकार पर मतदाता पुनरीक्षण के नाम पर कुठाराघात करने के भाजपा के षड्यंत्र के विरुद्ध और ट्रेड यूनियन के हड़ताल के समर्थन में कल रहेगा चक्का जाम! मतलब सब कुछ जाम! भारतीय लोकतंत्र चुनाव आयोग के अधिकारियों की मनमानी, अंधभक्ति और चाटुकारिता के अनुसार नहीं चलेगा!

### प्रक्रिया को लेकर विपक्ष के आरोप

- जानबूझकर दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, गरीबों और विपक्ष समर्थक समुदायों के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं।
- यह एक राजनीतिक साजिश है ताकि 2025 के चुनावों में सत्ताधारी पक्ष को लाभ मिल सके।
- बिना उचित जांच या सूचना के नाम हटाए गए, जिससे कई लोग वोटिंग अधिकार से वंचित हो सकते हैं।

### चुनाव आयोग का क्या है कहना




चुनाव आयोग का कहना है कि यह नियमित प्रक्रिया है जो हर कुछ वर्षों में की जाती है, और सभी नागरिकों को अपना नाम जांचने और सुधार करवाने का अवसर दिया गया है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण के पक्ष में भी याचिका दायर

# चुनौती देने वाली याचिका के साथ 10 को सुनवाई की गुहार

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। चुनाव आयोग के बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण करने के फैसले के खिलाफ कांग्रेस तथा अन्य प्रमुख विपक्षी दल के नेताओं और कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं के विपरीत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने एक याचिका दायर की है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता अधिवक्ता उपाध्याय ने इस मामले का मंगलवार को 'विशेष उल्लेख' के दौरान जिक्र किया और अन्य याचिकाओं (चुनौती देने वाली) के साथ 10 जुलाई को सुनवाई की गुहार लगाई। इस पर पीठ ने उनसे कहा कि वह अपनी याचिका में खामियों को दूर कर उसे (10 जुलाई को सुनवाई के लिए) सूचीबद्ध करने का अनुरोध रजिस्ट्री (शीर्ष अदालत की) कर सकते हैं।



भाजपा नेता ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की है याचिका

### सूचियों की विशेष गहन जांच जरूरी

अधिवक्ता उपाध्याय की ओर से दायर याचिका में देशभर में एक नियमित अंतराल पर मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण करने का निर्देश चुनाव आयोग को देने की गुहार लगाई है। अपनी याचिका में उन्होंने खास तौर पर संसदीय, राज्य विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों से पहले विशेष गहन पुनरीक्षण कराने की मांग की है। उन्होंने अपनी याचिका में कहा है कि स्वतंत्रता के बाद देश में बड़े पैमाने पर अवैध घुसपैठ, छलपूर्ण धर्म परिवर्तन और बेलगाम जनसंख्या वृद्धि के कारण 200 जिलों और 1500 तहसीलों की जनसांख्यिकी बदल गई है। इसके लिए समय-समय पर मतदाता सूचियों की विशेष गहन जांच आवश्यक है।

## सार संक्षेप

### मोदी का पारंपरिक सांबा रेगे की प्रस्तुति से स्वागत



**ब्रासीलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के बाद मंगलवार को ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। यहां पीएम मोदी का स्वागत पारंपरिक सांबा रेगे की संगीतमय प्रस्तुति से किया गया। इसके बाद होटल पहुंचने पर शिव तांडव स्तोत्र पाठ और भारतीय शास्त्रीय नृत्य का भावपूर्ण प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे 'यादगार स्वागत' बताया और प्रवासियों की अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रशंसा की।

### हज के लिए आवेदन शुरू, 31 तक जमा होंगे





**नई दिल्ली।** हज 2026 के लिए आवेदन मंगलवार से शुरू किया गया और ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने कहा कि हज 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। हज यात्रा पर जाने वाले इच्छुक यात्री हज पोर्टल एचटीटीपीएस ://हजकमेटीडॉटजीओवीडॉट आईएन या 'हज सुविधा' मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन विंडो आज से 31 जुलाई रात 11:59 बजे तक खुली रहेगी।

### तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने साझा अभियानों के गुर बताए



**नई दिल्ली।** भविष्य की लड़ाईयों में तीनों सेनाओं के साझा अभियानों के महत्व को देखते हुए तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ भविष्य की लड़ाइयों में साझा अभियानों की तैयारी और बारीकियां साझा की। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने मंगलवार को पहली बार यहां एक मंच से तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित किया।

### लंबी दूरी के पनडुब्बी रोधी रॉकेट का सफल परीक्षण



**नई दिल्ली।** नौसेना के पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आई एन एस कवरत्ती से विस्तारित रेंज के पनडुब्बी रोधी रॉकेट के सफल परीक्षण किए गए हैं। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि देश में ही बनाए गए इस रॉकेट के परीक्षण 23 जून से सात जुलाई के बीच किए गए।

रॉयटर्स के एक्स अकाउंट बैन पर केंद्र सरकार की सफाई

# सरकार ने ब्लॉक करने का आदेश नहीं दिया

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। भारत सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के उस दावे का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया कि केंद्र सरकार ने 3 जुलाई को इंटरनेशनल न्यूज एजेंसी रॉयटर्स सहित 2,000 से अधिक अकाउंट्स को ब्लॉक करने का आदेश दिया था।

आईटी मंत्रालय ने कहा, कोई नया ब्लॉकिंग आदेश नहीं दिया गया था। सरकार का रॉयटर्स और रॉयटर्स वर्ल्ड सहित किसी भी इंटरनेशनल न्यूज चैनल को ब्लॉक करने का कोई इरादा नहीं है। जब रॉयटर्स और रॉयटर्स वर्ल्ड को भारत में एक्स प्लेटफॉर्म पर ब्लॉक किया गया तो सरकार ने एक्स से रॉयटर्स को अनब्लॉक करने को कहा, लेकिन एक्स ने इसके लिए 21 घंटे का समय लिया। भारत सरकार ने कहा, हमने 5 जुलाई 2025 की देर रात से लगातार एक्स के साथ बातचीत की और रॉयटर्स को अनब्लॉक करवाने के लिए सख्ती भी दिखाई। एक्स ने इन प्रक्रिया से जुड़ी तकनीकी चीजों का फायदा उठाया और यूआरएल को अनब्लॉक नहीं किया। एक्स ने आखिरकार 6 जुलाई 2025 को रात 9 बजे के बाद रॉयटर्स और अन्य यूआरएल को अनब्लॉक कर दिया।



- सरकार ने कहा, एक्स ने तकनीकी चीजों का फायदा उठाया

### एक्स ने भारत सरकार पर लगाया अकाउंट ब्लॉक करने का आरोप

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स की ग्लोबल अफेयर्स टीम ने इससे पहले दावा किया कि भारत सरकार ने 3 जुलाई को 2,355 एक्स अकाउंट्स ब्लॉक करने का आदेश दिया था। सरकार ने रॉयटर्स के अकाउंट को ब्लॉक करने का आदेश भारत के सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69 के तहत जारी किया था और इसका पालन न करने पर सजा का खतरा था। भारत सरकार ने बयान जारी कर कहा था कि हमने रॉयटर्स के एक्स हैंडल को ब्लॉक करने के संबंध में कोई आदेश नहीं दिया है। इसके बाद ही सरकार पर आरोप लगाए थे।

कांवड़ रूट पर शराब की दुकानें ढकी जाएंगी

# होटलों पर क्यूआर कोड लगवा रही योगी सरकार

**मेरठ,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। यूपी में कांवड़ यात्रा से पहले नेम प्लेट विवाद के बीच योगी सरकार होटल-ढाबों की जांच करा रही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की टीमों ने फूड सेफ्टी क्यूआर कोड स्टिकर लगाना अनिवार्य कर दिया है।

मंगलवार को मुजफ्फरनगर और लखनऊ में मंगलवार को अफसरों ने ढाबों और रेस्टोरेंट में स्टिकर लगाए। ये क्यूआर स्टिकर फूड सेफ्टी कनेक्ट ऐप से जुड़े हैं, जिसे स्कैन करने पर ढाबे का रजिस्ट्रेशन नंबर, मालिक का नाम, पता और मेन्यू की जानकारी मिल जाएगी। एफएसडीए स्वास्थ्य विभाग की विशेष सचिव और अपर आयुक्त रेखा एस चौहान ने कहा, सभी कांवड़ रूट्स पर विशेष अभियान शुरू किया गया है। हम सभी रेस्टोरेंट और खाने-पीने की ठेला गाड़ियों में 'सेफ्टी ऐप कनेक्ट' स्टिकर चिपका रहे हैं। रेस्टोरेंट मालिकों को अपने प्रोडक्ट्स की रेट लिस्ट लगाने का भी निर्देश दिया है। सभी रूट्स पर खाने-पीने की चीजों की चेकिंग की जा रही है। सफाई भी परखी जा रही है।



- एक लेन पर सिर्फ कांवड़िए चलेंगे
- 11 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू होगी

### पूरे रूट की ड्रोन से निगरानी होगी

पूरे कांवड़ रूट की ड्रोन से निगरानी होगी। ट्रैफिक पुलिस ने नया प्लान पेश किया है, जो 10 जुलाई की रात से लागू हो जाएगा। शहर में भारी वाहनों का प्रवेश नहीं होगा। शहर में एक लेन में कांवड़िए और दूसरी लेन में छोटे वाहन चलेंगे।

### मेरठ में 4 राज्यों के अफसरों ने की बैठक

यूपी में 11 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू होगी। यूपी, हरियाणा, दिल्ली से कांवड़िए हरिद्वार पहुंचेंगे। हरिद्वार और गोमुख से जल उठाएंगे। वहीं, 4 करोड़ कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर मेरठ के कमिश्नर ऑफिस में मंगलवार को 4 राज्यों यूपी, हरियाणा, दिल्ली और उत्तराखंड के अफसरों की बैठक हुई। इसमें यूपी डीजीपी राजीव कृष्ण और मुख्य सचिव मनोज सिंह मौजूद रहे। यूपी डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया- 11 जुलाई से पूरे कांवड़ रूट की शराब की दुकानों को ढका जाएगा। दुकानें खुलेंगी, लेकिन पर्दे से ढकी रहेंगी। पूरी कांवड़ यात्रा को 5 जोन में बांटा जा रहा है। जगह-जगह पर पुलिस वर्दी और सिविल ड्रेस में तैनात रहेगी। एक पॉइंट पर 20 पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। हर 5 किमी पर हेल्थ कैंप होगा। सड़क से हटकर शिविर लगाए जाएंगे। खोया-पाया शिविर भी रहेगा।

# ट्रंप ने 14 देशों पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की

**वाशिंगटन,** 8 जुलाई (एजेंसियां) वैश्विक व्यापार में तनाव बढ़ाने वाले नए कदम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बंगलादेश और म्यांमार सहित 14 देशों पर नए टैरिफ की घोषणा की है।

यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब व्हाइट हाउस द्वारा शुरू किए गए कुछ सबसे आक्रामक आयात करों पर 90-दिवसीय रोक इस सप्ताह समाप्त होने वाली थी।

श्री ट्रंप ने जिन 14 देशों के नेताओं को औपचारिक पत्र भेजे हैं उनमें सहयोगी और छोटे देश भी शामिल हैं । यह पत्र इस साल एक अगस्त को लागू होने वाले टैरिफ के बारे में हैं जो श्री ट्रंप की संरक्षणवादी नीतियों को दर्शाता है। पत्र में श्री ट्रंप ने जापान और दक्षिण कोरिया से आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की अपनी धमकी दोहराई और एक अगस्त से शुरू होने वाले संभावित शुल्कों के बारे में अन्य विश्व नेताओं को सूचित किया। श्री ट्रंप ने घोषणा की कि इसी तरह के पत्र 12 अन्य देशों के नेताओं को भेजे गए जिनमें मलेशिया, कजाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, म्यांमार, लाओस, ट्यूनीशिया, इंडोनेशिया, बंगलादेश, सर्बिया, बोस्निया और हर्जेगोविना, कंबोडिया, थाईलैंड शामिल हैं। उन्हें यह सूचना दी गई कि अगले महीने से उनपर 25 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक टैरिफ लगाए जाएंगे।



25 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक टैरिफ लगाए जाएंगे

### इजरायल ने नोबेल के लिए ट्रंप को किया नामित

वाशिंगटन। इजरायल सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। अमेरिका के दौरे पर पहुंचे इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने श्री ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए योग्य उम्मीदवार बताते हुए कहा कि उनको (श्री ट्रम्प) पुरस्कार मिलना चाहिए।

वित्त मंत्रालय ने किया स्पष्ट

# बैंकों को निष्क्रिय जन धन खातों को बंद करने का निर्देश नहीं दिया

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले वित्तीय सेवा विभाग ने स्पष्ट किया है कि उसने बैंकों को निष्क्रिय पड़े प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों को बंद करने के संबंध में कोई निर्देश नहीं दिया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक वक्तव्य जारी कर मीडिया में आयी उन खबरों का खंडन किया जिनमें बैंकों को निष्क्रिय पड़े प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों को बंद करने का निर्देश देने की बात कही गयी है। वित्तीय सेवा विभाग ने स्पष्ट किया है कि उसने बैंकों को इस तरह का निर्देश नहीं दिया है। वक्तव्य में कहा गया है कि विभाग ने एक जुलाई से पूरे देश में जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना खातों की संख्या बढाने के लिए तीन महीने का अभियान शुरू किया है। बैंक इस अभियान के दौरान सभी देय खातों का दोबारा 'केवाईसी' भी करेंगे। वित्तीय सेवा विभाग ने कहा है कि वह निष्क्रिय जन धन खातों की संख्या की निरंतर निगरानी करता है।




- जन धन खातों की कुल संख्या लगातार बढ़ रही

# विमान दुर्घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट विमानन मंत्रालय को सौंपी

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। वायुयान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अहमदाबाद में पिछले महीने दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान हादसे के बारे में अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट विमानन मंत्रालय को सौंप दी है। सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि यह रिपोर्ट प्रारंभिक जांच में मिली जानकारी पर आधारित है और मंत्रालय के साथ-साथ यह अन्य हितधारकों के साथ भी साझा की गई है। अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का यह विमान 12 जून को उडान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। दुर्घटना में 250 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। इनमें विमान में सवार चालक दल के सदस्यों सहित 241 लोग भी शामिल थे। विमान में सवार एक व्यक्ति सौभाग्य से सुरक्षित बच गया था।

12 जून को दुर्घटना में 250 से अधिक लोगों की मौत हुई थी

आरोप — *सेबी की नाक के नीचे हो रहे घोटाले-घपले : कांग्रेस*

# अमेरिकी कंपनी उड़ाकर ले गई करोड़ों रुपए

**नई दिल्ली, 8 जुलाई (देशबन्धु)। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार में प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) जैसी महत्वपूर्ण संस्था भी शिथिल पड़ गई है और उसकी नाक के नीचे हो रहे घोटालों से आम निवेशकों को जबरदस्त चूना लग रहा है लेकिन वह अपने दायित्वों का ठीक तरह से निर्वहन नहीं कर पा रही है। कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सेबी की नाक के नीचे एक बड़ा घोटाला हुआ है।**

घोटाला करने वाली कंपनी एक बार नहीं बार-बार घोटाले करती रही और देश के नागरिकों की गाढ़ी कमाई लेकर अपने देश भाग गई लेकिन सेबी ने समय रहते इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

### 48 हजार करोड़ से ज्यादा बाहर भेज दिए

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बताना चाहिए कि जो कंपनी बार-बार घोटाला करती रही है उसको लेकर सरकार की नींद क्यों नहीं खुली। कंपनी ने अवैध मुनाफे के 48 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा बाहर भेज दिए लेकिन सरकार की तरफ से उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह सबसे बड़ा सवाल है कि जब देश से पैसा बाहर जा रहा था तो कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई और जो पैसा बाहर गया है उसे वापस कैसे लाया जाएगा।

उन्होंने कहा, अल्गो ट्रेड ऑपरेटर अमेरिका की कंपनी है, जो कि भारत के शेयर बाजार और डेरिवेटिव मार्केट में एकसाथ ऑपरेट कर रही थी और जबरदस्त अवैध मुनाफा कमा रही थी। इसमें आम निवेशक के लाखों करोड़ रुपए डूब गए। ऐसा कई साल चला और आखिरकार बीती तीन जुलाई को सेबी ने एक अंतरिम आदेश निकाला, जिसमें जेन स्ट्रीट समेत उसकी चार सहयोगी कंपनियों को भारत में ट्रेड करने को रोका गया। फिर इस कंपनी के 4,844 करोड़ जब्त कर लिए गए। श्रीमती श्रीनेत ने कहा कि सेबी का अंतरिम आदेश जनवरी, 2023 से लेकर मार्च, 2025 के बीच मात्र 18 ट्रेडिंग सेशन की विवेचना करके इश्यू किया गया लेकिन स्ट्रीट ने अवैध मुनाफे में 44,000 करोड़ रुपए कमाए हैं।



- आम निवेशकों को लूटा गया, लेकिन सरकार की नींद नहीं खुली

# देश

**उवाच**

"हमें बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण से कोई समस्या नहीं है, लेकिन इसकी टाइमिंग गलत है। इतने कम समय में चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया में बहुत वोटर छूट जाएंगे, जो बिहार के बाहर रहते हैं, वे वोट नहीं दे पाएंगे।"

**-असदुद्दीन ओवैसी, एआईएमआईएम प्रमुख**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 28.0 |
| मुंबई | 30.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 28.0 |

# चंद्रशेखर की स्मृति में व्याख्यान श्रंखला व फेलोशिप होगी शुरू : जगदीप धनखड़

- उपराष्ट्रपति ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की पुण्यतिथि पर की श्रद्धांजलि अर्पित
- चंद्रशेखर को बताया भारत माता के महानतम सपूतों में से एक

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के संसद में 40 वर्ष से अधिक लंबे और अनुपम कार्यकाल की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए राज्यसभा सचिवालय उनकी स्मृति में व्याख्यान श्रंखला और फेलोशिप शुरू करेगा। धनखड़ ने मंगलवार को यहां पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की समाधि पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने चंद्रशेखर को 'भारत माता के महानतम सपूतों में से एक' बताते हुए कहा कि उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए कार्य किया और 'युवा तुर्क' के रूप में अंतर दलिय लोकतंत्र सुनिश्चित करने के लिए अपनी अलग पहचान बनाई। उप राष्ट्रपति ने कहा कि वो निर्भीक राजनेता थे। एक ऐसे राजनेता जो सच्चे मायनों में राजनेता जैसे कार्य करते थे। जब बात भारत की राष्ट्रीयता की आती थी, तो उन्होंने कभी भी अपनी व्यक्तिगत स्वतंत्रता या आराम की परवाह नहीं की। उन्होंने हमें हमेशा



लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्षधर थे पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर : जगदीप धनखड़

गर्वित किया। वो भारत की एकता के प्रतीक थे। वो हमेशा विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ खड़े रहे। वे हमारे लिए एक मज़बूत स्तंभ थे।

### चंद्रशेखर के राजनीतिक जीवन को किया याद

उपराष्ट्रपति ने चंद्रशेखर के राजनीतिक जीवन को याद करते हुए कहा कि उनका राजनीतिक जीवन अद्वितीय और अनुपम रहा है। वह 1962 से 1977 तक 15 वर्ष राज्यसभा के सदस्य रहे और इसके बाद 2007 में निधन तक, एक बार को छोड़कर, लगातार लोकसभा के सदस्य रहे। उन्होंने कहा कि भारत की एकता के लिए 'पदयात्रा' का समय चंद्रशेखर के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण काल रहा। उप राष्ट्रपति ने चंद्रशेखर की स्मृति में व्याख्यान श्रंखला शुरू करने की घोषणा करते हुए कहा, मुझे लोकसभा में उनके साथ सदस्य रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। ऐसे महान भारत पुत्र जो हमारी सभ्यतागत परंपराओं से निकली मूल्यों के प्रतीक थे उनकी स्मृति में व्याख्यान श्रंखला प्रारंभ करना सबसे उपयुक्त और सार्थक कार्य होगा। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सचिवालय इस दिशा में कदम उठाएगा।

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने चंद्रशेखर के साथ कार्य किया है और उन्हें निकटता से जाना है। ऐसे में उनके नेतृत्व में इस व्याख्यान श्रंखला के लिए समिति का गठन सबसे उचित होगा। उन्होंने कहा कि मैंने यह निर्णय बहुत सोच-समझकर लिया है और उन सभी सदस्यों से परामर्श किया है, जो चंद्रशेखर जी को निकट से जानते थे। सभी इस पर सहमत थे। हरिवंश जी इस दिशा में सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। उप राष्ट्रपति ने कहा कि हरिवंश उचित सुझाव देंगे ताकि हम उनकी स्मृति में एक फेलोशिप भी आरंभ करें। यह एकमुश्त फेलोशिप होगी, ताकि उनकी गतिविधियों और कार्यों का संकलन किया जा सके, और उसे पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जा सके। यह भी उसी समिति द्वारा समन्वित किया जाएगा जो व्याख्यान श्रंखला का संचालन करेगी।

### उपराष्ट्रपति ने पुराने दिनों को किया याद

लोकसभा में चंद्रशेखर के साथ कार्य करने के अनुभव को साझा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह समय है कि हमारे युवा 'यंग तुर्क' के बारे में जानें, उस नेता के बारे में जानें जो लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए लड़ने वाले थे। आपातकाल के समय जब वे सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेता थे, उन्हें जेल में डाला गया था। चंद्रशेखर ने कभी भी राष्ट्र के लिए कोई समझौता नहीं किया। वह सबसे कठिन समय में प्रधानमंत्री बने। मैं कई अनमोल क्षण साझा करता हूं। मैं बहुत कनिष्ठ था लेकिन मैंने उनकी रीढ़ की मजबूती को देखा जब उन्हें लगा कि उनके मूल्य समझौते की ओर जा रहे हैं उन्होंने एक पल की भी देरी नहीं की। उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। जो पुस्तक प्रकाशित होगी, उसमें मैं अपने व्यक्तिगत विचार भी साझा करूंगा कि कैसे उन दिनों के प्रभावशाली लोगों ने उन्हें लोकसभा में इस्तीफा देने से रोकने की गंभीर कोशिश की। मैं स्वयं उस दिन लोकसभा में बैठा था जब नेता जी ने सीधे राष्ट्रपति भवन जाकर अपना त्यागपत्र सौंप दिया। उप राष्ट्रपति ने कहा कि मौजदा परिस्थितियों में चंद्रशेखर के मूल्य और आदर्शों की देश को सबसे अधिक आवश्यकता है।

## बंगाल में एनआरसी थोप रही असम सरकार : ममता

**कोलकाता,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली असम सरकार पर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसे एक 'सुनियोजित राजनीतिक साजिश' करार दिया है। मुख्यमंत्री ने स्थिति को चिंताजनक बताते हुए सभी विपक्षी दलों से भाजपा की अलोकतांत्रिक, विभाजनकारी एवं दमनकारी नीति के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया है। यह विवाद पहली बार सोमवार को उस समय सामने आया जब तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद तथा प्रवासी श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष समीरुल इस्लाम ने सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को उठाया। इस्लाम ने आरोप लगाया कि कूचबिहार के दिनहाटा निवासी उत्तम कुमार ब्रजबासी को असम सरकार का एनआरसी नोटिस प्राप्त हुआ। इस्लाम ने जो दस्तावेज साझा किया उससे पता चलता है कि उस व्यक्ति का नाम 1966 से ही मतदाता सूची में है। उन्होंने सवाल किया कि जिस व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में 50 वर्ष से अधिक समय से है तो उसे एनआरसी प्रोटोकॉल के अंतर्गत अब कैसे निशाना बनाया जा सकता है। बनर्जी ने पोस्ट में कूचबिहार राजवंशी समुदाय के सदस्य उत्तम कुमार के खिलाफ हो रही प्रताड़ना पर चिंता व्यक्त की।



## मध्य प्रदेश में झूठे मुकदमों के खिलाफ कांग्रेस लड़ने को तैयार : उमंग सिंघार

**गुना,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा है कि कांग्रेस राज्य में झूठ के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। उन्होंने यह बात कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ अशोकनगर के मुंगावली थाने में दर्ज प्रकरण के बारे में कही। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता इस प्रकरण के खिलाफ सड़क पर उतरे है। अशोकनगर जाते वक्त नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि यह अन्याय के खिलाफ लड़ाई है, जब जब हमारा कार्यकर्ता अन्याय के खिलाफ आवाज उठाता है, तब भाजपा सत्ता का दुरुपयोग करती है और झूठे मामले दर्ज कर दिए जाते हैं।

कांग्रेस की यह अन्याय के खिलाफ लड़ाई है। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने राज्य की स्थिति को लेकर सवाल उठाए और कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव प्रदेश के अंदर लोकतंत्र से जीतकर सरकार बनाएं और लोकतांत्रिक व्यवस्था के हिसाब से रहें। अगर झूठे मुकदमे दर्ज कर इस प्रकार से लड़ना है तो कांग्रेस पार्टी लड़ाई के लिए तैयार है। दरअसल अशोकनगर जिले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर एक प्रकरण दर्ज किया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने एक व्यक्ति को बरगलाया और उससे झूठा बयान दिलाया। इस बयान में कहा गया था कि पीड़ित को मानव मल खिलाया गया और उसकी शिकायत पर प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। लेकिन, बाद में वही व्यक्ति पुलिस के पास पहुंचा और उसने शपथ पत्र देकर कहा कि पटवारी ने उससे प्रलोभन देकर यह बयान दिलाया है। पुलिस द्वारा दर्ज किए गए प्रकरण के खिलाफ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पटवारी अन्य नेताओं के साथ गिरफ्तारी दे रहे है। कांग्रेस के तमाम बड़े नेता अशोकनगर पहुंचे हैं और वे पटवारी के खिलाफ दर्ज किए गए मामले पर सरकार को घेर रहे है। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि राज्य में सरकार और प्रशासन के अधिकारी अपने अधिकारों का दुरुपयोग करने में लगे है।



- नेता प्रतिपक्ष राज्य की स्थिति को लेकर उठाए सवाल

## सार संक्षेप

### खरगे व राहुल ने राजशेखर रेड्डी को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख जगन मोहन रेड्डी के पिता एवं आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई एस राजशेखर रेड्डी को उनकी जयंती पर नमन करते हुए मंगलवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस.राजशेखर रेड्डी की जयंती पर हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। एक सच्चे दयालु नेता, जिन्होंने अपना पूरा जीवन राज्य की प्रगति और भलाई के लिए समर्पित कर दिया।

### डॉ. मोहन यादव ने की नड्डा से मुलाकात

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा समेत अन्य वरिष्ठ मंत्रियों से भेंट की। डॉ. यादव और खंडेलवाल ने नई दिल्ली में नड्डा से मुलाकात की। साथ ही डॉ. यादव एवं खंडेलवाल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने सूचना एवं प्रसारण और संसदीय मामलों के राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन से भी शिष्टाचार भेंट की। डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी से सौजन्य भेंट कर मध्यप्रदेश की प्रगति से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

### ट्रेन व वैन की भिड़ंत में तीन छात्रों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में रेलवे क्रॉसिंग पर मंगलवार को एक स्कूल वैन को तेज रफ्तार पैसेंजर ट्रेन ने टक्कर मार दी जिससे तीन छात्रों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। इस बीच इस बाबत गेटकीपर को गिरफ्तार कर लिया गया है और दक्षिणी रेलवे के अधिकारियों ने उसे सेवा से बर्खास्त करने के लिए कदम उठाए हैं। दक्षिण रेलवे ने मंगलवार सुबह बताया कि कुड्डालोर जिले के अलापक्कम गांव में दुर्घटना उस समय हुई जब चार छात्रों को ले जा रही एक स्कूल वैन ने कुड्डालोर व अलापक्कम स्टेशनों के बीच रेलवे लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 170 को पार करने का प्रयास किया। यह ट्रैक पर आ रही ट्रेन नंबर 56813 विल्लुपुरम-मयिलादुथुराई पैसेंजर ट्रेन) से टकरा गई।

### मनसे नेता अविनाश जादव को पुलिस ने हिरासत में लिया

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पुलिस ने भाषा विवाद को लेकर निर्धारित विरोध रैली से कुछ ही घंटे पहले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना नेता एवं ठाणे-पालघर के जिलाध्यक्ष अविनाश जादव को मंगलवार तड़के तीन बजे हिरासत में ले लिया। गौरतलब है कि मनसे कार्यकर्ताओं ने मराठी में बात करने से इनकार करने पर एक व्यापारी पर कथित तौर पर हमला किया था।

## भारत में रेस्पिरेटरी सिंसिशियल वायरस के प्रति जागरूकता और टीकाकरण की सख्त जरूरत

**गुरुग्राम** 8 जुलाई (एजेंसियां)। मेडिकल एक्सपर्ट्स के अनुसार छोटे बच्चों में तेजी से फैलने वाली एक गंभीर बीमारी- रेस्पिरेटरी सिंसिशियल वायरस पर ध्यान देने की सख्त जरूरत है। यह वायरस पाँच साल से छोटे बच्चों और नवजातों के सीने में इन्फेक्शन करता है, और छोटे बच्चों के यह फेफड़ों में संक्रमण का बड़ा कारण बनता है। आरएसवी को मौसमी सर्दी-खाँसी समझ कर लाख बच्चों को अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है और कई बच्चों की जान चली जाती है। चौंकाने वाली बात यह है कि आरएसवी का असर सिर्फ बीमार या कमजोर बच्चों पर नहीं होता, बल्कि कई बार बिल्कुल स्वस्थ और समय पर जन्मे बच्चों को भी ऑक्सीजन या वेंटिलेटर की जरूरत पड़ जाती है। इस पर बताते हुए भारतीय पीडियाट्रिक्स एकेडमी के मौजूदा नेशनल प्रेसिडेंट डॉ. वसंत एम. खलटकर ने कहा, आरएसवी आज भी छोटे बच्चों की सेहत के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। हाथ धोने जैसे सफाई के उपाय जरूरी हैं, लेकिन एक साल से छोटे बच्चों के लिए सिर्फ ये ही काफी नहीं होते। सैनोफी के इंटरनेशनल रीजन मेडिकल हेड डॉ. सीज़र मास्केरेनस ने कहा, हम लंबे समय से ऐसे वैज्ञानिक उपायों पर काम कर रहे हैं, जो समय के साथ बदलती अंतर्राष्ट्रीय सिफारिशों- खासकर डब्ल्यूएचओ जैसी संस्थाओं की गाइडलाइंस के अनुरूप हों, ताकि बचाव से जुड़ी जरूरी खामियों को दूर किया जा सके।




**बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश कैबिनेट का बड़ा फैसला**

# मूल निवासी महिलाओं को नौकरी में 35 फीसदी आरक्षण

- मंत्रिपरिषद की बैठक में 43 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**पटना,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई थी। मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 43 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। मंगलवार की कैबिनेट मीटिंग में सरकारी नौकरी में राज्य के बाहर की महिलाओं को आरक्षण नहीं देने का निर्णय लिया गया है। नीतीश कैबिनेट ने बड़ा फैसला लेते हुए बिहार के सभी सरकारी सेवाओं में सभी स्तर के एवं सभी प्रकार के पदों पर सीधी नियुक्ति में राज्य की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों को ही 35 फीसदी आरक्षण देने का निर्णय लिया गया है। इस तरह से सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। दरअसल, काफी दिनों से यह मांग उठ रही थी कि दूसरे राज्य के उम्मीदवारों को सरकारी नौकरी में आरक्षण का लाभ न दिया जाए। इसके बाद मंगलवार को सरकार ने निर्णय लिया है कि बिहार की महिलाओं को ही सरकारी नौकरी में 35 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा। मंगलवार की कैबिनेट बैठक में युवा आयोग के गठन की मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया है कि बिहार के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा सशक्त और सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय लिया है।

मंगलवार को कैबिनेट द्वारा बिहार युवा आयोग के गठन की मंजूरी भी दे दी गई है। समाज में युवाओं की स्थिति में सुधार और उत्थान से संबंधित सभी मामलों पर सरकार को सलाह देने में इस आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। युवाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकारी विभागों के साथ यह आयोग समन्वय भी करेगा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है बिहार युवा आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और सात सदस्य होंगे, जिनकी अधिकतम उम्र सीमा 45 वर्ष होगी। यह आयोग इस बात की निगरानी करेगा कि राज्य के स्थानीय युवाओं को राज्य के भीतर निजी क्षेत्र के रोजगारों में प्राथमिकता मिले, साथ ही राज्य के बाहर अध्ययन करने वाले और काम करने वाले युवाओं के हितों की भी रक्षा हो।



बिहार में युवा आयोग का किया जाएगा गठन : नीतीश कुमार

### पथ निर्माण विभाग की 13 योजनाओं को मिली मंजूरी



बिहार में सड़क और पुलों के विकास के लिए पथ निर्माण विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य कैबिनेट ने विभाग की 13 नई योजनाओं को मंजूरी दी है, जिन पर करीब 668 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके तहत राज्य के 11 जिलों में लगभग 110 किलोमीटर लंबी सड़कों का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही कई जगह पुल और पहुंच पथ भी बनाए जाएंगे, जिससे यातायात सुगम और सुरक्षित होगा। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विजन के मुताबिक राज्य के किसी भी हिस्से से राजधानी पटना तक अधिकतम साढ़े तीन घंटे में पहुंचने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है। मंत्री ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को सीधा लाभ होगा क्योंकि बाजार और जरूरी सेवाओं तक पहुंच पहले से आसान हो जाएगी। नई परियोजनाओं में समस्तीपुर जिले में मोहिउद्दीननगर से चकला तक करीब सात किलोमीटर सड़क का काम होगा, जिस पर 32 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च आएगा। मधेपुरा में चांदनी चौक से पस्तपार तक करीब 11 किलोमीटर सड़क बनेगी। बेतिया में बगहा से सेमरा तक 14 किलोमीटर लंबी सड़क और पुल का निर्माण होगा, जिससे वहां के बाजार और गांवों को जोड़ने में मदद मिलेगी।

## कई प्रमुख मुद्दों पर सार्वजनिक बहस से बच रहे केसीआर व केटीआर : बालमूर वेंकट




- केसीआर की चुप्पी व विधानसभा से अनुपस्थिति पर उठाए सवाल

**हैदराबाद,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। तेलंगाना कांग्रेस के विधायक बालमूर वेंकट ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख के चंद्रशेखर राव (केसीआर) और उनके बेटे के टी रामा राव (केटीआर) पर तीखा हमला करते हुए उन पर बानाकाचर्ला परियोजना में कथित अनियमितताओं सहित कई प्रमुख मुद्दों पर सार्वजनिक जवाबदेही और विधानसभा बहस से बचने का आरोप लगाया है। सीएलपी मीडिया हॉल में एक कार्यक्रम में वेंकट ने केसीआर की चुप्पी और विधानसभा से अनुपस्थिति पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा, अस्पताल में रहते हुए भी उनके पास चर्चा करने का समय था लेकिन अब वह विधानसभा में बोलने से क्यों डर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केसीआर को बानाकाचार्ला लिफ्ट सिंचाई परियोजना में कथित धोखाधड़ी पर सदन की बहस में शामिल होने की खुली चुनौती दी थी। वेंकट ने कहा अगर केसीआर वाकई चर्चा करना चाहते हैं तो उन्हें अध्यक्ष को लिखना चाहिए। उन्होंने बताया कि सत्ता में रहने के दौरान केसीआर तक पहुंचना संभव नहीं था और अब विपक्ष के नेता के तौर पर भी वे गायब हैं।

उन्होंने कहा फार्महाउस में खामोशी की चादर ओढ़कर सोना अपराध स्वीकार करने के अलावा और कुछ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि केसीआर ने अपने 10 साल के शासन के दौरान तेलंगाना को धोखा दिया जबकि केटीआर विपक्षी नेता के रूप में जिम्मेदारी लेने के बजाय सोशल मीडिया पर आत्म-प्रचार में लगे हुए हैं।

### राजनीतिक शून्य को भरने की कोशिश कर रहे केटीआर

वेंकट ने केटीआर पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह अपने पिता की अनुपस्थिति से पैदा हुए राजनीतिक शून्य को भरने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप तभी सामने आते हैं और बोलते हैं जब आपके पिता कुछ कहते हैं। अगर आपमें हिम्मत है तो अपने पिता से कहें कि वह विधानसभा में आएं और उन लोगों के लिए बोलें जिन्होंने उन्हें चुना है।

## देश को अब ईमानदार नेतृत्व की ज़रूरत : डॉ. पॉल

**नई दिल्ली** 8 जुलाई (एजेंसियां)। प्रजा शांति पार्टी (पीएसपी) के अध्यक्ष और ग्लोबल पीस एंबेसडर डॉ. के.ए. पॉल ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित आंध्र भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में आंध्र प्रदेश के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) थियोफिलस मोंटी और अंतरराष्ट्रीय उद्यमी च. वेंकटेश के पार्टी में शामिल होने की औपचारिक घोषणा की। थियोफिलस मोंटी ने एक दिन पहले आंध्र प्रदेश पुलिस महानिदेशक से मुलाकात के बाद अपनी सेवा से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने बताया कि प्रजा शांति पार्टी की समावेशी सोच और सेवा-भाव ने उन्हें राजनीति में आने के लिए प्रेरित किया। वहीं च. वेंकटेश, जो वैश्विक स्तर पर सरकारों को आर्थिक मामलों में सलाह दे चुके हैं, पार्टी की आर्थिक रणनीति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। डॉ. पाल ने कहा कि देश का अब ईमानदार नेतृत्व की जरूरी है। डॉ. पॉल ने आंध्र प्रदेश में भाजपा की हालिया नियुक्तियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिना आंतरिक चुनाव के दो उच्च जाति के नेताओं को प्रमुख पद सौंपना पार्टी के 'पिछड़ा वर्ग समर्थक' दावे के विपरीत है।



## पूर्णिया में पांच लोगों की हत्या करने पर हो कार्रवाई : भाकपा

**पटना,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने अंधविश्वास के नाम पर पूर्णिया में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या करने की तीखी निंदा करते हुए इस तरह की जघन्य अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा पीड़ित परिवार को 50-50 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है। पांडेय ने मंगलवार को कहा कि पूर्णिया के रानीपतरा टेटगामा गांव में एक आदिवासी परिवार के तीन महिला सहित पांच लोगों को डायन के नाम पर जिंदा जला दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बर्बर घटना के लिए नीतीश सरकार और पुलिस प्रशाशन जिम्मेदार है। इस तरह की घटना संपूर्ण मानवता को शर्मशार करती है। दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और मामले की त्वरित सुनवाई की जाए। नीतीश सरकार में अपराध बढ़ा है और अपराधियों का मनोबल चरम पर है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में अपराध की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। पूरे बिहार में अराजकता का माहौल है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। हाल ही में राजधानी पटना में उद्योगपति की हत्या कर दी गई वहीं सीवान में तीन लोगों की हत्या कर दी गई। पिछले दिनों बक्सर में नरसंहार में तीन लोगों की मौत हो गई। भोजपुर में तीन लोगों की हत्या कर दी गई। भाकपा नौ जुलाई के बिहार में चक्का जाम के दौरान में भी बढ़ते अपराध का मुद्दा उठाएगी।



- पीड़ित परिवार को की 50-50 लाख मुआवजा देने की मांग

**कवायद** जम्मू-कश्मीर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को मिलेगी और धार

# पचास अत्याधुनिक डीप सर्च माइन एंड मेटल डिटेक्टर खरीदेगी पुलिस


**जम्मू,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। वर्ष 2019 को 5 अगस्त को जम्मू-कश्मीर का बंटवारा कर उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद न जाने कितनी बार आतंकवाद का समूल नाश किए जाने के दावे किए जा चुके हैं। पर ऐसा हुआ है लगता नहीं है। यह इससे भी स्पष्ट होता था कि कश्मीर पुलिस ने आतंकवाद से निपटने के लिए 50 अत्याधुनिक डीप सर्च माइन और मेटल डिटेक्टर खरीदने का फैसला किया है।

पहले ही वह कई नए बुलेफ प्रूफ वाहनों के लिए टेंडर निकाल चुकी है। यह सच है कि आतंकवाद विरोधी अभियानों को बढ़ाने के लिए एक बड़े कदम के रूप में, जम्मू-कश्मीर पुलिस 50 अत्याधुनिक डीप सर्च माइन और मेटल डिटेक्टर खरीदने जा रही है, जिन्हें गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित तकनीकी विनिर्देशों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

आधिकारिक निविदा सूचना के अनुसार, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस और अन्य छिपे हुए खतरों का पता लगाने में सुधार लाने के उद्देश्य से, बोली संख्या जेकेपी/2025/बी/6395277 के माध्यम से खरीद शुरू की गई है। यह उपकरण क्यू-3 के रूप में चिह्नित योग्यता आवश्यकताओं और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के महानिदेशालय द्वारा अंतिम रूप दिए गए विनिर्देशों के अनुरूप होंगे, जिन्हें 2018 में एमएचए द्वारा अनुमोदित किया गया था। इस प्रक्रिया की देखरेख पुलिस अधीक्षक, प्रभारी पुलिस सेंट्रल स्टोर, सशस्त्र पुलिस परिसर, जेवान, श्रीनगर द्वारा की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की कि ये डिटेक्टर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), छिपे हुए आयुध और धातु आधारित खतरों का सुरक्षित पता लगाने के लिए महत्वपूर्ण उपकरण हैं, खासकर घाटी में संवेदनशील और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में। जम्मू और कश्मीर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्नत डीप सर्च माइन और मेटल डिटेक्टरों का उपयोग महत्वपूर्ण है। यह उपकरण सड़कों को सुरक्षित करने, तलाशी अभियानों के दौरान छिपे हुए खतरों का पता लगाने और सुरक्षा कर्मियों और नागरिकों दोनों की सुरक्षा करने की हमारी पुलिस की क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएंगे।

उन्होंने बताया कि डीएसएमडी से जमीन में पैठ बढ़ाने की क्षमता बढ़ेगी, जो राजौरी और पुंछ में एलओसी के जंगलों और सीमावर्ती क्षेत्रों में माइन का पता लगाने के लिए महत्वपूर्ण है। अधिकारी ने बताया कि चयनित उत्पाद को एनएसजी द्वारा तैयार और गृह मंत्रालय द्वारा अनुमोदित तकनीकी दस्तावेज के अनुरूप होना चाहिए, ताकि क्षेत्र की स्थितियों में अंतर-संचालन और विश्वसनीयता सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा कि एक बार खरीद लिए जाने के बाद, डिटेक्टरों को उच्च-खतरे वाले जिलों में वितरित किया जाएगा और जम्मू-कश्मीर पुलिस के प्रशिक्षित बम निरोधक दस्तों (बीडीएस) और त्वरित प्रतिक्रिया टीमों के साथ तैनात किया जाएगा। पुलिस अधिकारी बताते थे कि हमारा ध्यान निवारक कार्रवाई पर है।



- पहले ही कई नए बुलेफ प्रूफ वाहनों के लिए कश्मीर पुलिस निकाल चुकी है टेंडर

**उल्टा पुल्टा**

एक खूबसूरत लड़की बस स्टैंड पर खड़ी थी...
एक नौजवान बोला : चांद तो रात में निकलता हैं, आज दिन में कैसे निकल आया ?
लड़की बोली : अरे उल्लू तो रात को बोलता था, आज दिन में कैसे बोल रहा है।

# छोटे-जरूरी कार्यों को करोड़ों रुपए का फंड मंजूर : रेखा गुप्ता

## दिल्ली केबिनेट में एकीकृत जिला परियोजना फंड व जिला परियोजना फंड योजनाओं को हरी झंडी

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार ने अपने बजट की एक और घोषणा को आज पूरा कर दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में बुलाई गई आज केबिनेट की बैठक में एकीकृत जिला परियोजना निधि/जिला परियोजना निधि इंटीग्रेटेड डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट फंड/डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट फंड को स्वीकृति प्रदान की है। इस निधि से सभी सरकारी जिलों में छोटे लेकिन जरूरी विकास कार्यों को बिना किसी बाधा से पूरा किया जा सकेगा। इन योजनाओं के लिए 53 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री का कहना है कि यह पहल परफॉर्म, रिफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के स्मार्ट सुशासन मंत्र पर आधारित है। हमारी सरकार सिस्टम का विकेंद्रीकरण करना चाहती है, ताकि हर स्तर पर विकास योजनाओं को तेजी से पूरा किया जा सके।

**रेखा सरकार ने बजट का एक और वादा किया पूरा**

कैबिनेट की इस बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अलावा अन्य कैबिनेट मंत्री, मुख्य सचिव और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस योजना की जानकारी देते हुए बताया कि यह योजनाएं दिल्ली के जमीनी स्तर पर विकास को गति देंगी और लोगों को बुनियादी सुविधाएं जल्द और प्रभावी रूप से उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इस योजना का उद्देश्य ऐसी विकास परियोजनाओं के लिए फंड उपलब्ध कराना है जो बुनियादी ढांचे, सामुदायिक सुविधाओं और सामाजिक कल्याण पर केंद्रित हों। इस फंड से सड़कों, स्कूलों, डिस्पेंसरियों, सामुदायिक केंद्रों आदि जैसी विभिन्न परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य स्थानीय आवश्यकताओं की पहचान करना, परियोजनाओं की योजना बनाना तथा जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के लिए संसाधनों का आबंटन करना है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि इस योजना का लक्ष्य दिल्ली के सभी 11 सरकारी जिलों में तात्कालिक प्रकृति के छोटे विकास कार्यों को पूरा करना है। सभी आवश्यक विकास कार्यों को पीडब्ल्यूडी, सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण विभाग, दिल्ली नगर निगम आदि के माध्यम से कराया जाएगा। यह योजना संबंधित क्षेत्रों में रहने वाले सभी लोगों के लाभ के लिए बनाई गई है।



**सरकार चाहती है कि जिला स्तर पर ही छोटे कार्य पूरे हो जाएं : रेखा गुप्ता**

जिलों में जो कार्य करवाए जाएंगे उनमें बुनियादी ढांचा (इन्फ्रास्ट्रक्चर) सड़कों, पुलों तथा अन्य संरचनाओं जैसे राजस्व जिलों के कार्यालयों की मरम्मत से जुड़े छोटे कार्य।

### हर जिले को तीन करोड़ रुपए दिए जाएंगे

मुख्यमंत्री के अनुसार यह योजना पूर्णतः दिल्ली सरकार द्वारा वित्तपोषित है। दिल्ली सरकार ने दोनों योजनाओं के लिए कुल 53 करोड़ रुपए की राशि आबंटित की है। इस राशि में से 20 करोड़ रुपए इंटीग्रेटेड डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट फंड के लिए तथा 33 करोड़ रुपए डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट फंड के लिए विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए निर्धारित किए गए हैं। इस हिसाब से हर जिले को 3 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इस योजना का संचालन प्रोजेक्ट अप्रूवल कमेटी द्वारा किया जाएगा। इस समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी डीएम होंगे और सदस्य सचिव अतिरिक्त जिलाधिकारी एडीएम होंगे। समिति में एसडीएम मुख्यालय, बीडीओ, वरिष्ठतम लेखा अधिकारी तथा लाभार्थी विभाग का प्रतिनिधि सदस्य होंगे। इसका लाभ यह होगा कि छोटे लेकिन जरूरी कार्यों में पूरी तरह से पारदर्शिता होगी और वे तेजी से पूरे हो पाएंगे। मुख्यमंत्री के अनुसार इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य है कि जिला अधिकारी अपने स्तर पर ही छोटे व जरूरी विकास कार्य तुरंत करवा सकेंगे। उन्होंने इसके लिए किसी से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी।

# सेंट्रल जोन में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की हरी झंडी

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी आईवीपी की मांग पर दिल्ली के मेयर एवं दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति अध्यक्ष ने सेंट्रल जोन में बिगड़ी हुई सफाई व्यवस्था को ठीक करने के लिए हरी झंडी दे दी है। आईवीपी के नेता एवं वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल एवं हेमचंद गोयल ने बताया कि उन्होंने सोमवार को मेयर राजा इकबाल सिंह एवं स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा से मिलकर सेंट्रल जोन में सफाई व्यवस्था का कार्य तुरंत किसी ऐजेंसी को दिए जाने की मांग की थी। तत्पश्चात उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर निगम के अधिकारियों की बैठक बुलाकर सेंट्रल जोन में लगातार बिगड़ती जा रही सफाई व्यवस्था को सुचारू करने के लिए जरूरी आदेश जारी कर दिये हैं। गौरतलब है कि आईवीपी के निगम पार्षद हेमचंद गोयल ने बीते शुक्रवार को संपन्न हुई सेंट्रल जोन की बैठक में भी लगातार ध्वस्त होती जा रही सफाई व्यवस्था के मुद्दे को जोर शोर से उठाया था। दोनों नेताओं ने कहा कि सेंट्रल जोन में ठप हुई सफाई व्यवस्था और कांट्रेक्ट रद्द होने के लिए पूर्व में निगम की सत्ता में रही आम आदमी पार्टी जिम्मेदार है। यदि समय रहते इस पर ध्यान दिया जाता तो आम लोगों को परेशानी नहीं होती।



■ मुकेश गोयल ने की थी मेयर एवं स्थायी समिति अध्यक्ष से मुलाकात

## सार संक्षेप

### टाटा मोटर्स ने लॉन्च किया चार पहिया मिनी-ट्रक




**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स, भारत के सबसे बड़े कमर्शियल वाहन निर्माता, ने ऑल-न्यू टाटा ऐस प्रो लॉन्च करके छोटे कार्गो परिवहन में एक नए युग की शुरुआत की है। टाटा ऐस प्रो केवल रुपए 3.99 लाख रुपए की शुरुआती कीमत में लॉन्च किया गया है और भारत का सबसे सस्ता फोर-व्हील मिनी ट्रक है। यह शानदार दक्षता, लचीलापन और बेहतरीन मूल्य देता है। नए उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया, टाटा ऐस प्रो पेट्रोल, बाय-फ्यूल सीएनजी और पेट्रोल और इलेक्ट्रिक वैरिएंट में उपलब्ध है। ग्राहक उनकी व्यावसायिक जरूरतों के मुताबिक अपनी पसंद का वैरिएंट चुन सकते हैं। ऐस प्रो को लॉन्च करते हुए, टाटा मोटर्स के एक्जीक्यूटिव ऑफीसर गिरीश वाघ ने कहा कि टाटा ऐस ने भारत में कार्गो परिवहन को बदल दिया था। पिछले 20 सालों में, इसने 25 लाख से ज्यादा उद्यमियों को सशक्त किया है। यह प्रगति एवं संभावना का प्रतीक बन चुका है।

### केआरबीएल ने लॉन्च किए हेल्दी कुकिंग ऑयल्स

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी चावल कंपनी और विश्व के नंबर-1 बासमती चावल ब्रांड इंडिया गेट की निर्माता केआरबीएल लिमिटेड ने अब स्वास्थ्य-केंद्रित (हेल्थ-फोकस्ड) एफएमसीजी सेगमेंट में भी दस्तक दे दी है। कंपनी ने इंडिया गेट अपलाइफ नाम से नया ब्रांड लॉन्च किया है, जो उपभोक्ताओं को सेहतमंद खाने की आदतों की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इंडिया गेट अपलाइफ पोर्टफोलियो के तहत पेश की गई डेब्यू रेंज में दो ब्लेंडेड खाद्य तेल शामिल हैं। वेट मैनेजमेंट वैरिएंट 'लाइट' है। ये तेल पाचन को बेहतर बनाने और कम कैलोरी वाले खाने के लिए बनाए गए हैं, साथ ही ये कुकिंग ऑयल भारतीय खाना पकाने के स्वाद और अपनेपन को भी बरकरार रखते हैं।

# भव्य इमारतें व ऐशो आराम की सुविधाएं जुटाने में जुटी हुई है भाजपा : देवेन्द्र यादव

## भाजपा के नए जिला कार्यालयों पर कांग्रेस ने कसा तंज

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली भाजपा पर एक बार फिर करारा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा नेताओं के ऐशो-आराम का यह दौर 'शौचमहल' और 'फूलकुमारी निवास' के बाद अब 'मोदीमहल' तक पहुंच चुका है। देवेन्द्र यादव ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा द्वारा महरौली, बाहरी और पश्चिमी दिल्ली में तीन नए जिला कार्यालयों के डिजिटल उद्घाटन पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि जहां दिल्ली की जनता मूलभूत सुविधाओं, स्कूल, अस्पताल, सड़क, फ्लाई ओवर की प्रतीक्षा में है, वहीं भाजपा नेताओं को केवल अपनी भव्य इमारतें और ऐशो आराम की सुविधाएं जुटाने में जुटी हुई है। उन्होंने जिला कार्यालयों को 'मोदीमहल' बताते हुए सवाल उठाया कि इन आलीशान दफ्तरों के लिए पैसा कहां से आया। देवेन्द्र यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 'शीशमहल' बनाकर दिल्ली में शाही संस्कृति की नींव रखी, जिस पर चलकर भाजपा नेता भी आक्रामकता से आगे बढ़ा रहे हैं। एक ओर दिल्ली जलभराव, बिजली-पानी संकट और यमुना में जहरीले झाग से जूझ रही है, वहीं भाजपा नेता खुद के लिए वातानुकूलित महल बनाने में व्यस्त हैं, जबकि भाजपा दिल्ली से झुग्गी झौपड़ियों, प्रवासियों को उजाड़ने का काम कर रही है। 9 शामनाथ मार्ग जो कि पूर्व में स्पीकर का आवास था जिसको आज भी दिल्ली की वेबसाईट पर वर्तमान स्पीकर का निवास दर्शाया जा रहा है। यदि वह वर्तमान में स्पीकर का निवास नही है तो किसके लिए तैयार किया जा रहा है। इस पर देवेन्द्र यादव ने सवाल उठाया था।



यादव ने मांग की कि जनता के पैसों की फिजूलखर्ची पर विधानसभा में खुली बहस होनी चाहिए। देवेन्द्र यादव ने भाजपा अध्यक्ष द्वारा 150 दिनों में तीन ज़िला कार्यालयों के लोकार्पण को 'शाही लूट की बेशर्म बानगी' बताया और कहा कि यह दर्शाता है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को भी इस लूट पर कोई ऐतराज़ नहीं है। देवेन्द्र यादव ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को जैड श्रेणी की सुरक्षा दिये जाने को 'महापाप' कहा था।



■ नई दिल्ली में आईटीओ पर चल रहे जल निकासी कार्यों का निरीक्षण करते उपराज्यपाल वीके सक्सेना। साथ में हैं मंत्री परवेश साहिब सिंह व अन्य अधिकारी। छाया : इम्तियाज खान।

# डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर किया गया नाट्य मंचन

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा ने जनसंघ के संस्थापक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर आधारित एक नाट्य राष्ट्रवाद के आदिपुरुष की प्रथम प्रस्तुति मंगलवार को नई दिल्ली के कामानी ओडिटोरियम में रखी जिसे कार्यकर्ताओं के साथ देखने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी पहुंचे।

प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को पुष्प गुच्छ एवं समृती चिन्ह देकर स्वागत किया। नड्डा ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों को सरलता एक नाट्य के रूप में प्रस्तुत करने के लिए दिल्ली भाजपा की सराहना की। प्रदेश पदधिकारियों ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का मंच पर अभिनंदन किया। अन्य गणमान्य दर्शकों में प्रमुख थे केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, दिल्ली सरकार में मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, आशीष सूद, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, बांसुरी स्वराज के आलावा वरिष्ठ नेता विनय सहस्त्रबुदधे एवं श्याम जाजू, अनेक विधायक, पार्षद एवं प्रदेश पदाधिकारी आदि प्रमुख थे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन की कल्पना की और आज नाट्य करवा कर एक नई प्रेरक रचनात्मक प्रस्तुति कार्यकर्ताओं के समक्ष रखी। वीरेन्द्र सचदेवा ने नाट्य मंचन से पूर्व गणमान्य अतिथियों, उपस्थित पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रति अपने स्वागत सम्बोधन में बताया की इस नाटय के निर्माण के पीछे हमारा भाव था सरल भाषा में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, उनकी राष्ट्रवाद की कल्पना, शिक्षा, राजनीतिक कार्यों एवं कश्मीर के प्रति समर्पण को जनता के समक्ष रखना।



**राष्ट्रवाद के आदिपुरुष की प्रथम प्रस्तुति रहा नाटक का विषय**

### नाट्य राष्ट्रवाद का आदिपुरुष का चित्रण अनूठी शुरुआत : रेखा

नाट्य मंच से दिल्ली की मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता ने कहा की आज हमने डा. मुखर्जी के जीवन पर आधारित नाट्य राष्ट्रवाद का आदिपुरुष का चित्रण कर एक अनूठी शुरुआत की है और हम डा. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों को दिल्ली के जन जन तक लेकर जाएंगे। रेखा गुप्ता ने कहा डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचार हों या कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए बलिदान हो यह आगे आने वाली सदियों तक भारतवासियों को प्रेरणा देते रहेंगे।

# साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज टीम में चुनी गईं चाक्षिता

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। दिल्ली प्रीमियर लीग सीजन 2 के विमेंस मेगा ऑक्शन के दूसरे दिन टीमों ने कई दमदार फैसले लिए और स्मार्ट रणनीतियाँ अपनाईं, ताकि आने वाला सीजन रोमांचक बनाया जा सके। सभी खिलाड़ियों की खरीद में सबसे ज्यादा ध्यान 12 साल की चाक्षिता ने खींचा, जो दिल्ली क्रिकेट सर्किट से आती हैं। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने उन्हें अपनी टीम में शामिल किया है और अब चाक्षिता इस सीजन डीपीएल टी-20 में साउथ दिल्ली की ओर से डेब्यू करेंगी। श्वेता सहरावत को फिर से कप्तान बनाए रखना टीम के इरादों को साफ दर्शाता है। वह एक दमदार ओपनर और भरोसेमंद लीडर हैं, जो पहले सीजन के शानदार अनुभव और आत्मविश्वास के साथ एक बार फिर टीम की कमान संभालेंगी। वहीं, 12 साल की चाक्षिता को खरीदना यह दिखाता है कि फ्रेंचाइज़ी भविष्य में निवेश करना चाहती है और अनुभव व युवा खिलाड़ियों के बीच अच्छा संतुलन बनाना चाहती है। साउथ दिल्ली की मुख्य रणनीति टीम में निरंतरता, तालमेल और मज़बूत करैक्टर पर रही। टीम ने ऐसे खिलाड़ियों को तरजीह दी जो दबाव में भी शांत रह सकें और जीत की भूख के साथ मैदान में उतरें।




# संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

## पार्टी व कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से हुई चर्चा

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने की कवायद के अंतर्गत मंगलवार को पटपड़गंज जिला, नजफगढ़ जिला और चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटियों में प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया, जिसमें जिला अध्यक्ष, लोकसभा और जिला आर्ब्जवर, ब्लाक अध्यक्ष, जिला पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। सर्वप्रथम पटपड़गंज जिला कांग्रेस कमेटी में ध्वजारोहण हुआ और ज्योति प्रज्वलित करने के बाद प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत की गई। तीनों जिलों में अ.भा.क.कमेटी के सहयोग से आयोजित प्रशिक्षण शिविर तीन सेशन में हुआ। प्रशिक्षण शिविरों में कांग्रेस का विजन, कांग्रेस के स्वर्णिम इतिहास, बूथ, मंडलम, ब्लॉक अध्यक्ष, जिला पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों और चुनाव के समय पार्टी और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों और कार्यशैली पर वर्कशॉप में विस्तार से चर्चा की हुई और जिला पदाधिकारियों को आने वाले समय में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए काम करने के लिए तैयार रहने के लिए निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण शिविरों में अ.भा.क.कमेटी के सचिव प्रभारी सुखविन्दर सिंह डैनी और दानिश अबरार, पूर्व मंत्री हारुन यूसूफ और डा. नरेन्द्र नाथ, जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार एडवोकेट, सतबीर शर्मा, मिर्जा जावेद अली, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक आसिफ मौहम्मद खान और कुंवर करण सिंह, पूर्व मेयर फरहाद सूरी, लोकसभा आर्ब्जवर, कमलकांत शर्मा, रोहित चौधरी, सीपी मित्तल, जगजीवन शर्मा, तस्वीर सौलंकी आदि मौजूद रहे।



■ विभिन्न मुद्दों पर जारी पार्टी के संघर्ष के लिए एकजुट होने के दिए दिशा-निर्देश

**उत्तर रेलवे**
निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-14-T-2025-26-E3 शकूरबस्ती स्थित अखाड़े में शयनगृह के निर्माण से संबंधित विद्युत कार्य एवं अन्य संबद्ध कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु.1801772.00 |
| कार्यालय का पता | वरि. मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 36000.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 29.07.2025, 12:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 29.07.2025 12:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

2045/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
निविदा सूचना
(ई-टेंडरिंग द्वारा)

**कार्य का नाम तथा स्थान:** दिल्ली डिवीज़न के DLI-RE सेक्शन पर बाउंड्री वॉल, एंटी क्रैश बैरियर और एलएचएस (LHS) के प्रावधान के दौरान एस एंड टी assets को स्थानांतरित करने से संबंधित एस एंड टी कार्य।

**कार्य की अनुमानित लागत (₹):** Rs. 3,97,04,714.90/-

**धरोहर राशि (₹):** Rs. 3,48,500.00/-

**कार्यालय का पता:** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055

**निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय:** निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय **07.07.2025/** निविदा खुलने का दिनांक **29.07.2025 15:00** बजे तक

**वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** उत्तर रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055

**संख्या: 558-Sig-16-M-TENDER-1448 दिनांक: 07.07.2025** 2046/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**दी ग्राम शिक्षा प्रसारिणी सभा**
पारसौल, जिला-गौतमबुद्ध नगर

पत्रांक/चुनाव क्रार्यक्रम/544/2025-26 दिनांक 07/07/2025

**एजेण्डा**

दी ग्राम शिक्षा प्रसारिणी सभा पारसौल जिला गौतमबुद्धनगर के साधारण सभा के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि सोसायटी की प्रबन्ध समिति का चुनाव निम्न कार्यक्रम के अनुसार किसान इण्टर कॉलेज पारसौल में सम्पन्न होना प्रस्तावित है।

**चुनाव कार्यक्रम**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | साधारण सभा की सूची का प्रकाशन | 25/07/2025 प्रात : 8:00 से 12:00 बजे तक |
| 2 | साधारण सभा के सदस्यों की सूची पर आपत्ति दाखिल करना | 26/07/2025 प्रात : 8:00 से 12:00 बजे तक |
| 3 | आपत्ति निस्तारण | 27/07/2025 प्रात : 8:00 से 12:00 बजे तक |
| 4 | संशोधित सूची का प्रकाशन | 28/07/2025 प्रात : 8:00 से 12:00 बजे तक |
| 5 | नामांकन पत्र भरना | 29/07/2025 प्रात : 8:00 से 12:00 बजे तक |
| 6 | नामांकन पत्रों की जांच | 30/07/2025 प्रात : 8:00 से 12:00 बजे तक |
| 7 | नामांकन पत्रों की नाम वापसी | 01/08/2025 प्रात : 8:00 से 12:00 बजे तक |
| 8 | चुनाव चिन्हों का आवंटन | 02/08/2025 प्रात : 8:00 से 12:00 बजे तक |
| 9 | मतदान | 12/08/2025 प्रात : 8:00 से 12:00 बजे तक |
| 10 | मतगणना एवं परिणाम की घोषणा | 12/08/2025 प्रात : 02:00 से 04:00 बजे तक |
| 11 | पदाधिकारियों का निर्वाचन व चुनाव परिणाम की घोषणा | 12/08/2025 प्रात : 04:00 से 05:00 बजे तक |

नोटः । निर्वाचन के समस्त कार्यक्रम किसान इण्टर कॉलेज पारसौल गौतमबुद्धनगर के प्रांगण में संपन्न होंगे यदि आवश्यक हुआ तो मतदान गुप्त प्रणाली के द्वारा 11 सदस्यों का चुनाव किया जाएगा। निर्वाचित सदस्य अपने में से सभापति, उपसभापति, मंत्री, उपमंत्री, कोषाध्यक्ष व ऑडिटर का चुनाव करेंगे।
2. सभी सदस्यों को नामांकन एवं मतदान के समय अपना आधार कार्ड एवं पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगां

चुनाव अधिकारी
दी ग्राम शिक्षा प्रसारिणी सभा
पारसौल - गौतमबुद्धनगर

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

गाजियाबाद नोडल अधिकारी ग्रीन गाजियाबाद मुहिम को और अधिक वृहद बनाने के लिए अधिकारियों से बैठक की गई जिसमें गाजियाबाद जिला स्तरीय समस्त अधिकारी उपस्थित रहे, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पूर्व में किए गए पौधारोपण से घने वृक्ष बन चुके हैं जो की प्रशंसनीय है इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए अन्य अधिकारी गण भी अपने-अपने स्तर से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन करें तथा पौधों को वृक्ष बनने के बाद भी उनका संरक्षण कायम रखा जाए: **विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त गाजियाबाद।**

# नोएडा सिटी बस कंपनी का जल्द तय होगा नाम

- **शासन को भेजे गए तीन नाम, चलनी है 500 बसें**
- **एसपीवी में 4 डायरेक्टर होंगे शामिल**

**नोएडा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। नोएडा, ग्रेटरनोएडा और यमुना क्षेत्र में 500 सिटी ई बस चलनी है। इसके लिए स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) का गठन किया जा रहा है। यानी एक कंपनी का निर्माण किया जा रहा है। इस कंपनी का नाम क्या होगा। इसके लिए तीन नाम शासन को भेजे गए है। जिसमें पहला एनजीवाई अर्बन मोबिलिटी सर्विस, जीबीएन इजी राइट सर्विस और जीबीएन ग्रीन ट्रांसपोर्ट है। प्राधिकरण ने कहा कि हमारी प्राथमिकता जीबीएन ग्रीन ट्रांसपोर्ट ही है। बहरहाल अंतिम फैसला शासन तय करेगा। इसके लिए गठित की जाने वाली एसपीवी में नोएडा ट्रैफिक सेल (एनटीसी) के अलावा तीनों प्राधिकरण के सीईओ डायरेक्टर और सात सब्सक्राइबर होंगे। सात सब्सक्राइबर में तीनों प्राधिकरण के एक-एक एसीईओ को शामिल किया जाएगा। इसके अलावा एक एफसी भी होंगे। एक बार एसपीवी का गठन होने के बाद पहली बोर्ड में बाकी स्टॉफ की नियुक्ति की जाएगी। जिसके बाद शहर में 500 ई बसों का संचालन होगा।

## सलाहकार कंपनी करेगी बस स्टैंड सर्वे

इस बसों के लिए नोएडा के सेक्टर-82 और 90 में डिपो बने है। यहीं पर ई-बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया जाएगा। बसों के लिए कैसा स्ट्रक्चर होना चाहिए और बस स्टैंड कहां कहां बने इसके लिए सलाहकार कंपनी का चयन किया जाएगा। प्राधिकरण सात सलाहकार कंपनियों को लैटर भेज रहा है। जिसमें डिम्स, यूमटीसी, क्रिजिम, सीआईआरटी, राइट्स, सीआरआरआई, आईआईटी दिल्ली है। इनमें किसी एक को सलाहकार के रुप में नियुक्त किया जाएगा।

### 25 रुटों को किया गया फाइनल

ये बस नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अलावा जनपद के 25 रूटों पर चलेंगी। इसमें से 300 बस नोएडा, 100 बस ग्रेटरनोएडा और 100 बस यीडा में चलेंगी। बसों का संचालन जीसीसी मॉडल किया जाएगा। इसके लिए दो कंपनियों का चयन किया गया है। पहली ट्रेवल टाइम मोबिलिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ये 9 मीटर लंबी बस 54.90 रुपए प्रति किमी की दर से चलाएगी। दूसरी डेलबस मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड ये 12 मीटर लंबी बस 67.99 रुपए प्रतिकिमी की दर से बस चलाएगी। बसो के संचालन के लिए नोएडा, ग्रेटरनोएडा और यीडा के बीच एसपीवी का गठन 48प्रतिशत, 26 प्रतिशत के इक्विटी योगदान के साथ होगा या इसमें कमी या बढ़ोत्तरी की जा सकती है। 12 मीटर स्टैंडर्ड फ्लोर की 250 और 9 मीटर की स्टैंडर्ड फ्लोर की 250 ई बस शामिल है।

### सालाना प्रति बस चलेगी 72 हजार किमी

ये प्रोजेक्ट 675 करोड़ का है। इसमें कंपनी को ई बस, फास्ट चार्जर (240 किलोवॉट), प्लांट, इक्यूपमेंट टूल्स और डिपो मैनटेनेंस के लिए है। कंपनी को 12 साल तक बसों का संचालन करना होगा। कंपनी को सालाना प्रति बस 72000 किमी की रनिंग करनी होगी। बताया गया कि इस टेंडर के जरिए ग्रॉस कास्ट कांट्रेक्ट मॉडल बस ऑपरेटर का सिलेक्शन किया गया है। दोनों कैटेगरी के बस के लिए आवेदन करने वाली कंपनी को 12 मीटर एसी बस के लिए 1.75 करोड़ और 9 मीटर के लिए 1.25 करोड़ ईएमडी जमा करनी होगी।

# कांवड़ यात्रा की तैयारी में जीडीए जुटा

- **वीसी ने दिए कांवड़ रूट पर गड्ढ़े भरने व बिजली के पोल पर प्लॉस्टिक शीट चढ़ाने के निर्देश**
- **कांवड़ मार्गो पर कराई पेड़ों की टहनियों की छंटाई**



**गाजियाबाद,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। कांवड़ यात्रा को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देशन मे गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने भी तैयारियां तेज कर दी है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने कांवड़ यात्रा के मद्देनजर प्राधिकरण के अभियंत्रण और विद्युत अनुभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि प्राधिकरण के देखरेख वाली कॉलोनियों में कांवड़ियों की वापसी के दौरान किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त करने के साथ साथ स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत आदि का कार्य पूरा कर लिया जाए।

संबंधित अनुभाग के अधिकारियों के द्वारा अवगत कराया गया कि प्राधिकरण के अभियंत्रण अनुभाग के द्वारा राजनगर एक्सटेंशन के खासतौर से आशियाना वाली 24 मीटर रोड के साथ ही वीवीआईपी और देविका स्काईपर्स रोड के आस-पास सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त करने का कार्य तेज कर दिया है। इसके अलावा रोड पर कांवड़ियों की वापसी के दौरान रात्रि में दूर तक अंधकार न रहे इसके लिए स्ट्रीट लाइटों को भी ठीक कराया जा रहा है। श्री मनन धाम फाटक से मधुबन बापू धाम गोल चक्कर के आस-पास लगभग दो किलो मीटर के हिस्से में अस्थाई तरीके से पिछले सालों की तरह लाइटें लगवाई जा रही है, ताकि मनन धाम, मधुबन बापू धाम होते हुए शहर के विभिन्न हिस्सों में लौटने वाले कांवड़ियों को किसी तरह की असुविधा न हो। इसके अलावा प्राधिकरण के द्वारा टीलामोड से लोनी फ्लाई ओवर के बीच के भी लाइटों को ठीक कराया जा रहा है। इसके साथ साथ प्राधिकरण की देखरेख में आने वाली कॉलोनियों में बिजली और स्ट्रीट लाइट के पोलों को प्लॉस्टिक की सीट से कवर कराने का भी कार्य तेज कर दिया गया है, ताकि बरसात के दौरान करंट उतरने से किसी तरह की अनहोनी की आशंका को पहले से दूर किया जा सकें।

## सार संक्षेप

### शिकायतों के निस्तारण में नोएडा पुलिस पूरे प्रदेश में सबसे आगे

**नोएडा।** आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। आवेदकों से फीडबैक/संपर्क करने में भी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर का प्रदेश में सर्वोच्च स्थान रहा। इस बार जिले के सभी 27 थाने की रैंक पहली रही। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से जून माह की मूल्यांकन रिपोर्ट मंगलवार को जारी हुई। आईजीआरएस टीम प्रभारी को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने पुरस्कृत करने की बात कही है। पुलिस कमिश्नर द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतीपत्रों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए हर माह के प्रत्येक शुक्रवार को समीक्षा की जाती है, जिसके कारण कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर रैंकिंग में लगातार अच्छा प्रर्दशन कर रहा है। आईजीआरएस एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जिसको सरकार की तरफ से नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए स्थापित किया गया है। इस प्रणाली का उद्देश्य नागरिकों को एक आसान और प्रभावी माध्यम प्रदान करना है।

### समस्या होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर करें संपर्क

**नोएडा।** जिले के सभी थानों की महिला बीट अधिकारियों ने स्थानीय महिलाओं को मंगलवार को महिला सुरक्षा व साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया। महिला सुरक्षा टीम द्वारा अलग अलग गांवों, सोसाइटियों, लेबर कॉलोनियों और बाजारों में महिलाओं एवं बच्चियों को एकत्र करते हुए उनसे वार्ता की गई व सभी को महिला सशक्तिकरण अभियान, उनके प्रति होने वाले अपराधों के संबंध में जानकारी दी गई। शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे मिशन शक्ति, शुभ मंगल योजना, साइबर क्राइम एवं साइबर सुरक्षा के बारे में भी जागरुक किया गया। उपस्थित सभी महिलाओं/बच्चियों को महिला सुरक्षा टीम द्वारा मिशन शक्ति पंपलेट वितरित किए गए एवं महिला हेल्पलाइन नंबर-1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-1076, साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930, आपातकालीन सेवा-112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर-1098, वन स्टॉप सेंटर नंबर-181 के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।

### सीबीआई ने पकड़ा साइबर फ्रॉड सिंडीकेट

**नोएडा।** देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसी सीबीआई ने एक अंतरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। ये भारत से बैठकर यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया के नागरिकों को शिकार बना रहा था। इस पूरे मामले में सीबीआई ने मुख्य आरोपी निशांत वालिया को नोएडा से गिरफ्तार किया है। आरोपित फर्स्ट इंडिया नामक कंपनी का पार्टनर है और यहीं से पूरा ऑपरेशनल नेटवर्क चला रहा था। सीबीआई ने नोएडा की 3 लोकेशन पर छापेमारी की थी। जिसमें लाइव रेड के दौरान कॉल सेंटर का संचालन जारी था। ये कॉल सेंटर नोएडा स्पेशल इकोनॉमिक जोन में संचालित किया जा रहा था। ये लोग ठग खुद को मल्टीनेशनल कंपनी माइक्रोसॉफ्ट सहित अन्य एमएनसी का टेक्निकल स्पोर्ट स्टाफ बताया करते थे। अब सीबीआई एफबीआई और यूके की नेशनल क्राइम एजेंसी से भी इस मामले में संपर्क कर रही है।

# न्यू नोएडा अवैध निर्माण को चिन्हित करेंगे लेखपाल

**नोएडा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। न्यू नोएडा (डीएनजीआईआर) में अवैध निर्माण को रोकने के लिए प्राधिकरण ने दो लेखपालों को नियुक्त किया है। दोनों लेखपाल के नोएडा के 20 और बुलंदशहर के 60 गांवों को देखेंगे। राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर यहां अवैध निर्माण की गतिविधियों को चिन्हित करेंगे। साथ ही प्रत्येक सप्ताह नोएडा प्राधिकरण को अपनी रिपोर्ट देंगे। 4 जुलाई को इससे संबंधित एक कार्यालय आदेश जारी कर दिया गया है।

शासन की ओर से डीएनजीआईआर को विकसित करने के लिए 29 जनवरी 2021 को जमीन 80 गांवों की जमीन के लिए अधिसूचना जारी की गई थी। जिसके बाद यहां निर्माण के लिए नोएडा प्राधिकरण की मंजूरी की आवश्यकता है। बिना अनुमति के बनाया गया निर्माण अवैध माना जाएगा। डीएनजीआईआर शहर करीब 209.11 वर्गकिमी में बसाया जाना है। प्राधिकरण ने बताया कि यहां अवैध निर्माण को रोकने के लिए लेखपाल के तौर पर राजेश कुमार शर्मा व मनोज कुमार दुबे को नियुक्त किया है। दोनों लेखपाल बुलंदशहर के 60 गांव और गौतमबुद्ध नगर के 20 गांव में हो रहे अवैध निर्माण को चिन्हित करेंगे और प्रत्येक सप्ताह रिपोर्ट तैयार कर प्राधिकरण को सौंपेंगे।

## आपसी सहमति से ली जाएगी जमीन

प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि न्यू नोएडा के लिए जमीन का अधिग्रहण किसानों से आपसी सहमति के आधार किया जाएगा। यहां मुआवजा रेट क्या होगा इस पर विस्तार से चर्चा की गई। हालांकि अभी कोई निर्णायक फैसला नहीं हुआ है। सबसे पहले 15 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जबकि न्यू नोएडा को 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। प्रत्येक गांव में करीब 200 किसान परिवार है। यानी कुल 16 हजार किसान परिवार है। जिनके साथ बैठक की जाएगी। पहले फेज में 3165 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है।


- **दो लेखपाल की नियुक्ति, राजस्व विभाग से करेंगे समन्वय**
- **प्रत्येक सप्ताह देनी है रिपोर्ट**

### चार फेज में पूरा होगा डीएनजीआईआर

डीएनजीआईआर 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। इसके मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा। 2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा।

इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है। इससे पहले यहां जमीन अधिग्रहण और मुआवजा के लिए रेट तय किए जाएंगे।

# डासना क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों पर जीडीए का बुलडोजर



- **कल्लूगढ़ी के 54 बीघा और ग्राम-कुशलिया, के लगभग 4 बीघा क्षेत्रफल में अवैध कॉलोनी ध्वस्त**

**गाजियाबाद,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। जीडीए का बुलडोजर मंगलवार को डासना क्षेत्र मे अवैध कॉलोनियों पर चला। जिसके दो कॉलोनियों को धवस्त कर दिया गया। अवैध निर्माण/अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने के निर्देशों के प्रभारी प्रवर्तन जोन-3 के नेतृत्व में मौ दानिश एवं नितिन द्वारा खसरा संख्या-1618, 1619, 1620, 1627, 1628, 1629 व 1630, ग्राम डासना देहात, कल्लूगढ़ी, गाजियाबाद पर लगभग 44.00 बीघा में, असलम चौधरी व मौलाना अहमद मदनी व महसूर असन मदनी द्वारा खसरा संख्या-2524क, 2525 व 2526, डासना एनएच-24, गाजियाबाद पर लगभग 10.00 बीघा में व मौहम्मद फरमान व मौ0 शकील द्वारा खसरा सं0-1126, ग्राम-कुशलिया, गाजियाबाद पर लगभग 4.00 बीघा में अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में भूखंडों की बाउण्ड्रीवाल, सड़क, नाली आदि के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/ निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हें नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रखी गई। मौके पर उपस्थित लोगो से यह अपील की गई कि अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में भूखंडों का क्रय/विक्रय न करें।

# प्राधिकरण ने ध्वस्त किया अवैध निर्माण

- **4500 वर्गमीटर पर हो रही थी प्लाटिंग**
- **18 करोड़ रुपए आंकी गई कीमत**



**नोएडा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। नोएडा में सोरखा जाहिदाबाद गांव में चार खसरों की जमीन पर अवैध निर्माण किया गया था। नोटिस जारी करने के बाद भी निर्माण को न तो हटया गया और न ही जवाब दिया गया। वर्क सर्किल-6 की टीम ने जेसीबी की मदद से यहां अभियान चलाया। अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। इस जमीन की कीमत करीब 18 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। अवैध निर्माण कर्ताओं को चेतावनी दी गई कि दोबारा ऐसा नहीं होना चाहिए। तार से फेंसिंग कराई जा रही है।

प्राधिकरण ने बताया कि सोरखा जाहिदाबाद गांव में खसरा नंबर-949,615,618 और 612 प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन है। निगरानी का काम प्राधिकरण का है। यहां कमरा और प्लाट के चारों ओर बाउंड्री और गेट बना दिया गया था। प्लाट का एरिया करीब 4500 वर्गमीटर है। इस जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए सर्किल-6 की अगुवाई में एक टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने प्लाट पर बने पक्के निर्माण को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया। इस दौरान वहां कुछ लोग पहुंचे। पुलिस बल ने उनको शांत कराया और दस्तावेज दिखाए।

करीब आधे घंटे में अवैध निर्माण ध्वस्त किया गया। जिसके बाद टीम वापस आ गई। प्लाट के चारो ओर पिलर लगाकर फेंसिंग कराई जा रही है। सीईओ लोकेश एम के स्पष्ट निर्देश है कि किसी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बता दे नोएडा प्राधिकरण की ओर से अब तक करीब 150 इमारतों पर ये इमारत अवैध है लिखवाया जा चुका है। इसमें कई रिहाएशी इमारत और कामर्शियल इमारत शामिल है। जिनको ध्वस्त किया जाएगा। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया नोएडा में किसी भी तरह का अवैध निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।

# पांच कंधे ढो रहे हैं बारह लाख आबादी का बोझ

■ सीपी पाठक

**खोड़ा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। खोड़ा में बारह लाख विशाल आबादी वाली कॉलोनी में नेहरू गार्डेन में मात्र एक उपडाकघर है। पांच डाकियों के सहारे संचालित हो रहा है डाकघर। नेहरू गार्डेन स्थित किराए के मकान में संचालित डाकघर में पेयजल अग्नि सुरक्षा उपकरण और लोगो के बैठने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं है।

डाकघर में नियमित रूप से सात सौ से लेकर पच्चीस सौ तक चिट्ठियां पत्रिया देश विदेश से आती है।डाकिए सुबह एक घंटे तक प्राप्त होने वाली चिट्ठियों के छाटने का कार्य एरिया वाइज करने के बाद अपने गंतव्य के लिए रवाना हो जाते है।

खोड़ा में मकानों पर स्थाई पते के अभाव में धूल फाकती है चिट्ठियां। हजारों की संख्या में वापस भी कर दी जाती है। खोड़ा में भवनों पर स्थाई पते नहीं है। जिससे लोगो के पासबुक चेक बुक पैन कार्ड वोटर आई डी पार्सल आदि गंतव्य तक पहुंचाने में काफी दिक्कतें होती है। आधे अधूरे लिखे पते वाली डाक डाकघर में धूल फांकती है अथवा डाकघर में पड़ी रहती है। आधे अधूरे पते की वजह से वापस कर दी जाती है चिट्ठियां। व्यवस्था की बदहाली से डाकिए स्कूल अस्पताल मंदिर मसजिद गुरुद्वारा चर्च और विहारों के लैंडमार्क के सहारे लोगो को चिट्ठियां पहुंचाने का अथक प्रयास करते है। चिट्ठियों पर फोन नंबर होने पर किसी लोकेशन से फोन करके डाक लेने के बुलाया जाता है। अधिकतर लोगों को डाकघर जाकर चिट्ठियां लेनी पड़ती है। आमजन को रसोई गैस सिलेंडर गोदाम या निर्धारित स्पॉट अथवा पचास रुपए घर तक पहुंचाने केलिए अतिरिक्त देना पड़ता है।

चार वर्ष पहले खोड़ा में भवनों पर स्थाई पते दिए जाने के लिए नगर पालिका परिषद के द्वारा नोएडा की निजी कंपनी रेनोर्ड कॉरपोरेशन को दो सौ रुपए प्रत्येक भवन स्वामी से वसूलकर स्थाई नंबर प्लेट लगाने का ठेका दिया गया था सांसद विधायक पूर्व चेयरमैन द्वारा विधवत उद्घाटन किया गया था। चार सेक्टरों में स्थाई पते लगने के बाद पूर्व चेयरमैन और ठेकेदार के बीच लेन देन के विवाद में काम बंद करवा दिया गया। छह सेक्टरों में स्थाई पते का कार्य अभी अधूरा पड़ा है। स्टाफ की कमी से केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाएं प्रभावित होती है। उपडाकघर के पोस्टमास्टर ने बताया कि दो वर्ष पहले सात डाकिए कार्यरत थे। परंतु दो डाकियों का स्थानांतरण शिप्रा सनसिटी में हो जाने की वजह से डाक वितरण में बिलंब और परेशानी होती है अवर डाक अधीक्षक को अवगत कराया गया है डाकिए बढ़ाने के लिए आश्वस्त ही किया जाता है। स्टाफ के बढ़ जाने पर कार्य में काफी सहूलियत होगी।

स्थानीय सभासद सी पी शर्मा का कहना है कि उपडाकघर में डाकियों की कमी का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। स्टाफ की कमी और मकानों पर स्थाई पते के अभाव में लोगो को काफी परेशानी उठानी पड़ती है।

# प्रमुख सचिव नगर विकास ने गाजियाबाद नगर निगम के चल रहे कार्यों का लिया जाएजा

- **सीनियर सिटीजन केयर सेंटर का किया स्थलीय निरीक्षण, जानी प्रगति**

**गाजियाबाद,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने मंगलवार को शहर में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। जिसमें गाजियाबाद नगर निगम के सीनियर सिटीजन केयर सेंटर पर चल रहे कार्यों की प्रगति भी जानी।। मौके पर उपस्थित मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी ने चल रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। नोडल अधिकारी गाजियाबाद द्वारा वन विभाग तथा गाजियाबाद नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा ग्रीन गाजियाबाद के लिए किये जा रहे कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। सेक्टर-23 संजय नगर स्थित नर्सरी का जायजा लिया गया अधिकारियों से अधिक से अधिक फलदार वृक्ष व औषधि के पौधों को लगाने के लिए कहा गया मौके पर डॉक्टर अनुज प्रभारी उद्यान द्वारा शहर में चल रहे वन महोत्सव के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें जनप्रतिनिधियों के सहयोग से प्रत्येक वार्ड में पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। डॉ. अनुज ने बताया गया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगभग मानसून से पौधा रोपण की कार्रवाई चल रही है इस बार 113000 पौधारोपण का टारगेट गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पूरा किया जाएगा,



**जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए ग्रीन गाजियाबाद के लिए संयुक्त कार्रवाई करें अधिकारी : अमृत अभिजात**

एनडीआरएफ में संयुक्त रूप से सभी ने पौधारोपण कर मुहिम को आगे बढ़ाया, अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी भी निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त गाजियाबाद विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि गाजियाबाद नोडल अधिकारी ग्रीन गाजियाबाद मुहिम को और अधिक वृहद बनाने के लिए अधिकारियों से बैठक की गई जिसमें गाजियाबाद जिला स्तरीय समस्त अधिकारी उपस्थित रहे, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पूर्व में किए गए पौधारोपण से घने वृक्ष बन चुके हैं जो की प्रशंसनीय है पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्ष लगाना बेहद जरूरी है जन-जन को जागरूक करने का अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी दीपक मीना द्वारा बताया गया कि दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन गाजियाबाद में प्रमुख सचिव नगर विकास महोदय जो की गाजियाबाद नोडल अधिकारी भी है पौधारोपण की समीक्षा बैठक की गई बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रम में लगभग 10 लाख पौधे सभी अधिकारियों और विभागों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में लगाए जाएंगे गाजियाबाद नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, जल निगम, पुलिस विभाग तथा जिला प्रशासन के द्वारा वृहद अभियान के रूप में पौधारोपण किया जाएगा साथ ही कई सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से पौधों का संरक्षण भी करने की तैयारी गाजियाबाद अधिकारियों ने की है जिसका शुभारंभ दिनांक 9 जुलाई 2025 को पौधारोपण कर किया जाएगा। प्रमुख सचिव नगर विकास महोदय द्वारा समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को टारगेट पूरा करने के साथ-साथ इच्छा शक्ति पौधारोपण की कार्रवाई में प्रबल करने के लिए कहा गया, जनप्रतिनिधियों तथा जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए जिला गाजियाबाद में पौधारोपण करने हेतु मोटिवेट किया गया, उपस्थित सभी अधिकारियों ने अपनी अपनी कार्य योजना प्रस्तुत की, जिसमें सभी अधिकारी संयुक्त रूप से बेहतर कार्य करें योजना बनाई गई है।

# गोल्फ कोर्स के लिए जमीनी बाधा होगी दूर

- **2.2261 हेक्टेयर जमीन के लिए कलेक्टर ने जारी की अधिसूचना, लोगों से मांगी आपत्तियां**

**नोएडा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स में 2.2261 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण धारा-11 के तहत किया जाएगा। इसके लिए जिला कलेक्टर की ओर से प्रारंभिक अधिसूचना जारी कर दी है। 60 दिनों तक आपत्तियां मांगी गई है। इसके बाद जमीन का अधिग्रहण कर लिया जाएगा। ये जमीन नोएडा के कामबख्शपुर गांव की है। जिसमें करीब 11 खसरे शामिल है। तमाम प्रयासों के बाद भी किसानों ने जमीन नहीं दी। इसलिए अब धारा-11 के जरिए जमीन ली जा रही है। दरअसल ये नोएडा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स 113 एकड़ में किया जा रहा है। इसी हिस्से में ये जमीन है। ऐसे में कलेक्टर की ओर से धार-11 की कार्रवाई की गई। जमीन मिल जाने के बाद गोल्फ कोर्स का पूरा निर्माण किया जा सकेगा। हालांकि गोल्फ कोर्स का निर्माण कर रही कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया जा रहा है। क्योंकि सीईओ के निरीक्षण के दौरान मिला था कि जिस कंपनी को निर्माण का काम आवंटित किया गया था उसने काम बंद कर रखा है। आरएफपी जारी कर नई कंपनी का चयन किया जाएगा। वर्तमान में इसका 65 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। कामबख्शपुर की जमीन नहीं मिलने से निर्माण में बाधा आ रही थी। ऐसे में धारा-11 के तहत खसरा नंबर-74एम, 75एम, 90एम, 91एम, 96एम, 98एम, 99एम, 101एम, 106एम, 107एम, 295एम यानी कुल 2.2261 हेक्टेयर जमीन प्राधिकरण को मिलेगी। 113 एकड़ में बन रहा गोल्फ कोर्स, 94.369 एकड़ में गोल्फ एरिया, 6.895 एकड़ में क्लब और पार्किंग एरिया, 7.910 एकड़ में ड्राइविंग रेंज एरिया, 4.702 एकड़ में एनटी लाइन एरिया, 9.289 एकड़ में हेलीपोर्ट, 4.614 एकड़ में हेलीपोर्ट एप्रोच रोड एरिया बनाया जा रहा है।

उवाच

130 मीटर सड़क पर डीएफसीसीआईएल से मकौड़ा गोलचक्कर तक दोनों तरफ नाली का निर्माण किया जा रहा है। अगले कुछ माह में इसके बनकर तैयार हो जाने पर अंडरपास में जलभराव की समस्या दूर हो जाएगी। नाली का निर्माण होने से सड़क पर भी जलभराव की समस्या पैदा नहीं होगी। लोगों की सुविधा के लिए फुटपाथ का भी निर्माण किया जाएगा : **नरोत्तम सिंह, प्राधिकरण वरिष्ठ प्रबंधक।**

# कैपिटल ज़ोन

## प्रदूषण का एक बड़ा हिस्सा सड़कों व राष्ट्रीय राजमार्गों से, कम करना हमारी जिम्मेदारी : नितिन गड़करी

- इथेनॉल जैसे वैकल्पिक ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देना और वृक्षारोपण अभियान चलाना सबसे प्रभावी समाधान
- एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने किया पौधारोपण






**ग्रेटर नोएडा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मंगलवार को फरीदाबाद-नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा रोड, जेवर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग व कॉरपोरेट कार्य राज्यमंत्री हर्ष मलहोत्रा, सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह एवं एनएचआई के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, नोएडा प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सीईओ रवि कुमार एनजी, यमुना प्राधिकरण सीईओ राकेश कुमार सिंह, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के साथ-साथ सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने बच्चों के साथ पौधारोपण किया। इस अवसर पर बोलते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि प्रदूषण का एक बड़ा हिस्सा सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहनों द्वारा खपत किए जाने वाले ईंधन से उत्पन्न होता है। इसे कम करना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इथेनॉल जैसे वैकल्पिक ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देना और बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाना सबसे प्रभावी समाधान हैं, और हम दोनों पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। हमें पर्यावरण की रक्षा करनी है। हम प्रदूषण में पहले स्थान पर हैं, लेकिन इस अभियान के माध्यम से हम बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने सड़क निर्माण में कचरे के उपयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में 80 लाख टन कचरे का उपयोग सड़कों के लिए किया गया है। हम अपने राजमार्गों पर वर्षा जल संचयन जैसे उपायों को अपनाकर जल संरक्षण को प्राथमिकता दे रहे हैं। 'एक पेड़ मां के नाम' पर्यावरण स्थिरता के लिए एक बहुत ही नेक पहल है, और मैं राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे 5 करोड़ पेड़ लगाने के लिए एनएचएआई को बधाई देता हूं। फरीदाबाद-नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा कॉरिडोर, दिल्ली-एनसीआर और जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच संपर्क बढ़ाएगा। कॉरिडोर के साथ लगभग 17 हजार पेड़ लगाने से क्षेत्र को कई पारिस्थितिक लाभ जैसे वायु की गुणवत्ता में सुधार, मिट्टी के कटाव में कमी और जैव विविधता में वृद्धि आदि मिलेंगे। एनएचएआई बांस के वृक्षारोपण, घने वृक्षारोपण और ऊर्ध्वाधर भूनिर्माण करके हरित गलियारे बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों पर सामूहिक रूप से विभिन्न हितधारकों को शामिल करके हरित और टिकाऊ राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क बनाने के लिए वृक्षारोपण को बढ़ावा देना है। एनएचएआई ने 2024-25 के दौरान 60 लाख वृक्षारोपण लक्ष्य के मुकाबले लगभग 67 लाख पेड़ लगाए हैं। 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' पहल के तहत, एनएचएआई ने चालू वर्ष के दौरान देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे 12 लाख से अधिक पेड़ लगाए हैं।

### भाजपा के कार्यकर्ताओं ने नितिन गड़करी का जीरो प्वाइंट पर किया स्वागत



**ग्रेटर नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जीरो प्वॉइंट ग्रेटर नोएडा में जेवर विधानसभा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत फरीदाबाद नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट कॉरिडोर पर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में जाते समय कैबिनेट केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत किया गया। इस दौरान जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कोरी, जिला उपाध्यक्ष सतेन्द्र नागर, कर्मवीर आर्य, वीरेन्द्र भाटी, अरुण प्रधान, बलराज भाटी, गीता सागर, राजेश शर्मा, देवेन्द्र बैसला, महेश शर्मा, मनोज भाटी, मनोज प्रधान, ओमकार भाटी, अर्पित तिवारी, अमित शर्मा, संजय चौहान, देवेन्द्र शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## एक पेड़ मां के नाम आज जिले में चलेगा महा अभियान



- जिले में वन विभाग व अन्य विभागों के माध्यम से लगाए जाएंगे 11 लाख 68 हजार 300 पौधे
- नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने वृक्षारोपण की तैयारियों को लेकर की समीक्षा
- वृक्षारोपण कार्यक्रम को एक जन आंदोलन के रूप में मनाए जाने की लोगों से अपील

**ग्रेटर नोएडा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में 37 करोड़ पौधारोपण कार्यक्रम को जन आंदोलन के रूप में सफल बनाने को लेकर प्रमुख सचिव, संस्कृति एवं पर्यटन उत्तर प्रदेश मुकेश कुमार मेश्राम को जिले का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को मुकेश कुमार मेश्राम जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में 9 जुलाई बुधवार को एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महा अभियान की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की। नोडल अधिकारी ने कहा कि वृक्षारोपण महाअभियान कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हृदय से जुड़ा हुआ कार्यक्रम है, इसलिए अधिकारीगण इस कार्यक्रम की गंभीरता को समझते हुए एक जन आंदोलन के रूप में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाएं।

उन्होंने बताया कि जिल के लिए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 11 लाख 68 हजार 300 पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें वन विभाग, पर्यावरण विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, औद्योगिक विकास प्राधिकरण, नगर विकास, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, सहकारिता विभाग, उद्योग विभाग, ऊर्जा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग एवं प्राविधिक शिक्षा आदि विभागों के लक्ष्य सम्मिलित हैं। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण में उपरोक्त सभी विभागों द्वारा अपने-अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी गंभीरता से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें एवं अभियान को प्रदेश में एक आदर्श अभियान बनाएं। इस दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने वृक्षारोपण कार्यक्रम को लेकर की गई वर्तमान तक की तैयारियों के संबंध में जिले के नोडल अधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान जो वृक्ष रोपित किए जाएंगे उनकी सुरक्षा के लिए भी विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, प्रभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उत्सव शर्मा एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 130 मीटर सड़क पर साकीपुर अंडरपास में जलभराव की समस्या दूर होगी

- फ्लाईओवर से लेकर मकौड़ा गोलचक्कर तक नाली का किया जा रहा निर्माण

**ग्रेटर नोएडा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ने वाली 130 मीटर सड़क पर साकीपुर गांव के समीप स्थित अंडरपास में जलभराव की समस्या अगले कुछ माह में दूर हो जाएगी। यहां नाली का निर्माण शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही फुटपाथ का काम भी प्रस्तावित है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान शुरू होने के बाद इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाएगा। आज भी प्रतिदिन एक लाख से अधिक वाहन गुजरते हैं। पांच किलोमीटर से अधिक लंबी नाली का निर्माण दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (डीएमआईसी) के तहत डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के साकीपुर अंडरपास से लेकर मकौड़ा गोलचक्कर तक किया जा रहा है। इसे मुख्य नाले से जोड़ा जाएगा। अंडरपास में जलभराव होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। रविवार रात हुई तेज बारिश में भी जलभराव की स्थिति पैदा गई थी। इस समस्या से निजात के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा बनाई गई कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया गया है। अधिकारी के मुताबिक नाली और फुटपाथ पर 15.31 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। डीएमआईसी परियोजना के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा के न्यू दादरी स्टेशन से बिछाई गई रेलवे लाइन शहर की महत्वपूर्ण 130 मीटर सड़क से होकर गुजर रही है। इसके लिए यहां फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है। अंडरपास की छत से रेलवे ट्रैक गुजर रहा है और उसके ऊपर फ्लाईओवर है। इस अंडरपास में जलभराव आम बात है। हल्की से बारिश होने पर भी 2-2 फुट पानी जमा हो जाता है।

प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह ने बताया कि 130 मीटर सड़क पर डीएफसीसीआईएल से मकौड़ा गोलचक्कर तक दोनों तरफ नाली का निर्माण किया जा रहा है। अगले कुछ माह में इसके बनकर तैयार हो जाने पर अंडरपास में जलभराव की समस्या दूर हो जाएगी। नाली का निर्माण होने से सड़क पर भी जलभराव की समस्या पैदा नहीं होगी। लोगों की सुविधा के लिए फुटपाथ का भी निर्माण किया जाएगा। प्राधिकरण का प्रयास है कि जल्द से जल्द इन कार्यों को पूरा किया जाए, जिससे कि लोगों को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े और आवागमन सुगम हो सके। नोएडा एयरपोर्ट से उड़ान शुरू होने के बाद ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाएगा, इसलिए व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है।

## शिक्षक संघ ने बीएसए कार्यालय पर दिया धरना, शिक्षकों की रखी मांग




**ग्रेटर नोएडा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना आयोजित किया गया। धरने की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मेघराज भाटी एवं मंच का संचालन जिला मंत्री गजन भाटी ने किया। धरना विद्यालय मर्ज होने, प्रधानाध्यापक विहीन विद्यालय,सरप्लस अध्यापक के विरोध में तथा पुरानी पेंशन, पदोन्नति, कैशलेस चिकित्सा, चयन वेतनमान, समय परिवर्तन आदि मुख्य मांगो के लिए सैंकड़ों अध्यापकों ने हिस्सा लिया।

मुख्य सभी मुख्य वक्ताओं ने सरकार की नीति और नियत पर संदेह किया। मंडल अध्यक्ष मेघराज भाटी ने कहा कि हम एक रणनीति के अनुसार प्रत्येक प्रतिनिध से मिलकर अपना पक्ष रखा। शिक्षक साथियों को एकजुट रहने के लिए कहा। जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि सरकार की नीति सही नहीं है। गरीब बच्चों को शिक्षा नहीं देना चाहती। हम आगामी रणनीति पर विचार कर रहे हैं।

जिला मंत्री गजन भाटी ने बताया कि यह धरना आज सम्पूर्ण प्रदेश के प्रत्येक जनपद में आयोजित किया गया है। गौतमबुद्धनगर नगर में भी लगभग एक हजार शिक्षक ने धरने में हिस्सा लिया है।

इससे स्पस्ट है कि प्रत्येक जनपद का शिक्षक उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के साथ है। हम सरकार की अव्यावहारिक नीति के विरोध में है। ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार को दिया है और हमें आश्वस्त किया कि ज्ञापन के माध्यम से हमारे पक्ष को मुख्यमंत्री तक भेजा जाएगा।

## अभ्युदय योजना के तहत 405 परीक्षार्थियों ने लिया प्रवेश

- प्रतियोगी परीक्षा के लिए निःशुल्क होगी तैयारी

**ग्रेटर नोएडा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत जिले में चल रहे तीनो केंद्रो में अब तक 405 विद्यार्थी का दाखिला हो चुका हैं। यह योजना उन प्रतिभाशाली छात्रों के लिए है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं लेकिन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं। अब तक जिन छात्रों का चयन अब तक जिन छात्रों का चयन हुआ है। उनमें से सबसे ज्यादा 171 छात्रों ने यूपीएससी (सिविल सेवा परीक्षा) की कोचिंग के लिए आवेदन किया है। इससे साफ है कि युवाओं में प्रशासनिक सेवाओं में जाने की इच्छा सबसे ज्यादा है। इसके अलावा अन्य परीक्षाओं जैसे यूपीपीसीएस, एसएससी, बैंक, रेलवे आदि के लिए भी बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इन छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन देने के लि के लिए 12 अनुभवी शिक्षकों का चयन किया गया है। ये शिक्षक विषय विशेषज्ञ हैं और पहले भी प्रतियोगी परीक्षाओं में पढ़ा चुके हैं। जिलाधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि यूपीएससी की कक्षाएं 1 जुलाई से शुरू हो गई हैं। जबकि अन्य परीक्षाओं की कोचिंग की तिथियां भी जल्द घोषित की जाएंगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे छात्रों को बराबरी का अवसर देना है जो संसाधनों की कमी के कारण कोचिंग नहीं कर पाते। राज्य सरकार की यह पहल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। अभ्युदय योजना के जरिए न सिर्फ छात्रों को निःशुल्क पढ़ाई मिल रही है, बल्कि उन्हें करियर के लिए सही दिशा भी दी जा रही है। इससे जिले में शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं का माहौल भी मजबूत हो रहा है।

## उ.प्र. जूनियर बालक फुटबॉल टीम कैंप के लिए ललित कुमार सिंह का



**ग्रेटर नोएडा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश के बालाघाट में 26 जुलाई से 5 अगस्त तक आयोजित होने वाली भारतीय फुटबाल महासंघ एआईएफएफ द्वारा कराई जाने वाली बी.सी. रॉय (जूनियर बॉयज नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप ट्रॉफी में भाग लेने हेतु उत्तर प्रदेश की जूनियर बालक फुटबॉल टीम के लिए चयन परीक्षण का आयोजन मेरठ की सुभारती यूनिवर्सिटी में किया गया, इसमें पूरे उत्तर प्रदेश से लगभग 250 खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया। वाजिद अली अवैतनिक महासचिव फुटबॉल एसोशिएशन गौतमबुद्ध नगर ने बताया कि इस चयन परीक्षण के उपरांत प्रशिक्षण शिविर हेतु प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए हुए खिलाड़ियों में से 30 खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिसमें गौतमबुद्ध नगर जिले से ललित कुमार सिंह भी चयनित किए गए। वाजिद अली ने ललित कुमार को बधाई दी और कैंप में अच्छे खेल का प्रदर्शन करने के लिए कहा जिससे उनका चयन उत्तर प्रदेश टीम में हो सके।

## गौमुख गंगोत्री से गंगाजल लेने के लिए कांवड़ियों का जत्था रवाना



**ग्रेटर नोएडा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। दादरी के कठेहरा से गौमुख गंगोत्री से पैदल मार्ग होते हुए शिव भोले की कांवड़ में गंगा जल लेने के लिए शिव भक्तों का टीम रवाना हुआ। गौमुख गंगोत्री से कांवड़ में गंगाजल लेने के लिए पैदल मार्ग होते हुए रवाना गौमुख गंगोत्री से 10 जुलाई को कांवड़ में गंगाजल लेकर 23 जुलाई को पावन पर्व शिव रात्रि के दिन कठेहरा गांव के शिव मंदिर में शिवलिंग पर गंगा जल अभिषेक करके पूजा अर्चना करेंगे। सभी कांवड़ियों के गुरु जी कैलाश भाटी के साथ मनीष भाटी बी.डी.सी, मनोज भाटी, पवन भाटी, शोभित भाटी, सतपाल भाटी, एडवोकेट देवेंद्र भाटी, प्रदीप भाटी, दीपांशु भाटी, आकाश भाटी, दीपांशु गुर्जर, भोलू भाटी, नरेन्द्र भाटी, सभी भोलो को गांव कठेहरा निवासियों ने बुजुर्गों माता बहनों ने मंगलमय यात्रा की कामना कर आशीर्वाद दिया।

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मूंजखेडा, खेरलीभाव, वीरमपुर में उप जिलाधिकारी सदर जनपद गौतमबुद्धनगर द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र से 139/एस०टी० एस० डी०एम०/12 दिनांक 23.05.2012/व 770/एस०टी० एस०डी०एम०/2017 दिनांक 06.02.2017 व 13/एस०टी० एस०डी०एम०/12 दिनांक 04.01.2023 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| मूंजखेडा | 467 470 469 468 461 | करन सिंह पुत्र स्व0 चैनसुख व बिरमा देवी पत्नी करन सिंह व हरिपाल पुत्र श्री कर्ण सिंह पुत्र व विजेन्द्र सिंह पुत्र श्री करन सिंह नि0 ग्राम हल्दौना तुगलपुर, परगना दनकौर, तहसील सदर जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती गीता पत्नी स्व0 बिजेन्द्र सिंह | पुत्रवधु | 43 |
| | | | श्री शिवम सिंह पुत्र स्व0 बिजेन्द्र सिंह | परपौत्र | 21 |
| | | | कु0 ज्योति पुत्र स्व0 बिजेन्द्र सिंह | परपौत्री | 22 |
| खेरलीभाव | 09 78 | | कु0 पायल पुत्र स्व0 बिजेन्द्र सिंह | परपौत्री | 18 |
| वीरमपुर | 167 173 169 283 | | श्रीमती राजेन्द्री पत्नी स्व0 श्री हरिपाल सिंह | पुत्रवधु | 37 |
| | | | श्री पवन सिंह स्व0 हरिपाल सिंह | परपौत्र | 17 |
| | | | आकाश पुत्र स्व0 श्री हरिपाल सिंह | परपौत्र | 15 |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। **तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण**

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## दहेज के लिए महिला की हत्या, पति समेत छह लोगों पर मुकदमा दर्ज



**दनकौर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर गांव में मंगलवार को दहेज की खातिर एक महिला की हत्या करने का आरोप ससुरालियों पर लगा है। आरोप है कि दहेज में प्लॉट और फॉर्च्यूनर गाड़ी नहीं देने पर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई। मामले की जानकारी होने पर मायके वालों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को बुलाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में मृतक के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत 6 ससुरालियों पर केस दर्ज कर लिया है। भोलू ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उन्होंने करीब 5 वर्ष पहले अपनी बहन पूजा की शादी जमालपुर गांव निवासी विनय के साथ की थी। उनका कहना है की शादी में मिले दहेज से पति और ससुराली खुश नहीं थे। जिसके बाद अतिरिक्त दहेज की मांग की जाने लगी तो उनके पिता ने शादी के करीब 2 वर्ष बाद 15 लख रुपये भी आरोपियों को दे दिए थे। उसके बावजूद भी ससुराल वालों की डिमांड पूरी नहीं हुई। उन्होंने दहेज में फॉर्च्यूनर गाड़ी और एक प्लॉट की भी मांग की। जब उनकी बहन ने इसका विरोध करती तो आरोपी उसके साथ मारपीट करते थे। जिससे चलते करीब 8 महीने पहले उनकी बहन को आरोपी उनके घर छोड़ आए थे। उनका कहना है कि करीब 1 महीने पहले ससुराली अन्य लोगों को लेकर उनके घर गए थे। जिन्होंने आगे से ऐसी गलती नहीं करनी की बात कहकर उनकी बहन को ससुराल ले आए थे। आरोप है कि जहां आरोपियों ने योजना के तहत मिलकर मंगलवार की सुबह उनकी बहन की गला दबाकर हत्या कर दी।

पड़ोसियों के माध्यम से उनको मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को मौके पर बुला लिया। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। इस मामले में मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति विनय, सुंदर ससुर, सुरेश सास, कपिल जेठ, बबली जेठानी और स्वाति ननद के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14.12.2015 में लिये गये निर्णय के क्रम में ग्राम सालारपुर मे तहसीलदार फरीदाबाद से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र दिनांक 17.08.2012 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है-

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से सम्बन्ध | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सालारपुर | 248 | नन्दो देवी उर्फ नन्दी पत्नी स्व0 श्री रामपाल नि0 ग्राम बसन्तपुर, तहसील व जिला फरीदाबाद। | जयवती | पुत्री | |
| | | | | सावित्री | पुत्री | |
| | | | | महाजन | पुत्री | |
| | | | | कालूराम उर्फ कालू | पुत्र | |
| | | | | जयमल | पुत्र | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम अन्तर धनराशि दिये जाने संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।
**तहसीलदार**
**यमुना विकास प्राधिकरण**

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14. 12.2015 में लिये गये निर्णय के क्रम में ग्राम करौली बांगर में जिलाधिकारी बुलन्दशहर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 675/एस०टी० डी०एम०/2024 दिनांक 08.05.2024 के अनुसार मृतक स्व० सुमन देवी की मृत्यु 09.11.2023 को हो चुकी है। जिनके स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है -

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से सम्बन्ध | आयु लगभग | विवाहित अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | करौली बांगर | 93 97 | स्व0 सुमन देवी पत्नी गजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम नगला नरायन सिंह माजरा करौली बांगर परगना व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर हाल निवासी मौहल्ला/ग्राम मौ0 मुफ्तीवाडा शिकारपुर, परगना व तहसील शिकारपुर जिला बुलन्दशहर | संजय सिंह पुत्र स्व0 गजेन्द्र सिंह | पुत्र | 48 वर्ष | विवाहित |
| | | | | संदीप कुमार पुत्र स्व0 गजेन्द्र सिंह | पुत्र | 44 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा
**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण**

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14.12.2015 में लिये गये निर्णय के क्रम में ग्राम मौहम्मदाबाद खेडा में उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 446/एस०टी०-एस०डी०एम०/2023 दिनांक 09.06.2023 के अनुसार मृतक श्री सोरन सिंह पुत्र शेर सिंह की मृत्यु 19.03.2023 को हो चुकी है। जिनके स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है -

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से सम्बन्ध | आयु लगभग | विवाहित अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मौहम्मदाबाद खेडा | 229म | श्री सोरन सिंह पुत्र शेर सिंह नि0 ग्राम मौहम्मदाबाद खेडा, तहसील जेवर, जिला गौतमबुद्धनगर | विजला देवी | पत्नी | 58 वर्ष | विधवा |
| | | | | नरेन्द्र कुमार भाटी | पुत्र | 42 वर्ष | विवाहित |
| | | | | राधा देवी | पुत्री | 41 वर्ष | विवाहित |
| | | | | शारदा देवी | पुत्री | 40 वर्ष | विवाहित |
| | | | | संजय | पुत्र | 39 वर्ष | विवाहित |
| | | | | अनीता | पुत्री | 36 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्री भगवान | पुत्र | 29 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा
**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण**

### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उ०प्र०

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Sale Deed Plot/Unit No. A-C-129, "Golf Link-1" Area 300 Sqm., Plot No. P8, Builders Area, Greater Noida जो कि Mrs. Vinod Narang, निवासी D-327, Sector P-3, Greater Noida के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-16.12.2005 को पंजीकृत है। Mrs. Vinod Narang की मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र/पुत्री Mr. Vipin Narang S/o Late Sh. Om Prakash Narang & Mrs. Madhu Bala Mahtta W/o Shri Dina Nath Mahtta ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mr. Vipin Narang S/o Late Sh. Om Prakash Narang & Mrs. Madhu Bala Mahtta W/o Shri Dina Nath Mahtta का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक (बिल्डर्स)**
**ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण**

## { संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 9 जुलाई 2025

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# छात्रों के साथ अन्याय

इस साल अप्रैल में एक सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर होता है, इसलिए यह जरूरी है कि हम अपने युवाओं के भविष्य के लिए और उन्हें भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करें। इसमें बड़ी भूमिका देश की शिक्षा प्रणाली की भी होती है, इसलिए हम देश की शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की जरूरतों के मुताबिक आधुनिक बना रहे हैं। जब श्री मोदी यह भाषण दे रहे थे, तब उन्हें देश पर शासन करते 10 साल से अधिक का वक्त गुजर चुका था, लेकिन वे तब भी यही कह रहे थे कि हम ऐसा कर रहे हैं। नरेन्द्र मोदी यह नहीं कह पाए कि हम ऐसा कर चुके हैं। 10 साल तक पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने के दौरान नरेन्द्र मोदी ने कई ऐसे फैसले लिए जो कई दशकों में नहीं लिए जा सके थे। जम्मू-कश्मीर के विभाजन से लेकर राम मंदिर के निर्माण तक भाजपा के घोषणापत्र में दर्ज कई वादों को प्रधानमंत्री मोदी ने पूरा किया और इसी के बूते दावा किया कि उनकी सरकार मजबूत है। लेकिन यह मजबूती शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में क्यों नहीं दिखी, यह बड़ा सवाल है। क्या भाजपा की प्राथमिकता में युवाओं की उच्च शिक्षा और बेहतर रोजगार नहीं है। अगर ऐसा है तो फिर नरेन्द्र मोदी युवाओं के भविष्य और देश के उज्ज्वल भविष्य की जो बातें करते हैं क्या वे बेमानी हैं। ये सवाल इस समय एक और वजह से उठ रहा है। इस साल फरवरी में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने सत्र 2025-26 के लिए राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति (एनओएस) योजना के लिए आवेदन मंगाए थे। मंत्रालय ने बताया था कि यह छात्रवृत्ति विशेष रूप से उन छात्रों के लिए है जो वित्तीय कठिनाइयों के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत चुने गए छात्रों को ट्यूशन फीस, रहने की व्यवस्था, स्वास्थ्य बीमा और यात्रा खर्च जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे वे विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें और अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकें।

यह सब पढ़ने-सुनने में कितना लुभावना लगता है कि मेधावी छात्रों को श्रेष्ठ संस्थानों से शिक्षा हासिल करने का अवसर मिले, इसमें आर्थिक बाधा न आए, इसका ख्याल सरकार रख रही है। कायदे से हर लोककल्याणकारी सरकार की यही जिम्मेदारी भी होती है। लेकिन फिलहाल ये सारी बातें आकाश कुसुम ही साबित हो रही हैं। क्योंकि सत्र 2025-26 के लिए राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति (एनओएस) योजना के लिए पहले दौर में जिन 106 उम्मीदवारों का चयन किया गया है, उनमें केवल शीर्ष 40 छात्रों को ही तुरंत प्रोविजनल पुरस्कार पत्र जारी किए जाएंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने 1 जुलाई को जो अधिसूचना जारी की है, उसके अनुसार, शेष 66 उम्मीदवारों को 'उपलब्ध निधियों के आधार पर' आगे के विचार के लिए रखा गया है। मतलब 66 होनहार छात्रों का भविष्य अब इस बात पर टिका है कि सरकार के पास उन्हें विदेशों में पढ़ाने के लिए फंड है या नहीं। बता दें कि इस छात्रवृत्ति के लिए 19 मार्च से 27 अप्रैल के बीच एनओएस पोर्टल पर कुल 440 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से आवेदनों की जांच के बाद 106 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जबकि 64 अन्य पात्र होने के बावजूद चयनित नहीं हो सके। मंत्रालय ने कहा कि ये 64 आवेदक विश्वविद्यालयों की वैश्विक (क्यूएस) रैंकिंग, राज्यवार कोटा और श्रेणी-विशेष आरक्षण जैसे कारणों से चयन से वंचित रह गए। वहीं 270 आवेदनों को अयोग्यता, अधूरे दस्तावेज या अन्य कारणों से खारिज कर दिया गया।

जिन्होंने सारे दस्तावेज के साथ आवेदन नहीं किया, उनका खारिज होना तो वाजिब है। मगर जो छात्रवृत्ति पाने के काबिल हैं, उन्हें किसी बहाने से चयन से बाहर करना छात्रों के साथ नाइंसाफी है। और उससे भी बढ़ी नाइंसाफी तो यह है कि जिनका चयन हो गया है, उन्हें सरकार के पास धन न होने के कारण बाहर पढ़ने से रोका जा रहा है। और यह सब उस सरकार में हो रहा है, जो गैरजरूरी चीजों में बेतहाशा पैसे बहा रही है।

अभी दो दिनों में कांवड़ यात्रा शुरु हो जाएगी। इस बार दिल्ली सरकार ने कांवड़ समितियों को 50 हजार से 10 लाख तक का भुगतान करने का फैसला लिया है, कांवड़ यात्रियों को मुफ्त बिजली, शिविर, खाने-पीने आदि की सुविधाएं मिलेंगी और यह सब जनता के दिए टैक्स से ही खर्च होगा। उत्तरप्रदेश में तो योगी सरकार कांवड़ यात्रियों पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाती है। 2018 में योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से फूल बरसाने पर 14 लाख रूपए खर्च किए थे। अभी जो महाकुंभ लगा था, उस पर 7500 सौ करोड़ रूपए खर्च हुए। पिछले साल राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर 113 करोड़ रुपये खर्च हुए। उससे पहले मंदिर निर्माण पर 1,800 करोड़ रुपये खर्च किए गए। यह सब तो धार्मिक खर्च है। सरकार ने नए संसद भवन समेट पूरे सेंट्रल विस्टा को बनाने में 26 सौ करोड़ लोकतंत्र के नाम पर खर्च कर दिए और अब आलम ये है कि लोक भी रो रहा है और तंत्र भी बर्बाद हो रहा है। इन सारे खर्चों में अगर मामूली कटौती भी की जाती तो करोड़ों छात्रों का भविष्य संवर जाता। सरकारी आयोजनों में ही जो साज-सज्जा की जाती है, मंच को फूलों से सजाने से लेकर वीडियोग्राफी जैसे तामझामों में करोड़ों रूपए बहाए जाते हैं, जिनकी उपयोगिता केवल कुछ घंटों की होती है। अगर उन रूपयों को भी बचा लिया जाए तो देश में अच्छे शिक्षा संस्थान बनाए जा सकते हैं या पहले से बने संस्थानों को इतना अच्छा किया जा सकता है कि बच्चों को बाहर जाकर पढ़ने की मजबूरी ही नहीं रहे। लेकिन फिर वही प्राथमिकता का सवाल आ जाता है।

सरकार की प्राथमिकता में दिखावा है, शिक्षा नहीं है। इसलिए बच्चों के बेहतर भविष्य की बात करने का दिखावा होता है, उसका इंतजाम नहीं राहुल गांधी ने कहा है कि, जब कोई दलित, पिछड़ा या आदिवासी छात्र पढ़ना चाहता है, तभी मोदी सरकार को बजट याद आता है। नेशनल ओवरसीज स्कॉलरशिप में चयनित 106 में से 66 वंचित छात्रों को सिर्फ इसलिए विदेश में पढ़ने की स्कॉलरशिप नहीं दी गई क्योंकि सरकार के पास 'फंड नहीं' है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राओं, प्रचार और इवेंटबाजी पर हजारों करोड़ रुपये बेहिचक खर्च किए जाते हैं। बीजेपी-आरएसएस नेताओं के बच्चों को कहीं पढ़ने पर कोई अड़चन नहीं है। मगर, जैसे ही कोई बहुजन छात्र आगे बढ़ता है, पूरा सिस्टम अड़ंगा लगाने लगता है। ये सिर्फ अन्याय नहीं, भाजपा का खुला बहुजन शिक्षा विरोध है। यही मनुवादी सोच आज फिर से एकलव्य का अंगूठा मांग रही है। मोदी सरकार को यह अमानवीय फैसला तुरंत पलटना होगा और इन 66 छात्रों को विदेश भेजना ही होगा। हम बहुजनों से शिक्षा का यह मौलिक अधिकार छिनने नहीं देंगे।

राहुल गांधी की आपत्ति वाजिब है, लेकिन सरकार को इस अन्याय से कोई फर्क पड़ता नहीं दिख रहा है।

# भारत के लिए चीन ही है सबसे बड़ा खतरा

भारत के उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत सिर्फ पाकिस्तान से ही नहीं, बल्कि चीन से भी लड़ रहा था। उन्होंने कहा कि मोर्चे पर पाकिस्तान था, जबकि चीन हथियार और अन्य सहायता मुहैया करा रहा था। नई दिल्ली में फिक्की के 'न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजी' इवेंट' में उपसेना प्रमुख ने एक बड़ा खुलासा यह किया कि चीन ने पाकिस्तान को हथियार दिए और उन हथियारों की टेस्टिंग के लिए भारत को प्रयोगशाला की तरह इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि चीन हमारे हर रणनीतिक कदम का लाइव अपडेट पाकिस्तान के साथ शेयर कर रहा था। भारतीय सेना के उच्च पदस्थ अफसर के इस खुलासे ने एक बार फिर इस तथ्य को गहराई से रेखांकित किया है कि भारत की सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा पहले भी चीन ही था और आज भी चीन ही है। अब तो वह पहले से भी ज्यादा बड़ा खतरा हो गया है, क्योंकि भारत सरकार की कूटनीतिक विफलता के चलते बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव आदि दक्षिण एशिया के लगभग सभी देश चीन के पाले में चले गए हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के खिलाफ चीन की जो भूमिका रही है, वह दिवंगत समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडीज की उस चेतावनी की याद दिलाती है, जिसमें उन्होंने चीन को भारत का दुश्मन नंबर एक करार दिया था। बात 27 साल पुरानी है। तब भी केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार थी जिसका नेतृत्व अटल बिहारी वाजपेयी कर रहे थे।

मई 1998 में वाजपेयी सरकार ने 'पोखरण-2' परमाणु परीक्षण किया था, जिसकी वजह से अमेरिका ने भारत को काली सूची में डाल दिया था। उस विस्फोट के बाद ही एनडीए सरकार के रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीज़ ने अपने एक चौंकाने वाले बयान में सामरिक दृष्टि से चीन को भारत का दुश्मन नंबर एक करार दिया था। जॉर्ज का यह बयान निश्चित ही ठोस सूचनाओं पर आधारित रहा होगा, जो रक्षा मंत्री होने के नाते उन्हें हासिल हुई होंगी। मगर उनका यह बयान कई लोगों को रास नहीं आया था। उनके ही कई साथी मंत्रियों ने उनके इस बयान पर नाक-भौं सिकोड़ी थी। आज की तरह उस समय भी कांग्रेस विपक्ष में थी और उसे ही नहीं, बल्कि एनडीए की नेतृत्वकारी भारतीय जनता पार्टी और उसके पितृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी जॉर्ज का यह बयान नागवार गुजरा था। वामपंथी दलों को तो स्वाभाविक रूप से जॉर्ज की यह साफगोई नहीं ही सुहा सकती थी, सो नहीं सुहाई थी।

यह दिलचस्प था कि संघ और वामपंथियों के रूप में दो परस्पर विरोधी विचारधारा वाली ताकतें इस मुद्दे पर एक सुर में बोल रही थीं, ठीक वैसे ही जैसे दोनों ने अलग-अलग कारणों से 1942 में 'भारत छोड़ो आंदोलन' का विरोध किया था। जॉर्ज के इस बयान के विरोध के पीछे भी दोनों की प्रेरणाएं अलग-अलग थीं। संघ परिवार जहां अपनी चिर-परिचित मुस्लिम विरोधी ग्रंथी के चलते पाकिस्तान के अलावा किसी और देश को भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा नहीं मान सकता था, वहीं वामपंथी दल चीन के साथ अपने वैचारिक बिरादराना रिश्तों के चलते जॉर्ज के बयान को खारिज कर रहे थे। कई तथाकथित रक्षा विशेषज्ञों और विश्लेषकों समेत मीडिया के एक बड़े हिस्से ने भी इसके लिए जार्ज की काफी लानत-मलानत की थी।



अनिल जैन

> मई 1998 में वाजपेयी सरकार ने 'पोखरण-2' परमाणु परीक्षण किया था, जिसकी वजह से अमेरिका ने भारत को काली सूची में डाल दिया था। उस विस्फोट के बाद ही एनडीए सरकार के रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीज़ ने अपने एक चौंकाने वाले बयान में सामरिक दृष्टि से चीन को भारत का दुश्मन नंबर एक करार दिया था। जॉर्ज का यह बयान निश्चित ही ठोस सूचनाओं पर आधारित रहा होगा।

जॉर्ज अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन चीन को लेकर उनका आकलन समय की कसौटी पर बीते दो दशकों के दौरान कई बार सही साबित हुआ है। इस समय भी चीन का रवैया जॉर्ज के कहे की तसदीक कर रहा है।

वैसे न तो चीनी खतरा भारत के लिए नया है और न ही उससे आगाह करने वाले जॉर्ज अकेले राजनेता रहे। 2017 में चीन की सेना जब डोकलाम में कई किलोमीटर अंदर तक घुस आई थी, तब संयुक्त मोर्चा सरकार में रक्षा मंत्री रहे मुलायम सिंह यादव ने भी अपने अनुभव के आधार पर चीनी खतरे के प्रति सरकार को आगाह किया था। इस मसले पर लोकसभा में बहस के दौरान मुलायम सिंह ने दो टूक कहा था कि भारत की सुरक्षा को सबसे बड़ा खतरा चीन से ही है और सरकार उसे हल्के में न ले।

दरअसल चीन ने जब तिब्बत पर कब्जा किया था, तब से ही वह भारत के लिए खतरा बना हुआ है। देश को सबसे पहले इस खतरे की चेतावनी डॉ. राममनोहर लोहिया ने दी थी। तिब्बत पर चीनी हमले को उन्होंने 'शिशु हत्या' करार देते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से कहा था कि वे तिब्बत पर चीनी कब्जे को मान्यता न दें, लेकिन नेहरू ने लोहिया की सलाह मानने के बजाय चीनी नेता चाऊ एनलाई से अपनी दोस्ती को तरजीह देते हुए तिब्बत को चीन का अविभाज्य अंग मानने में जरा भी देरी नहीं की। यह वह समय था जब भारत को आजाद हुए महज 11 वर्ष हुए थे और माओ की सरपरस्ती में चीन की लाल क्रांति भी नौ साल पुरानी ही थी। हमारे पहले प्रधानमंत्री नेहरू तब 'समाजवादी भारत' का सपना देख रहे थे, जिसमें चीन से युद्ध की कोई जगह नहीं थी। उधर माओ को पूरी दुनिया के सामने जाहिर करना था कि साम्यवादी कट्टरता के मामले में वे लेनिन और स्टालिन से भी आगे हैं। तिब्बत पर कब्जा उनके इसी मंसूबे का नतीजा था।

इतना सब होने के बावजूद लगभग एक दशक तक भारत-चीन के बीच राजनयिक रिश्ते अच्छे रहे। दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने एक-दूसरे के यहां कई यात्राएं कीं, लेकिन 1960 का दशक शुरू होते-होते चीनी नेतृत्व के विस्तारवादी इरादों ने अंगड़ाई लेना शुरू कर दी और भारत के साथ उसके रिश्ते शीतकाल में प्रवेश कर गए। तिब्बत जब तक आजाद देश था, तब तक चीन और भारत के बीच कोई सीमा विवाद नहीं था क्योंकि तब भारतीय सीमाएं सिर्फ तिब्बत से मिलती थीं। लेकिन चीन द्वारा तिब्बत को हथिया लिए जाने के बाद वहां तैनात चीनी सेना भारतीय सीमा का अतिक्रमण करने लगी। उन्हीं दिनों चीन द्वारा जारी किए गए नक्शों से भारत को पहली बार झटका लगा। उन नक्शों में भारत के सीमावर्ती इलाकों के साथ ही भूटान के भी कुछ हिस्से को चीन का भू-भाग बताया गया था। चूंकि इसी दौरान भारत यात्रा पर आए तत्कालीन चीनी नेता चाऊ एनलाई नई दिल्ली में पंडित नेहरू के साथ हिंदी-चीनी भाई-भाई का नारा लगाते हुए शांति के कबूतर उड़ा चुके थे, लिहाजा भावुक भारतीय नेतृत्व को भरोसा था कि सीमा विवाद बातचीत के जरिए निपट जाएगा। मगर 1962 का अक्टूबर महीना भारतीय नेतृत्व के भावुक सपनों के ध्वस्त होने का रहा, जब चीन की सेना ने पूरी तैयारी के साथ भारत पर हमला बोल दिया। हमारी सेना के पास मौजूं सैन्य साजो-सामान का अभाव था। लिहाजा भारत को पराजय का कड़ुवा घूंट पीना पड़ा और चीन ने अपने विस्तारवादी नापाक मंसूबों के तहत हमारी हजारों वर्ग मील जमीन हथिया ली। इस तरह तिब्बत पर चीनी कब्जे के वक्त लोहिया द्वारा जताई गई आशंका सही साबित हुई।

चीन से मिले इस गहरे जख्म के बाद दोनों देशों के रिश्तों में लगभग डेढ़ दशक तक बर्फ जमी रही जो 1970 के दशक के उत्तरार्ध में केंद्र में पहली गैर कांग्रेसी सरकार बनने पर कुछ हद तक हटी। दोनों देशों के बीच एक बार फिर राजनयिक रिश्तों की बहाली हुई। तब से लेकर अब तक दोनों देशों के बीच राजनयिक रिश्ते भी बने हुए हैं और पिछले ढाई दशक के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार में भी 32 गुना इजाफा हो गया है। लेकिन इस सबके बावजूद चीन के विस्तारवादी इरादों में कोई तब्दीली नहीं आई है। कभी उसकी सेना हमारे यहां लद्दाख में घुस आती है तो कभी सिक्किम में और कभी अरुणाचल में। अपने नक्शों में भी वह जब-तब इन इलाकों को अपना बता देता है। उसके ऐसा करने का सिलसिला पिछले एक दशक के दौरान काफी तेज हो गया है, जिसके चलते दो-तीन मर्तबा दोनों देशों की सेनाएं भी आमने-सामने आ चुकी हैं। अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख में तो चीनी सेना कई किलोमीटर तक अंदर आकर अपनी चौकियां कायम कर चुकी हैं लेकिन सरकार के उसकी इन हरकतों पर कभी गंभीरता नहीं दिखाई। उसने अपने घरेलू राजनीतिक तकाजों के मद्देनजर हमेशा पाकिस्तान को ही भारत के लिए बड़ा खतरा माना।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# विवादास्पद चार श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन का भाग्य दांव पर

■ **डॉ. ज्ञान पाठक**

देश भर के औद्योगिक क्षेत्रों से मिल रहे सभी संकेत बताते हैं कि 9 जुलाई, 2025 को अखिल भारतीय मज़दूर हड़ताल एक निर्णायक दौर होगा, जिसके परिणाम, चाहे अच्छे हों या बुरे, मज़दूर संघों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार दोनों को ही भुगतने होंगे और उनसे निपटना होगा। इस आम हड़ताल की सफलता या विफलता चार विवादास्पद श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन का भाग्य तय कर सकती है, जिन्हें फिलहाल रोक रखा गया है, लेकिन केंद्र उन्हें जल्द से जल्द लागू करना चाहता है।

केंद्र की कार्रवाइयों में जो विरोधाभास देखा जा रहा है, उसने मज़दूरों को सरकार की असली मंशा के बारे में सबसे ज़्यादा आशंकित कर दिया है। सरकार ने चार श्रम संहिताओं –एक 2019 में भारत की संसद में पारित होने के बाद, और तीन 2020 में –को कई कारणों से रोक रखा है, जिसमें अखिल भारतीय हड़ताल की कार्रवाई सहित अनेक विरोध प्रदर्शन सहित कामगारों का कड़ा विरोध, केंद्र और राज्यों के अपने नियमों के साथ तैयार न होना, और भारतीय औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा आवश्यक उपाय के साथ तैयार न रहना शामिल है। हालांकि, सरकार श्रम कानूनों के वर्तमान ढांचे में संहिताओं के विभिन्न प्रावधानों को लागू कर रही है।

> पश्चिम बंगाल और केरल जैसे राज्य उन राज्यों में से हैं जो श्रम संहिताओं के तहत विभिन्न प्रावधानों पर आपत्ति जता रहे हैं। केंद्र सरकार का इरादा 1 अप्रैल, 2025 से श्रम संहिताओं को लागू करने का था, क्योंकि लगभग 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने पहले ही चार संहिताओं के अनुरूप मसौदा नियम प्रकाशित कर दिये थे और लगभग 20 ने उन परिवर्तनों को लागू कर दिया था।

मौजूदा श्रम कानूनों में न केवल केंद्रीय स्तर पर बल्कि राज्य स्तर पर भी संशोधन किये जा रहे हैं। उदाहरण के लिए, कई राज्य सरकारों ने महिलाओं के लिए रात की पाली में काम करने, निश्चित अवधि के रोजगार की अनुमति देने के लिए श्रम कानूनों में संशोधन और कारखाना अधिनियम, अनुबंध श्रम अधिनियम और औद्योगिक विवाद अधिनियम जैसे श्रम कानूनों की प्रयोज्यता के लिए श्रमिकों की सीमा बढ़ाना शामिल है, जिससे नियोक्ताओं को 'नौकरी पर रखने और निकालने' की खुली छूट मिल गयी है।

पश्चिम बंगाल और केरल जैसे राज्य उन राज्यों में से हैं जो श्रम संहिताओं के तहत विभिन्न प्रावधानों पर आपत्ति जता रहे हैं। केंद्र सरकार का इरादा 1 अप्रैल, 2025 से श्रम संहिताओं को लागू करने का था, क्योंकि लगभग 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने पहले ही चार संहिताओं के अनुरूप मसौदा नियम प्रकाशित कर दिये थे और लगभग 20 ने उन परिवर्तनों को लागू कर दिया था। फिर भी, 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के कड़े विरोध और सरकार का समर्थन करने वाले भारतीय मजदूर संघ द्वारा भी कुछ प्रावधानों पर व्यक्त की गयी कुछ आपत्तियों के कारण अधिसूचना को स्थगित कर दिया गया था।

केंद्र द्वारा 1 अप्रैल, 2025 से श्रम संहिताओं को लागू करने के अपने इरादे से पीछे हटने का एक प्रमुख कारण राष्ट्रीय श्रमिक सम्मेलन द्वारा 20 मई, 2025 को अखिल भारतीय श्रमिक हड़ताल का आह्वान किया जाना था, जो सामान्य रूप से केंद्र की श्रम-विरोधी नीतियों और विशेष रूप से नये श्रम संहिताओं और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण के खिलाफ अपने दो महीने के श्रमिक अभियान के समापन पर आयोजित था। श्रमिक आंदोलन का आह्वान उनकी 17सूत्री मांगों पर जोर देने के लिए किया गया था।

इस बीच, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 7 मई को पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य जवाबी कार्रवाई की, जिसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों –इंटक, एटक, हिमस, सीटू, एआईटीयूसी, टीयूसीसी, सेवा, एआईसीसीटीयू, एलपीएफ, और यूटीयूसी – और स्वतंत्र क्षेत्रीय संघों के संयुक्त मंच ने 15 मई को नई दिल्ली में स्थिति की समीक्षा करने के लिए बैठक की और 9 जुलाई को होने वाली मजदूरों की हड़ताल को पुनर्निर्धारित करने का फैसला किया। 9 जुलाई को होने वाली अंतिम अखिल भारतीय हड़ताल के लिए 20 जून से 8 जुलाई तक पूरे देश में विरोध गतिविधियों के साथ एक तैयारी आंदोलन कार्यक्रम की भी घोषणा की गयी थी। अब तक के तैयारी आंदोलन कार्यक्रम बहुत प्रभावशाली रहे हैं, और इसलिए कोई यह निष्कर्ष निकाल सकता है कि 9 जुलाई की मजदूरों की हड़ताल बहुत बड़ी होगी।

बैंक और बीमा यूनियनों ने देशव्यापी हड़ताल में भाग लेने की घोषणा की है। उनकी प्रमुख मांगों में निजीकरण को रोकना, एफडीआई वृद्धि का विरोध और पुरानी पेंशन योजना को बहाल करना शामिल है। संयुक्त किसान मोर्चा सहित किसान और खेत मजदूर संघ भी मजदूरों की हड़ताल में भाग लेंगे, जो देश भर में सड़कों और गलियों में अपनी उपस्थिति के साथ 9 जुलाई की हड़ताल को और भी मजबूत बना देगा। सरकार समर्थित बीएमएस इस हड़ताल में भाग नहीं लेगा। वे न तो हड़ताल का विरोध कर रहे हैं और न ही समर्थन कर रहे हैं, जो 9 जुलाई की हड़ताल को और अधिक महत्वपूर्ण बनाता है।

कई अन्य श्रमिक संगठन और कर्मचारी संघ भाग लेने के लिए कूद पड़े हैं। बिहार में विपक्षी महागठबंधन (इंडिया ब्लॉक) दलों ने 9 जुलाई की हड़ताल में भाग लेने का फैसला किया है और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। आरजेडी और सीपीआई (एम)एल ने पहले ही पूरे राज्य में 9 जुलाई को अपने आंदोलन कार्यक्रम तैयार कर लिए हैं।

कई खदानों और कोलियारियों के कर्मचारी भी इस हड़ताल में भाग लेने जा रहे हैं। 9 जुलाई की हड़ताल की यह भी एक नयी विशेषता है, क्योंकि परंपरागत रूप से उनके अपने आंदोलन कार्यक्रम होते हैं।

ऑल इंडिया रेलवेमेन्स फेडरेशन ने भी हड़ताल का समर्थन किया है। देश भर में आयोजित किये जा रहे तैयारी संबंधी आंदोलन कार्यक्रमों से संकेत मिलता है कि 9 जुलाई की हड़ताल देश की सबसे बड़ी हड़तालों में से एक हो सकती है, जिसमें 20 करोड़ से अधिक कर्मचारी भाग ले सकते हैं। यह हड़ताल भारत में अब तक हुई 22 देशव्यापी आम हड़तालों में से किसी अन्य हड़ताल की तरह नहीं है, बल्कि इसका विशेष महत्व है, क्योंकि यह श्रमिकों के मूल अधिकारों, जैसे संगठित होने और सामूहिक कार्रवाई करने के उनके अधिकार, तथा सरकार की श्रमिक-विरोधी और कॉर्पोरेट-समर्थक नीतियों के विरुद्ध उनकी एकता और संघर्ष की रक्षा करना चाहती है।

## आपके पत्र

### ग्लोबल हिंसा-युद्ध बड़े शासकों की सनक का परिणाम

किसी भी विचार या मुद्दों से असहमति के प्रतिफल में हिंसा या क्रूरता नहीं की जा सकती। विचारों से असहमति और हिंसा के विरोध में प्रतिहिंसा समस्या का हल नही हो सकतौ। सबसे ताजा हिंसात्मक परिणाम फिलिस्तीन-इजरायल युद्ध के रूप में सामने आया है। जिसमें 20000 लोगों की जान चली गई और 50000 लोगों से ज्यादा घायल मानविय शरीर कराह रहे हैं। इजराइल ने फिलीस्तीन, हमास, लेबनान को तबाह कर दिया है आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह को नेस्तनाबूत करने की बात तो एक बार समझ में आती है पर लेबनान के 50 लाख लोगों को देश छोड़ने पर मजबूर कर देना तानाशाही का एक भयानक रूप ही दिखाई देता है। इसके बाद भी उसकी हिंसा की प्यास नहीं बुझी है और अमेरिका ईरान- इजरायल युद्ध में अमेरिका ने युद्ध के सबसे बड़े हथियार रूपी हवाई जहाज से ईरान के संग्रहण ठिकानों में हवाई हमला कर युद्ध का रौद्र रूप दिखाया। इजरायल-ईरान आपस में बैलिस्टिक मिसाइल से हमला कर एक दूसरे के महत्वपूर्ण ठिकानों को तबाह कर दिया है। दूसरी तरफ रूस यूक्रेन युद्ध को 2 साल से ज्यादा समय हो चुका है। इस युद्ध ने दोनों देशों के लाखों लोगों को बेघर कर दिया गया है और हजारों लोगों की जान चली गई है। दोनों देशों के अरबों रुपए इस युद्ध में खर्च हो चुके हैं यदि इस धनराशि का उपयोग विकास के लिए किया गया होता तो आज दोनों देशों में शांति के साथ विकास भी होता।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक, प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है। यहां वैचारिक चिंतन, सम्प्रभुता, लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया-प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर असहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है। आंदोलन का स्वरूप सदैव शांतिपूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में राशि से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं, जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है।

**-संजीव ठाकुर**



## ललित सुरजन की कलम से

### शिक्षा और परीक्षा

*'एक बात समझ आती है कि देश में बहुत सी अन्य बातों के साथ शिक्षा जगत में भी जो परिवर्तन नज़र आते हैं उसका बहुत कुछ श्रेय नवपूंजीवादी विश्वव्यवस्था को है। कभी-कभी महसूस होता है कि सारी दुनिया जैसे किसी दौड़ में भाग ले रही है, एक के पीछे एक लोग भागे जा रहे हैं, क्यों, कहां, किसलिए यह शायद किसी को पता नहीं। आजकल तो हर किसी मौके पर दौड़ों का आयोजन होने लगा है- रन फॉर दिस, रन फॉर दैट, शायद इसी सोच का प्रतिबिंब है इधर हाल में बहुत सी कॉमेडी फिल्में आई हैं जैसे वेलकम आदि। उनमें भी सब लोग इसी तरह यहां से वहां दौड़ लगाते नज़र आते हैं, लेकिन अंत में हासिल कुछ नहीं होता। ये फिल्में भी एक तरह से इस नई सोच को ही दर्शाती हैं। अब चूंकि भारत भी विश्व ग्राम का अंग बन चुका है, जिसका पहला प्रमाण हमारे सामने पुराने गुडग़ांव और नए गुरुग्राम के रूप में सामने है, तो स्वाभाविक ही हम दौड़ में किसी से पीछे नहीं रहना चाहते। इसका परिणाम है कि शिक्षा का निजीकरण प्रत्यक्ष और परोक्ष दोनों रूपों में हो रहा है। बहुत सारे निजी विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, तकनीकी संस्थान इत्यादि प्रत्यक्ष उदाहरण हैं किंतु परोक्ष निजीकरण का मामला एकदम से समझ नहीं आता।'*

**( देशबन्धु में 15 जुलाई 2017 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/06/blog-post_14.html

## पावन प्रसंग

### प्रतिभा का दुरुपयोग न हो

सुल्तान महमूद के दरबार में कवियों और कलाकारों के लिए अच्छा शरण स्थल बना हुआ था। उन दिनों प्राय: प्रत्येक राजा-महाराजा अपने दरबार में कवि रखा करते थे, जो शौर्य, पराक्रम और उदारता की मनगढ़ंत कहानियां गढ़कर गीत बनाकर राजा- महाराजा की महिमा गाया करते थे। राजा-महाराजा बदले में बहुत सारा धन उन्हें पुरस्कार स्वरूप प्रदान करते। एक प्रकार से यह व्यवसाय ही बन गया था। सुल्तान महमूद के प्रसिद्ध राज दरबार में भी एक शायर थे, जिनका नाम था, सनाई। सनाई उच्चकोटि के शेर और गजलें लिखते, परंतु वे होतीं सब सुल्तान की प्रशंसा में। प्राय: वे सुल्तान की प्रशंसा में नए-नए शेर गाते, गजलें लिखते और राज दरबार में गाकर सुनाते। इसके बदले में उन्हें पुरस्कार भी खूब मिलता और सम्मान भी। प्रतिष्ठा और पुरस्कार ने उन्हें गर्वोन्नत भी कर दिया था।

एक बार की घटना है। उन्होंने सुल्तान की प्रशंसा में कुछ शेर लिखे। उन्हें सुनाने के लिए वे राज दरबार की ओर चले। मार्ग में एक मदिरालय था, उसमें कोई शराबी मद्यपान कर रहा था। प्राय: ही लोग वहां शराब पीते, उनका ध्यान कदाचित ही उस ओर जाता। उस दिन उनके पैर अनायास ही ठिठक गए। कारण था अंदर से कुछ आवाज आ रही थी। कोई पियक्कड़ साथी से कह रहा था-' सुल्तान महमूद के अंधेपन की गमजोई में ला एक पैगाम दे।'

'बेवकूफ' -साकी कह रहा था, ' कोई सुन लेगा तो तेरा सर सीधा कलम हो जाएगा। क्यों अपनी मौत को आवाज दे रहा है।'

'दावत नहीं सच बात कह रहा हूं। इसमें बेजा क्या है ? सुल्तान अंधा नहीं तो क्या है ?'

'अंधेपन की क्या निशानी देखी तूने सुल्तान में ?'

'बहुत कुछ देखा है'। पीने वाले ने कहा।

'सुल्तान के पास सुख से रहने के लिए किसी बात की कमी नहीं। उनके पास धन है, दौलत है, फिर उसे कुछ दिखाई नहीं देता। जो चीजें उनके पास हैं, उन्हें और बटोरने के लिए वह पड़ोसी राज्यों पर हमले करते हैं। वहां लूटमार मचाते हैं। हजारों बेगुनाहों को मौत के घाट उतार देते हैं। यह अंधापन नहीं तो क्या है ?'

सनाई वहीं खड़े रहे, कुछ सोच विचार करने लगे। अंदर से फिर वही आवाज आई-'ला एक और जाम दे। सनाई की बेवकूफी पर। अब तो साकी को चिढ़ सी आ गई। सनाई के कान भी ख़ड़े हो गए, ध्यान से सुनने के लिए। साकी कह रहा था- तुमने यह क्या बकवास लगा रखी है ? सनाई जैसे उम्दा शायर के लिए तुम्हें यह बोलते शर्म नहीं आती।

मानता हूं दोस्त, सनाई बहुत उम्दा शायर हैं, पीने वाला कह रहा था-'परंतु उन सा बेवकूफ भी दुनिया में खोजे नहीं मिलेगा। वह कागज को रंगता भर है, जबकि मालिक ने उसे बहुत बड़ा हुनर दिया। वह नहीं जानता कि खुदा ने उसे क्यों पैदा किया ? और वह उसकी दी हुई काबिलियत को अंधे सुल्तान की तारीफ करने में ही खर्च कर रहा है।'

शराबी की इन बातों को सुनकर जिसे साकी निरी बकवास ही समझ रहा था, सनाई की आंखें खुल गईं। उनके हृदय में जैसे तीर से चुभने लगे हों और वे उलटे पांव लौट आए, वापस अपने घर। सुल्तान की प्रशंसा में उन्होंने जो नए शेर तैयार किए थे, उनको रास्ते में ही फाड़कर फेंक दिए।

बहुत देर तक ही नहीं दो-चार दिनों तक जब सनाई दरबार में नहीं आए तो सुल्तान ने खबर भिजवाई। संदेश वाहकों ने वापस आकर जो कुछ कहा, उसने सभी को सकते में डाल दिया कि सनाई घर पर हैं। बाद में पता चला कि सनाई अमुक स्थान पर फकीर के रूप में रूहानी गीत गाते देखे गए।

**युग निर्माण योजना**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## ट्रंप का नया आयात शुल्क निर्णय खेदजनक : जापान

**टोक्यो।** प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने मंगलवार को कहा कि जापान पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने का अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का निर्णय 'वास्तव में खेदजनक' है। श्री इशिबा ने इसके साथ कहा कि द्विपक्षीय वार्ता पारस्परिक रूप से लाभकारी सौदे की दिशा में जारी रहेगी। उन्होंने 'टैरिफ टास्क फोर्स' की बैठक में कहा कि सरकार भविष्य में व्यापार वार्ता के दौर में राष्ट्रीय हितों की रक्षा से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने निर्यातोन्मुखी जापानी अर्थव्यवस्था पर संभावित आयात शुल्क वृद्धि के प्रभाव को कम करने के लिए हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिया। प्रधानमंत्री इशिबा ने बैठक में कहा कि हम अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए पारस्परिक हितकारी समझौते तक पहुंचने की संभावना का पता लगाने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखेंगे।

# देश विदेश

# संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मिले पीएम मोदी

**रियो डी जेनेरियो/नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र में सुधारों की मांग को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील यात्रा के दौरान रियो डी जेनेरियो में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और कुछ अन्य नेताओं से मुलाकात की।ब्रिक्स सम्मेलन से इतर मोदी ने गुटेरेस के अलावा चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट और न्यू डेवलपमेंट बैंक की अध्यक्ष तथा ब्राजील की पूर्व राष्ट्रपति डिल्मा रूसेफ के साथ मुलाकात की तथा विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। श्री मोदी ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान संयुक्त राष्ट्र महासचिव श्री एंटोनियो गुटेरेस से बातचीत की। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट से मिलकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने कहा कि भारत-चिली की दोस्ती और मजबूत हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने न्यू डेवलपमेंट बैंक की अध्यक्ष और ब्राजील की पूर्व राष्ट्रपति डिल्मा रूसेफ के साथ बातचीत सार्थक रही। उल्लेखनीय है कि



**चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट से मिलकर बहुत खुशी हुई : नरेन्द्र मोदी**

श्री मोदी पांच देशों की यात्रा के चौथे चरण में ब्राजील में हैं जहां उन्होंने रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लिया। इसके बाद वह राजकीय यात्रा पर ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे हुए हैं।

### टेक्सास में बाढ़ से अब तक 100 मौत, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जताया दुख

**यूनाइटेड नेशंस।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस अमेरिका के टेक्सास राज्य में बाढ़ के कारण हुई मौतों से दुखी हैं। महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव को टेक्सास में हाल ही में आई बाढ़ के कारण जानमाल के नुकसान, खासकर बड़ी संख्या में बच्चों की मौत पर गहरा दुख है। यह त्रासदी उस समय हुई, जब हॉलिडे वीकेंड के दौरान उत्सव का माहौल होना चाहिए था। प्रवक्ता ने कहा कि गुटेरेस ने पीड़ितों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है और प्रभावित सभी लोगों, टेक्सास के नागरिकों और अमेरिका सरकार के साथ एकजुटता जताई है। अधिकारियों के मुताबिक अमेरिका के टेक्सास में अचानक आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या 100 से अधिक हो गई है, जबकि कई लोग लापता भी हैं। राहत और बचाव दल की टीमें नदी के किनारों पर अभियान चला रही हैं, जो कीचड़ से भरे पड़े हैं। वहीं, इस क्षेत्र में अभी भी बारिश और तूफान की आशंका जताई जा रही है। त्रासदी के चार दिन बीत जाने के बाद जीवित बचे लोगों के मिलने की उम्मीदें अब धुंधली हो रही हैं।

# पाक कोर्ट ने बलूच को 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा

**क्वेटा,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तान की एंटी-टेररिज्म कोर्ट (एटीसी) ने मानवाधिकार कार्यकर्ता और बलूच यकजिहती कमेटी (बीवाईसी) की प्रमुख माहरंग बलूच को मंगलवार को पेशी के बाद 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। यह कार्रवाई उन एफआईआर के आधार पर की गई है, जिन्हें बीवाईसी ने 'फर्जी और मनगढ़ंत' बताया है। बीवाईसी की कार्यकर्ता समी दीन बलूच के अनुसार, मंगलवार सुबह माहरंग बलूच और अन्य नेताओं के खिलाफ 'पब्लिक ऑर्डर की सुरक्षा' से जुड़ी धारा 3 एमपीओ को अचानक वापस ले लिया गया। इसके तुरंत बाद उन्हें एटीसी में पेश किया गया, जहां से उन्हें फर्जी मामलों में क्वेटा पुलिस के हवाले कर दिया गया। समी दीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यह कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया पर सवाल खड़े करती है और यह दर्शाती है कि राजनीतिक कार्यकर्ताओं के खिलाफ सत्ता का दुरुपयोग हो रहा है। माहरंग बलूच की बहन नादिया बलूच ने जानकारी दी कि मंगलवार को तीन एमपीओ मामलों की समीक्षा के लिए जजों की एक बोर्ड बैठक निर्धारित थी, लेकिन उससे कुछ घंटे पहले ही गिरफ्तारी के आदेश वापस लेकर नेताओं को नए आरोपों में दोबारा हिरासत में ले लिया गया। बीवाईसी ने बताया कि पिछले हफ्ते उनकी प्रमुख माहरंग बलूच, केंद्रीय सदस्य



**राजनीतिक कार्यकर्ताओं के खिलाफ सत्ता का दुरुपयोग हो रहा है : समी दीन**

बिबगर बलूच, सुभगातुल्लाह शाह, कार्यकर्ता गुलजादी बलूच, बेबो बलूच और राजनीतिक नेता मामा गफ्फार व इमरान बलूच को बिना किसी कानूनी आधार के तीन महीने के लिए हिरासत में लिया गया था। बीवाईसी के अनुसार, इन्हें एमपीओ के तहत गिरफ्तार किया गया और हर महीने अवैध रूप से हिरासत अवधि बढ़ाई जाती रही। एक महीने बाद मामला होम डिपार्टमेंट को सौंप दिया गया और बार-बार कार्यवाही को टालने की रणनीति अपनाई गई। 22 जून को एमपीओ की अवधि समाप्त हो गई, लेकिन 15 दिन बीतने के बाद भी न तो इन्हें रिहा किया गया, न ही कोई न्यायिक बोर्ड गठित किया गया और न ही परिवारों को किसी प्रकार की कानूनी जानकारी दी गई। बीवाईसी ने सभी नेताओं की तत्काल रिहाई की मांग की है और पाकिस्तान सरकार से अपील की है कि वह राजनीतिक आंदोलनों को बलपूर्वक कुचलने के 'विफल प्रयोग' को तुरंत बंद करे।

## सुडोकू 6968

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | 6 | | |
| | 3 | | 9 | | 7 | | 4 | 5 |
| | 2 | | | | 6 | 8 | | 7 |
| | | 2 | | 4 | 9 | | | |
| | | 7 | | | | 3 | | |
| | | | 7 | 6 | | 5 | | |
| 2 | | 5 | 6 | | | | 8 | |
| 1 | 4 | | 8 | | 3 | | 5 | |
| | | 3 | 2 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 9 जुलाई , 2025 आषाढ़ शुक्ल पक्ष 13**

### राशिफल

मेष - आज आप सुस्त रहेंगे। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। स्वभाव में उग्रता बढ़ने से आपका काम बिगड़ सकता है, इसलिए उग्रता पर अंकुश में रखना हितकर है।

वृषभ - अत्यधिक कार्यभार तथा खान-पान में असावधानी रखने के कारण स्वास्थ्य नरम-गरम बना रहेगा। पर्याप्त मात्रा में नींद और आहार न मिलने से मन बेचैन रहेगा। आज प्रवास न करना आपके हित में है।

मिथुन - मौज-मस्ती और मनोरंजन की प्रवृत्तियों में आपको विशेष रुचि होगी। परिजन, दोस्तों या प्रिय व्यक्ति के साथ बाहर घूमने-फिरने का आयोजन होगा। सार्वजनिक जीवन में मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

कर्क - आज के दिन आपको चिंता रहित और खुश रखेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ विशेष समय व्यतीत करेंगे। कार्य में सफलता और यश मिलेगा। नौकरीपेशा वालों को नौकरी में लाभ होगा।

सिंह - आज आप शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से काम करेंगे। सृजनात्मक प्रवृत्तियों में विशेष दिलचस्पी रहेगी। साहित्य और कला के क्षेत्र में कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी। प्रेमीजनों और प्रिय व्यक्ति के साथ मुलाकात होगी।

कन्या - आज आपको विरोध का सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। शारीरिक स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रहेगी। मन पर चिंता का बोझ रहने से मानसिक बेचैनी का अनुभव होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होगा।

तुला - नए काम की शुरूआत के लिए दिन अनुकूल है। भाग्यवृद्धि और धनलाभ की संभावनाएं हैं। पारिवारिक या व्यावहारिक काम के लिए बाहर जाना पड़ेगा। धार्मिक प्रवास का सफल आयोजन होगा। विदेश से शुभ समाचार मिलेगा।

वृश्चिक - आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। ज्यादातर समय चुप रहेंगे, तो पारिवारिक सदस्यों के साथ संघर्ष से बच सकेंगे। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी। अनावश्यक खर्च पर अंकुश लगाना आवश्यक है।

धनु - आज आपके तन-मन की स्वस्थता बनी रहेगी। आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा होगी। स्नेहीजन और मित्रों से मिलकर आनंद का अनुभव होगा। पारिवारिक संबंध गहरे बनेंगे। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

मकर - आज आप धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में ज्यादा व्यस्त रहेंगे। पूजा-पाठ या धार्मिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। अधिक परिश्रम के बावजूद कम सफलता मिलने से हताशा पैदा होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कुंभ - नए काम को आज शुरू कर देंगे। नौकरी धंधे में लाभ के साथ अतिरिक्त आय होगी। दोस्तों, खासकर महिला मित्रों से आपको लाभ होगा। सामाजिक मंडल में आप ख्याति और प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे।

मीन - आपके लिए आज का दिन शुभफलदायक है। काम की सफलता और उच्च अधिकारियों का प्रोत्साहन आपके उत्साह को दोगुना करेंगे। व्यापारियों की भी आय में वृद्धि होगी। बकाया राशि का भुगतान होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# नेपाल-चीन बॉर्डर पर फटा बादल, 18 लोग लापता, सर्च अभियान जारी

**काठमांडू,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। नेपाल के रसुवा जिले में मंगलवार तड़के अचानक आई बाढ़ के चलते 18 लोग लापता हो गए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लापता लोगों में तीन पुलिसकर्मी, नौ नागरिक और छह चीनी नागरिक शामिल हैं। यह जानकारी रसुवा के सहायक प्रमुख जिला अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि बाढ़ ने नेपाल-चीन फ्रेंडशिप ब्रिज (मैत्री पुल) और ड्राय पोर्ट में खड़ी कई नई इलेक्ट्रिक वाहनों को बहा दिया। रसुवा के मुख्य जिला अधिकारी अर्जुन पौडेल के हवाले से 'द काठमांडू पोस्ट' ने लिखा, बाढ़ ने फ्रेंडशिप ब्रिज और ड्राय पोर्ट पर खड़ी कई ईवी को बहा दिया। ऐसा संदेह है कि कुछ लोग बाढ़ के समय गाड़ियों के अंदर थे, लेकिन इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि कई लोग, जिनमें सुरक्षा बल के जवान



■ **लापता लोगों में तीन पुलिसकर्मी, नौ नागरिक और छह चीनी नागरिक शामिल हैं**

भी शामिल हैं, जो राहत और बचाव कार्य में लगे थे, उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। इस बीच नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा कि सरकार राहत और बचाव कार्यों को 'युद्ध स्तर' पर अंजाम दे रही है। ओली ने लिखा, त्रिशूली नदी में आई बाढ़ से कई लोगों की जान गई है, कुछ अब भी लापता हैं और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। सरकार प्रभावित लोगों के बचाव के लिए संसाधनों को युद्धस्तर पर लगा रही है। इस नदी में आगे चलकर भोटेकोशी नदी मिलती है। प्रधानमंत्री ने मृतकों के प्रति संवेदना और पीड़ितों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वह सुरक्षा एजेंसियों से लगातार रिपोर्ट ले रहे हैं और सभी गैर-जरूरी कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की प्रतिक्रिया में किसी तरह की कमी न आने दी जाए।

## पीएम नेतन्याहू ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बताया 'ट्यूमर'

**वाशिंगटन,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। ईरान के साथ युद्धविराम की घोषणा के कुछ दिन बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का बड़ा बयान आया है। नेतन्याहू ने कहा कि हमने ईरान के परमाणु और मिसाइल खतरों के 'ट्यूमर' को हटा दिया है, लेकिन निगरानी जरूरी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और मेरे बीच (इजरायल और अमेरिका के बीच साझेदारी) की साझेदारी ने एक ऐतिहासिक जीत हासिल की है।


उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान के खिलाफ निर्णायक परिणाम हासिल किया। नेतन्याहू ने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ डिनर से पहले पत्रकारों से कहा कि हमने इजरायल की जान को खतरे में डाल रहे दो ट्यूमर (परमाणु ट्यूमर और बैलिस्टिक मिसाइल ट्यूमर) को कुछ हद तक रोक दिया है। नेतन्याहू ने कहा कि वे लोग ऐसी 20,000 चीजें (मिसाइलें) बनाने और उन्हें न्यू जर्सी जैसे छोटे देश पर छोड़ने की योजना बना रहे थे।

## संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान पर प्रस्ताव के मतदान से अलग रहा भारत

**संयुक्त राष्ट्र/ नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। भारत ने अफगानिस्तान में महिलाओं की दशा और आंतकवाद की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव पर मतदान से खुद को अलग रखते हुये कहा है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह सुनिश्चित करने का समन्वित प्रयास करना चाहिए ताकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से घोषित आतंकवादी संगठन और व्यक्ति अपनी करतूतों के लिये अफगान क्षेत्र का दुरुपयोग न कर सकें। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पी हरीश ने प्रस्ताव पर अपने वक्तव्य में 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले की अफगानिस्तान के तालिबान शासकों की ओर से गयी कड़ी निंदा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान के निर्माण के प्रयासों में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। श्री हरीश ने यह कहते हुये कि केवल दंडात्मक कार्रवाई से अफगानिस्तान की स्थिति में सुधार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इसी दृष्टिकोण से 'भारत ने इस प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहने का फैसला किया है।' उन्होंने दोहराया कि सभी संबंधित हितधारकों के साथ निरंतर जुड़ाव और एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान की दिशा में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## अमेरिका में रहने वाले भारतीय परिवार के 4 सदस्यों की कार दुर्घटना में मौत


**डलास (संयुक्त राज्य अमेरिका),** 8 जुलाई (एजेंसियां)। संयुक्त राज्य अमेरिका में एक कार दुर्घटना में चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। हैदराबाद निवासी सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य थे। उनकी कार को एक मिनी ट्रक ने सामने से टक्कर मारी, जिसमें चारों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान वेंकट बेजुगम, उनकी पत्नी तेजस्विनी चोल्लेटी और उनके दो बच्चे सिद्धार्थ और म्रीदा बेजुगम के रूप में हुई है। मूल रूप से यह परिवार सिकंदराबाद के सुचित्रा क्षेत्र का रहने वाला था। यूएसए में यह परिवार डलास के पास ऑबरी स्थित सटन फील्ड्स इलाके में रह रहा था। वेंकट बेजुगम अपनी पत्नी और बच्चों के साथ अटलांटा में अपने रिश्तेदारों से मिलकर डलास लौट रहे थे। इस दौरान वो दुर्घटना का शिकार हुए। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब एक मिनी ट्रक कथित तौर पर गलत लेन में तेज गति से चल रहा था और इस दौरान सामने से आ रही कार से टकरा गया। जोरदार टक्कर के बाद कार में आग लग गई। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़



■ **कार को एक मिनी ट्रक ने सामने से टक्कर मारी, जिससे चारों की मौत हो गई**

चुके थे और आग लगने के बाद वो पूरी तरह खाक हो गई। इस बीच परिवार उस कार से नहीं निकल पाया और सभी लोग जिंदा जल गए। दर्दनाक हादसे में मौत के बाद उनके पार्थिव शरीरों को अंतिम संस्कार के लिए भारत लाया जाएगा। फिलहाल 'टीम एड' नाम का एक गैर-लाभकारी संगठन मृतक के परिवार और दोस्तों के साथ कॉर्डिनेशन कर रहा है। यह संगठन संकट में प्रवासियों की सहायता करता है और मृत लोगों के शवों को उनके देश भेजने में मदद करता है।

## वर्ग पहेली 6968




**बायें से दायें:-**

१.दिखाई देता हुआ
४. बहुत ही मशहूर
६. पैदायशी अंधा
७. जोड़ा, जो दो की संख्या में हो
८. नीरस, फीका, बेमजा
१०. बंधन कड़ा करना, कसकर बाँधना
११. कर या शुल्क का अतिरिक्त भार जो विशेष परिस्थितियों में किसी पर डाला जाए
१३. निदा, जुगुप्सा
१४. लाल कमल, चांदी, विष्णु, कपूर
१५. जिस पर असर पड़ा हो
१७. (के) स्थान पर, बदले में (उर्दू)
१९. इम्तहान, गुण-दोष योग्यता आदि जानने के लिए किया गया काम
२१. मिलाने वाला, जोड़ने वाला
२२. राहगीरों को लूटने का काम (उर्दू)
२४. अदालत

**ऊपर से नीचे:-**

१. शिव, धृतराष्ट्र का एक पुत्र, दृढ़ता पूर्वक अस्त्र चलाने वाला
२. श्रीकृष्ण
३. चंद्रमा
४. गोश या खराबी का दूर होना
५. सैनिक
९. जिसे नृत्य करना पसंद हो, मोर
११. हैरानी, अचरज
१२. विभक्त, भाग किया हुआ
१३. साहित्य सम्मान (उर्दू)
१४. दस से बारह वर्ष की कन्या कुंआरी कन्या, दुर्गा
१५. प्रतिद्वंद्वी, शत्रु, विरोधी
१६. वह विषाक्त कन्या जिसके संसर्ग करने से मृत्यु हो जाती है
१८. उचित, ठीक (उर्दू)
१९. प्रारंभ, शुरुआत
२०. जड़ी-बूटी या खनिजोंका रासायनिक विधि से बनाया गया नमक
२३. जो ऊपर न हो,अधो

### वर्ग पहेली-6967



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1816-अर्जेंटिना ने स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की।
1819-सिलाई मशीन के अवि‌ष?कारक एलायस हाउ का जन‌?म।
1875-बंबई स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना।
1877-लंदन में पहली विबंलडन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।
1893-डॉक्टर डैन विलियम्स दुनिया की पहली ओपन हार्ट सर्जरी की थी।
1925-भारतीय सिनेमा के सबसे सशक्त अभिनेताओं एवं बेहतरीन निदेशकों में शुमार गुरुदत्त का जन्म।
1938-अपने सशक्त अभिनय से हिंदी सिनेमा को समृद्ध बनाने वाले अभिनेता संजीव कुमार का जन्म।
1939-दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में छह हजार भारतीयों ने एक बैठक में रंगभेद और नस्लभेद के खिलाफ अभियान चलाने का फैसला लिया।
1952-भारत में योजना आयोग ने पहली पंचवर्षीय योजना को प्रकाशित किया था।
1969-वन्यजीव बोर्ड ने शेर को देश का राष्ट्रीय पशु घोषित किया। 1973 में शेर के स्थान पर बाघ को राष्ट्रीय पशु घोषित किया गया।
1973-ब्रिटेन के 300 साल पुराने उपनिवेश बहामास में ब्रिटिश साम्राज्य का सूर्य अस्त हुआ।
1982-तमाम सुरक्षा प्रणालियों को गच्चा देकर माइकल फागन नाम का एक शख्स ब्रिटेन की महारानी एलिज़ाबेथ के शयनकक्ष तक पहुंच गया।
1991-दक्षिण अफ्रीका को ओलंपिक खेलों में दोबारा हिस्सा लेने की अनुमति मिली।
2002-'आर्गेनाइजेशन आफ़ अफ़्रीकन यूनिटी' का नाम बदलकर 'अफ्रीकन यूनियन' किया गया।

**अध्ययन** *पिछले लगभग 20 सालों में बच्चों की सेहत पर सबसे बड़ा अध्ययन*

# अमेरिका में बच्चों की सेहत पहले से ज्यादा बिगड़ रही

**सैक्रामेंटो,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, आज अमेरिका के बच्चे पहले की तुलना में ज़्यादा मोटे हो गए हैं, उन्हें ज़्यादा बीमारियां हो रही हैं और उनके लिए गंभीर बीमारियों की चपेट में आकर मरने की संभावना भी पहले की पीढ़ी के मुकाबले अधिक है। यह रिपोर्ट पिछले लगभग 20 सालों में बच्चों की सेहत पर सबसे बड़ा अध्ययन है। यह अध्ययन जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन (जेएएमए) में सोमवार को जारी किया गया। इसमें साल 2002 से अब तक के आठ अलग-अलग राष्ट्रीय डेटा सेट की मदद से 170 से ज्यादा सेहत से जुड़े पहलुओं का विश्लेषण किया गया।

इस अध्ययन के प्रमुख लेखक फिलाडेल्फिया के चिल्ड्रन हॉस्पिटल के प्रमुख लेखक क्रिस्टोफर फ़ॉरेस्ट का कहना है, हर आंकड़ा यही दिखाता है कि बच्चों की सेहत लगातार खराब हो रही है। शोधकर्ताओं ने पाया कि 2 से 19 साल के बच्चों में मोटापा 2007-08 में 17 प्रतिशत था, जो 2021-23 में बढ़कर 21 प्रतिशत हो गया। 1 मिलियन से ज्यादा युवा रोगियों को कवर करने वाले इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड से पता चला है कि 2011 में 40 प्रतिशत बच्चों को किसी न किसी दीर्घकालिक (लंबे समय तक चलने वाली) बीमारी की पहचान मिली थी। 2023 में यह बढ़कर 46 प्रतिशत हो गई। इनमें चिंता, डिप्रेशन और नींद की दिक्कतें शामिल हैं। मृत्यु दर के आंकड़े अन्य धनी देशों के साथ और भी ज्यादा विपरीत हैं। अमेरिका में बच्चों की मौत की दर



■ **मृत्यु दर के आंकड़े अन्य धनी देशों के साथ और भी ज्यादा विपरीत हैं**

अन्य अमीर देशों (जैसे कनाडा, जर्मनी, जापान) के मुकाबले 1.8 गुना ज्यादा है। शिशुओं के लिए समय से पहले जन्म और अचानक अप्रत्याशित शिशु मृत्यु के आंकड़ों में सबसे ज्यादा वृद्धि हुई। वहीं बड़े बच्चों में चोट लगना और सड़क दुर्घटनाएं मुख्य वजह बनीं। बच्चों में डिप्रेशन, अकेलापन, नींद न आना, और शारीरिक गतिविधियों में कमी जैसे लक्षण भी बढ़ते दिखे।

बच्चे समाज की परेशानियों को सबसे पहले और सबसे गहराई से महसूस करते हैं। बाल रोग विशेषज्ञ फ्रेडरिक रिवारा और एविटल नथानसन ने कहा कि बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी कदम उठाने होंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि सार्वजनिक स्वास्थ्य बजट में कटौती, बुनियादी ढांचे को ठीक करने में देरी, या टीकाकरण विरोधी भावना को बढ़ावा देने से हालात और बिगड़ सकते हैं। इस गिरावट के लिए एक वजह नहीं, बल्कि कई कारण जिम्मेदार हैं, जैसे- बहुत ज्यादा प्रोसेस्ड (डिब्बाबंद) खाना खाना। अच्छे इलाज की कमी। बच्चों के लिए असुरक्षित माहौल और बढ़ती आर्थिक असमानता। फॉरेस्ट ने सुझाव दिया कि सामुदायिक स्तर पर अलग योजना बनाकर बच्चों की सेहत को सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में देखा जाए।

## दुनिया को जानें

### स्विट्जरलैंड में बच्चों के लिए मलेरिया की नई दवा को दी मंजूरी

**बर्न।** स्विट्जरलैंड ने दावा निर्माता कंपनी नोवार्टिस की बच्चों के लिए मलेरिया की नयी दवा 'कॉर्टेम बेबी'को मंजूरी प्रदान कर दी है। कॉर्टेम नवजात बच्चों और शिशुओं पर इस्तेमाल के लिए उपयुक्त दुनिया की पहली मलेरिया दवा है। मलेरिया से संबंधित मौतों में से अधिकांश पांच साल से कम आयु वर्ग होती हैं। उम्मीद की जा रही है कि अफ्रीका में अगले कुछ हफ्तों में इस दवा का उत्पादन और वितरण शुरू हो जायेगा। मलेरिया से संबंधित अधिकांश मौतें अफ्रीकी महाद्वीप में दर्ज की जाती हैं। वर्ष 2023 में दुनिया भर में मलेरिया से पांच लाख से अधिक मौतें हुयीं। अब तक शिशुओं का इलाज बड़े बच्चों के लिए बनाई गई दवा की एक प्रायोगिक खुराक से किया जाता था, जिससे उन्हें अधिक खुराक और अन्य कई जोखिमों का सामना करना पड़ता था। एक रिपोर्ट के अनुसार यह दवा 4.5 किलोग्राम से कम वजन वाले शिशुओं के लिए पहली अनुमोदित मलेरिया उपचार है, जो पहले उपचार की कमी के कारण जोखिम में थे। इस दवा को स्विसमेडिक द्वारा अनुमोदित किया गया है और आठ अफ्रीकी देशों - बर्किना फासो, कोट डी आईवर, केन्या, मलावी, मोजाम्बिक, नाइजीरिया, तंजानिया और युगांडा में तेजी से इसके अनुमोदन की उम्मीद है।

# प्रादेशिकी

## खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए प्रदेश में खोली गई हैं, 2000 खेल नर्सरियां : गौतम

चंडीगढ़। हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने मंगलवार को कहा कि किसी भी प्रदेश एवं देश की तरक्की में उसके स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के लोगों का अहम योगदान होता है। इसी परिपाटी पर चलते हुए प्रदेश के मास्टर एथलीटों ने न सिर्फ स्वयं को स्वस्थ रखा बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर हरियाणा का गौरव भी बढ़ाया है। मंत्री आज पंचकूला में हरियाणा मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित विश्व और नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा खेलों का पावर हाउस बन चुका है। प्रदेश की खेल नीति देश में सबसे बेहतरीन है। युवाओं की प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रदेश में 2000 खेल नर्सरियां खोली गयी हैं, जिनमें 37 हजार से ज्यादा खिलाड़ी अभ्यास कर सफलता की नयी गाथा लिख रहे हैं।

# सीएम धामी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कांवड़ मेले की तैयारियों समीक्षा की

## तोड़फोड़, उपद्रव या अन्य अवांछनीय घटनाओं को रोकने के लिए हो प्रभावी नियंत्रण: धामी



**देहरादून, 8 जुलाई (देशबन्धु)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी कांवड़ मेला-2025 की तैयारियों को लेकर मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने पूर्व वर्षों की व्यवस्थाओं की समीक्षा कर कानून व्यवस्था की दृष्टि से उत्पन्न हुई चुनौतियों का विश्लेषण कर सुधारात्मक कदम सुनिश्चित करने को कहा, ताकि इस वर्ष किसी भी प्रकार की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कह कि इस विशाल धार्मिक आयोजन में किसी भी प्रकार की तोड़फोड़, उपद्रव या अन्य अवांछनीय घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। शिविर संचालकों, कार्यरत व्यक्तियों, वॉलंटियर और होटल व धर्मशालाओं में ठहरने वाले व्यक्तियों का पूर्ण सत्यापन कराया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी प्रमुख स्थलों पर एक्सरे सिस्टम, अग्निशमन यंत्र, फायर टेंडर एवं कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य व पेय पदार्थों की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी और जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए पुख्ता इंतजाम करने को कहा। भीड़ प्रबंधन में वॉलंटियर्स की मदद लेने, सीसीटीवी व ड्रोन से निरंतर निगरानी और अभिसूचना तंत्र को सक्रिय रखने पर बल दिया। बेहतर यातायात व्यवस्था अलग से प्लान बनाकर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। आतंकवादी खतरों को मद्देनजर रखते हुए एटीएस और विशेष सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने सभी विभागीय सचिवों और पुलिस महानिरीक्षकों को आगामी तीन दिनों में कांवड़ मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा करने व अपने-अपने विभागों की कार्य योजनाओं को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। बैठक में गृह सचिव शैलेश बगोली, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन, गढ़वाल व कुमाऊं आयुक्त सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### हरिद्वार के घाटों, नीलकंठ महादेव मंदिर आदि प्रमुखस्थलों पर एम्बुलेंस व बैकअप की व्यवस्था होगी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार के घाटों, नीलकंठ महादेव मंदिर अन्य प्रमुखस्थलों पर एम्बुलेंस व बैकअप की व्यवस्था करने, सादे वस्त्रों में महिला व पुरुष सुरक्षाकर्मियों की पर्याप्त तैनाती करने और आपदा राहत उपकरणों से युक्त गोताखोरों व जल पुलिस को अलर्ट मोड पर रखने को कहा। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि यात्रा मार्गों पर तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों, डीजे व लाउडस्पीकर के उपयोग को नियमबद्ध किया जाए। दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुधारात्मक कार्य किए जाएं। कांवड़ यात्रियों को 'क्या करें और क्या न करें' की जानकारी पेम्फलेट, होर्डिंग, पब्लिक अनाउंसमेंट और सोशल मीडिया के माध्यम से दी जाए।

### कांवड़ियों को लाठी, डंडा, नुकीली वस्तुएं लाने पर होगी रोक

मुख्यमंत्री ने कांवड़ियों को लाठी, डंडा, नुकीली वस्तुएं आदि ले जाने से रोकने हेतु प्रचार अभियान चलाने को कहा। यात्रा मार्गों में मादक पदार्थों, शराब एवं मांस की बिक्री पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने और समुचित बिजली, पानी, चिकित्सा जैसी आधारभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। महिला कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उनकी सुरक्षा के लिए महिला घाटों और धर्मशालाओं में विशेष पुलिस प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा गया। अंतर्राज्यीय समन्वय बढ़ाकर सूचनाओं का तत्काल आदान-प्रदान करने, सोशल मीडिया पर निगरानी रखते हुए अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने और संबंधित पोस्टों का तत्काल खंडन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# उत्तराखण्ड में रजिस्ट्री फर्जीवाड़ा जल्द होगा खत्म, भूमाफिया पर लगेगा अंकुश

## सीएम के प्रमुख सचिव आरके सुधांशु ने ठोस कदम उठाने के दिए निर्देश

- हाई टेक होंगे प्रदेश के रजिस्ट्रार कार्यालय
- गलती करने वालों की जिम्मेदारियों का भी होगा निर्धारण



**देहरादून, 8 जुलाई (देशबन्धु)।** उत्तराखंड में जमीन की रजिस्ट्रियों से जुड़े फर्जीवाड़े पर अब सख्त लगाम लगने वाली है। शासन स्तर पर इस गंभीर समस्या को लेकर उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रमुख सचिव वित्त और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव आरके सुधांशु ने इस दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। सरकार के इस कदम से भूमाफिया पर लगेगा अंकुश।

बैठक में तय किया गया कि राज्य में रजिस्ट्री प्रक्रिया को पारदर्शी और हाईटेक बनाया जाएगा ताकि एक ही जमीन को कई बार बेचना, कम जमीन को ज्यादा दिखाकर बेचना या गलत दस्तावेजों के आधार पर रजिस्ट्री जैसी धोखाधड़ी की घटनाओं पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

प्रमुख सचिव सुधांशु ने बताया कि आमजन की शिकायतों को देखते हुए अब रजिस्ट्रार कार्यालयों में तकनीकी अपग्रेडेशन के साथ-साथ विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यदि भविष्य में कोई गड़बड़ी होती है, तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही भी तय हो। उन्होंने कहा कि कई अच्छे सुझाव सामने आए हैं, जिनके माध्यम से इस प्रकार की धोखाधड़ी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा। बहुत जल्द इसके लिए विधिवत आदेश जारी किए जाएंगे। ज्ञात हो कि वर्तमान में राज्य में एक ही जमीन को कई बार बेचने, उपलब्ध जमीन से अधिक दिखाकर बेचने और दस्तावेजों में हेरफेर कर रजिस्ट्री कराने जैसी शिकायतें आम होती जा रही थीं। इससे आम लोगों की जीवन भर की पूंजी तो समाप्त हो ही रही थी, साथ ही उन्हें कोर्ट-कचहरी और पुलिस के चक्कर भी लगाने पड़ते थे। अब उम्मीद की जा रही है कि शासन की इस पहल से रजिस्ट्री फर्जीवाड़ा पूरी तरह खत्म होगा और आम लोगों को राहत मिलेगी।

## सार संक्षेप

### कैलाश नदी पर बना चीका घाट पुल क्षतिग्रस्त, 14 से होगा बंद

**रुद्रपुर/नैनीताल।** उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले के सितारगंज में कैलाश नदी पर बना चीकाघाट पुल मंगलवार को क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे पुल पर आवाजाही खतरे से खाली नहीं है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता एसके अग्रवाल ने बताया कि पुराने एनएच-125 मार्ग में सितारगंज-सिसईखेड़ा प्रभाग के मध्य कैलाश नदी पर स्थित चीकाघाट पुल का एबटमेंट एवं डैक स्लैब क्षतिग्रस्त होने के कारण यातायात के लिए सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि इस पुल को आगामी 14 जुलाई से सभी प्रकार के वाहनों के यातायात के लिए बन्द कर दिया जायेगा। उन्होने जनता से अपील की है कि आवागमन के लिए एनएच-09 का प्रयोग करें।

### लापरवाही के आरोप में ऊर्जा विभाग के छह कर्मचारी निलंबित

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने मंगलवार को गाँव हैबतपुर थाना निगदु, जिला करनाल में राजेश कुमार नामक एक युवक की खेत में बिजली का करंट लगने से मृत्यु होने पर संज्ञान लेते हुए बिजली विभाग के छह कर्मचारियों को निलंबित कर दिया। इनमें एसडीओ मोहित, जेई सुनिल, दीपक, अजीत, सत्यवान और विकास लाइनमैन शामिल हैं। श्री विज ने मंगलवार को चंडीगढ़ में मीडिया कर्मियों से कहा कि गाँव हैबतपुर में राजेश कुमार नामक एक युवक की खेत में बिजली का करंट लगने से मृत्यु हो गयी है। इस संबंध में छह जुलाई को थाना निगदू में मोहित एसडीओ, सुनिल जेई, दीपक, अजीत, सत्यवान और विकास लाइनमैन के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज करवायी गयी है।

### एडीजी ने किया एनसीसी कैम्प का निरीक्षण

**जालंधर।** मेजर जनरल जे एस चीमा मंगलवार को एनसीसी के ग्रुप हेड क्वार्टर जालंधर में वार्षिक निरीक्षण के लिए पहुँचे। उन्होंने वहां पूरे साल की एनसीसी गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया और सेना के अधिकारियों को आगे के लिए दिशा-निर्देश जारी किये। कैंप कमांडेंट कर्नल विनोद जोशी ने उन्हें एक वीडियो के माध्यम से कैम्प में चल रही ट्रेनिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कर्नल जोशी ने उन्हें बताया की कैंप में एसडीआरएफ टीम की तरफ से कैडेट को एक विशेष लेक्चर द्वारा बताया गया है कि आपदा में कैडेट कैसे घायलों की मदद कर सकते हैं।

# विनेश फोगाट के विधानसभा क्षेत्र में रास्तों का बुरा हाल, छूट रहा बच्चों का स्कूल



- गली में रास्ता इतना खराब होता है कि लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित स्कूल तक जाना मुश्किल हो जाता है: छात्रा

**जुलाना, 8 जुलाई (एजेंसियां)।** कांग्रेस विधायक और पहलवान विनेश फोगाट के विधानसभा क्षेत्र में रास्तों की खराब हालत बच्चों की पढ़ाई रोक रही है। जुलाना विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 की बदहाल स्थिति के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। इसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश भी देखा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, विधायक विनेश फोगाट के गृह क्षेत्र में स्थित इस वार्ड की गलियों में हर बारिश के बाद पानी भर जाता है, जिससे स्कूली बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जलभराव के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पाते और उन्हें मजबूरी में घर पर ही रहकर पढ़ाई करनी पड़ती है। मंगलवार को भी गली के बच्चे स्कूल नहीं जा पाए। 10वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा ने बताया कि बारिश के कारण न सिर्फ स्कूल पहुंचना मुश्किल हो जाता है, बल्कि उनकी यूनिफॉर्म भी खराब हो जाती है। गली में रास्ता इतना खराब होता है कि लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित स्कूल तक जाना मुश्किल हो जाता है। इस कारण मंगलवार को भी हम लोग स्कूल नहीं जा पाए हैं। 8वीं कक्षा की एक छात्रा ने कहा कि जब भी बारिश होती है, तो गलियों में चारों तरफ पानी भर जाता है। इस कारण वो स्कूल नहीं जा पाती हैं। इस गली के लगभग सभी बच्चों को घर पर ही पढ़ाई करनी पड़ती है। इसी गली में रहने वाली महिलाओं ने इस समस्या पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह स्थिति कई महीनों से बनी हुई है। गलियों का ढलान उल्टी दिशा में है, जिससे बारिश का पानी नाले में जाने की बजाय घरों और गलियों में भर जाता है। इससे बाहर आना-जाना भी मुश्किल हो जाता है। सबसे ज्यादा नुकसान बच्चों को उठाना पड़ रहा है, जो बारिश के दौरान स्कूल नहीं जा पाते। महिलाओं ने बताया कि कई बार नगर पालिका में शिकायतें दी गई हैं और स्थानीय चेयरमैन को भी स्थिति से अवगत कराया गया है।

# नाले में उफान ने मचाई गांव में तबाही, उजड़े आशियाने, प्रभावितों ने लगाई मदद की गुहार



**मंडी, 8 जुलाई (एजेंसियां)।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग गांव में एक छोटे नाले में अचानक उफान आने से कई घर पूरी तरह से तबाह हो गए। घरों में इतना पानी और मलबा घुस चुका है कि वहां रहने लायक परिस्थितियां नहीं हैं। प्रभावित परिवार राहत शिविरों और रिश्तेदारों के घरों में शरण लेने को मजबूर हैं। इनके पास कुछ कपड़ों के अलावा अब कुछ भी नहीं बचा है।

थुनाग बाजार के साथ लगते इस गांव में 30 जून की रात करीब 11:30 बजे से लेकर 12:00 बजे के बीच ऐसी तबाही शुरू हुई, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। लोगों के अनुसार, यह नाला उस रात भारी बारिश के चलते उफान पर आ गया और कई पक्के मकान मलबे में तब्दील हो गए। आपदा का आलम यह रहा कि मलबा कई घरों की दूसरी मंजिल तक पहुंच गया। टूटी दीवारों के बीच फंसे विशाल पेड़ और भारी पत्थर यह साफ दर्शाते हैं कि बाढ़ ने किस तरह तबाही मचाई। कई परिवारों की जिंदगी भर की पूंजी कुछ ही मिनटों में मलबे में दफन हो गई। आपदा प्रभावित स्थानीय निवासी नंदा देवी और कांता देवी ने बताया कि उनका पूरा परिवार दशकों से इस गांव में रह रहा था। उस रात जब सब लोग सो रहे थे, तभी अचानक नाले से तेज गर्जना की आवाजें आने लगीं और कुछ ही मिनटों में पानी और मलबा घर के भीतर घुस गया।

### मूसलाधार बारिश से गाड़ी गांव में हुआ भारी नुकसान

**देहरादून।** उत्तराखंड में भारी बारिश ने एक बार फिर जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। निजमुला घाटी के गाड़ी गांव में मंगलवार रात को मूसलाधार बारिश के कारण भारी नुकसान हुआ है। गांव का मुख्य पैदल मार्ग पूरी तरह ध्वस्त हो गया है, जिससे आवाजाही बाधित हो गई है। साथ ही बिजली और पानी की आपूर्ति भी पूरी तरह से ठप हो गई है। बिरही-निजमुला सड़क भी काली चट्टान और तौली तोक के पास मलबा आने से अवरुद्ध हो गई है, हालांकि जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए सड़क को खोलने का कार्य शुरू करवा दिया है। गाड़ी गांव में हुई बारिश से सबसे ज्यादा क्षति हुई है। मुख्य मार्ग के ध्वस्त होने से नेत्र सिंह के मकान पर भी खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि यह मार्ग मकान के ठीक ऊपर से गुजरता है। इसके अतिरिक्त, गांव की पेयजल लाइन का मुख्य स्रोत भी क्षतिग्रस्त हो गया है। तोली, ननाली और नेवा तोक को जोड़ने वाली पेयजल लाइनें भी टूट गई हैं, जिससे इलाके में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। साथ ही तोली तोक के पास पेड़ गिरने से 33 केवी की विद्युत लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई।

# हरियाणा में उजागर बीपीएल कार्ड घोटाले का संज्ञान ले चुनाव आयोग : दीपेन्द्र

**चंडीगढ़, 8 जुलाई (एजेंसियां)।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने मंगलवार को कहा कि हरियाणा में चुनाव के समय जल्दीबाजी में मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए गलत बीपीएल कार्ड बनाये गये, अब गलत ढंग से पात्र लोगों के बीपीएल कार्ड काटे जा रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से बीपीएल कार्ड घोटाले का संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की मांग की है। श्री हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में चुनाव से पूर्व बीपीएल कार्डों की संख्या 27 लाख थी उन्हें करीब 75 प्रतिशत बढ़ाकर लोकसभा चुनाव तक 45 लाख कर दी गयी और विधानसभा चुनाव तक यह संख्या 51.09 लाख हो गयी। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच करीब 5-6 महीने में ही साढ़े पांच लाख से अधिक नये बीपीएल कार्ड बने। खासकर जुलाई और अक्टूबर के बीच ही 4.84 लाख नये बीपीएल राशनकार्ड बने। अब उसी रफ्तार से ये बीपीएल कार्ड काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधान सभा चुनाव में केवल 22 हजार वोटों के अंतर से सरकार बनाने का फैसला हुआ, ऐसे में स्पष्ट है कि चुनाव के समय राजनीतिक लाभ के लिए जनता को प्रलोभन दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार इस बात को स्वीकार करे कि उसने मतदाताओं से धोखा करके सरकार बनाई और दूसरे तरीके से लोगों का वोट खरीदा गया। हुड्डा ने कहा कि सरकार ने लोगों को बीपीएल श्रेणी का लाभ देने के लिये ये कार्ड नहीं बनाये थे, बल्कि वोटरों को प्रलोभन देकर वोट लूटने के लिये और चुनाव को प्रभावित करने के लिये ये कार्ड बनाये गए।

# मुनकटिया में आए दिन बंद रहा सोनप्रयाग-गौरीकुड मोटरमार्ग

## बद्रीनाथ और केदारनाथ हाईवे पर हो रहे भूस्खलन से चारधाम यात्री परेशान

- बद्रीनाथ हाईवे का सिरोबगड़ डेंजर जोन भी बन रहा जानलेवा
- खतरे के निशान पर बह रही अलकनंदा व मंदाकिनी

**रुद्रप्रयाग, 8 जुलाई (देशबन्धु)।** पहाड़ों में लगातार भारी बारिश का दौर जारी है। बारिश के कारण अलकनंदा और मंदाकिनी नदी विकराल रूप धारण करके बह रही है, वहीं बद्रीनाथ व केदारनाथ हाईवे पर भी जगह-जगह बोल्डर व मलबा गिर रहा है, जिस कारण चारधाम यात्रियों को भी भारी परेशानियों को सामना करना पड रहा है। केदारनाथ हाईवे पर मुनकटिया में पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिरने का सिलसिला लजगातार जारी है, जिससे केदारनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को सोनप्रयाग में ही रोका जा रहा है। वहीं बदरीनाथ हाईवे सिरोबगड़ में बंद हो रहा है। राजमार्गों को खोलने को लेकर एनएच विभाग की ओर से कार्यवाही गतिमान है। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से मानव जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त है। मौसम विभाग ने दो दिनों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है और बारिश के अलावा भूस्खलन की चेतावनी भी जारी की है। पहाड़ों में मौसम विभाग की भविष्यवाणी सच साबित होती दिखाई दे रही है और रविवार रात से और सोमवार सुबह जमकर मूसलाधार बारिश हुई। केदारनाथ धाम सहित जनपद में बारिश के कारण हालात अस्त-व्यस्त हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण अलकनंदा व मंदाकिनी नदी उफान पर बह रही हैं। रुद्रप्रयाग स्थित संगम स्थल का निचला हिस्सा पूरी तरह जलमग्न हो गया है। बारिश और भूस्खलन में सबसे अधिक दिक्कतें चारधाम यात्रियों को हो रही हैं। बद्रीनाथ और केदारनाथ हाईवे पर पहाड़ों से लगातार गिर रहे बोल्डर के कारण यात्रियों को जगह-जगह फंसना पड़ रहा है। केदारनाथ हाईवे के सोनप्रयाग-गौरीकुण्ड के बीच मुनकटिया में पहाड़ी से लगातार भूस्खलन हो रहा है। यहां पर पहाड़ी से बड़े-बड़े बोल्डर और मलबा गिरा है, जिस कारण प्रशासन को कुछ घंटों के लिये तीर्थ यात्रियों को रोकना पड़ रहा है और मौसम साफ होने के बाद ही यात्रियों को आगे भेजा जा रहा है। हर दिन राजमार्ग के मुनकटिया में मार्ग बंद होने से तीर्थ यात्री खासे परेशान है। इसके साथ ही गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग भी जानलेवा बना हुआ है।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनेगी सहकारी समितियां : डॉ धन सिंह

■ अमरनाथ तिवारी



- सहकार मंथन-2025 में आत्मनिर्भर उत्तराखंड को लेकर हुई चर्चा
- कहा, राज्य की योजनाओं का राष्ट्रीय स्तर पर हो रही सराहना

**देहरादून, 8 जुलाई (देशबन्धु)।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के उपलक्ष्य में देहरादून स्थित भारतीय वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) में दो दिवसीय कार्यशाला 'सहकार मंथन-2025' सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्देश्य सहकारिता क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना और युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करना है।

कार्यशाला के उद्घाटन भाषण में डॉ. रावत ने सहकारिता के माध्यम से उत्तराखंड को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि केंद्र सरकार के सहकारिता मंत्रालय की स्थापना (वर्ष 2021) के बाद राज्यों को इस क्षेत्र में नई ऊर्जा और दिशा मिली है। उन्होंने केंद्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में देशभर में चल रही सहकारी पहलों की सराहना की। डॉ. रावत ने जानकारी दी कि हाल ही में हुई केंद्रीय बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि हर 300-400 ग्रामीण जनसंख्या या दो-तीन गाँवों के समूह के लिए एक बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति (मल्टीपर्पज़ कोऑपरेटिव) गठित की जा सकती है, जिससे 670 एम-पैक्स को और अधिक मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि सहकार मंथन केवल भाषणों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। सहकारी समितियों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनाकर अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को लाभ पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। कार्यशाला में सहकारिता सचिव डॉ. वीबीआरसी पुरुषोत्तम, निबंधक डॉ. मेहरबान बिष्ट, नाबार्ड, मत्स्य, डेयरी, सहकार भारती के प्रतिनिधि, बैंकिंग क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी, और केंद्र सरकार के सहकारिता मंत्रालय से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया। राज्य के विभिन्न जिलों से आए सहकारी प्रतिनिधि और ग्रामीण हितधारक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### उत्तराखंड सहकारिता क्षेत्र की उपलब्धियां

डॉ. रावत ने बताया कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जिसने 2017 से आईबीपीएस प्रणाली के माध्यम से सहकारी बैंकों में पारदर्शी और मेरिट-आधारित भर्तियाँ प्रारंभ कीं। इसके उदाहरण का अनुसरण अब छह अन्य राज्य कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि हर 15 दिन में जिला स्तरीय समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएं ताकि ग्रामीण क्षेत्रों की सहकारी समितियों की प्रगति का मूल्यांकन किया जा सके।

### तकनीकी सत्रों और नवाचार पर चर्चा

मेहरबान सिंह बिष्ट (निबंधक सहकारिता) ने आईटी व डिजिटलीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक श्री पंकज तिवारी ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की जानकारी दी और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। डॉ. नवीन आनंद, श्री अनुराग डंग (एनएसयूआई), तथा अन्य विशेषज्ञों ने सहकारिता में नवाचार पर विचार साझा किए। ईरा उप्रेती (अपर निबंधक) ने 61 बिंदुओं की गैप एनालिसिस प्रस्तुत की। आनंद शुक्ल (अपर निबंधक) ने उत्तराखंड कोऑपरेटिव इनोवेटिव गेम चेंजर के रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन संयुक्त निबंधक मंगला त्रिपाठी ने किया।

### मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना की राष्ट्रीय सराहना

कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी भी दी गई कि उत्तराखंड की मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना की देशभर में सराहना हो रही है और कई राज्य इसे अपनाने की प्रक्रिया में हैं। सहकार मंथन-2025श् कार्यशाला का आयोजन उत्तराखंड में सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा प्रदान करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह मंच सहकारी समितियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर विचार-मंथन करने और नवीन समाधानों को लागू करने का अवसर प्रदान करेगा। कार्यशाला के दौरान सहकारी समितियों के डिजिटलीकरण, ऋण वितरण प्रणाली में सुधार, और ग्रामीण उत्पादों के विपणन जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। डॉ. रावत ने कार्यशाला में कहा कि सहकारिता मंत्रालय का लक्ष्य उत्तराखंड को सहकारी क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाना है। उन्होंने सभी हितधारकों से एकजुट होकर कार्य करने और ग्रामीण भारत के सपनों को साकार करने का आह्वान किया। यह कार्यशाला न केवल सहकारिता के महत्व को रेखांकित करती है, बल्कि उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि और आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिखने का संकल्प भी व्यक्त करती है।

## सुडोकू 6968 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 5 | 2 | 9 | 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 8 | 3 | 2 | 4 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 8 |
| 2 | 9 | 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 8 | 3 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 |

# प्रादेशिकी

## मेरठ से लौट रहे बाइक सवार के ऊपर जानलेवा हमला

**मवाना,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। मवाना के मोहल्ला मुन्नालाल निवासी युवक के ऊपर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने उसे समय हमला कर दिया जब वह अपनी बाइक से वापस मेरठ से मवाना लौट रहा था। पीड़ित ने घायल अवस्था में थाने पहुंचकर तहरीर दी है। मवाना के मोहल्ला मुन्नालाल निवासी आफताब ने मंगलवार को दोपहर मवाना थाने पर तहरीर देते हुए पुलिस को बताया कि वह अपनी बाइक से मेरठ से वापस लौट रहा था। जैसे ही वह मेरठ रोड पर बने कोर्ट के पास पहुंचा। इस दौरान पहले से मौजूद आधा दर्जन से अधिक लोगों ने उसे रोक लिया और उसे पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं हमलावर धमकी देते हुए फरार हो गए। वारदात के बाद पीड़ित मवाना थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने भर्ती करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से सतत विकास के हर क्षेत्र में की प्रगति : योगी

- मुख्यमंत्री ने की उत्तर प्रदेश की प्रगति की समीक्षा
- यह सिर्फ आंकड़ा नहीं, हर नागरिक की जिंदगी में आया बदलाव
- हर घर जल-बिजली, कन्या सुमंगला और मिशन शक्ति बनीं एसडीजी लक्ष्यों की सफलता की रीढ़



**उत्तर प्रदेश ने एसडीजी इंडेक्स में लगाई विकास की छलांग : योगी आदित्यनाथ**

### सतत विकास लक्ष्यों को मिशन मोड में लागू किया जाए : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सतत विकास लक्ष्यों को जमीनी स्तर पर मिशन मोड में लागू किया जाए। ग्राम पंचायतों तक हर योजना की जानकारी पहुंचे, और यह सुनिश्चित किया जाए कि अंतिम लाभार्थी तक उसका प्रभाव समय पर पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि एसडीजी लक्ष्यों की प्राप्ति हर विभाग, हर ज़िले और हर पंचायत का साझा दायित्व है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी विशेष बल दिया कि वास्तविक प्रगति का आकलन तभी संभव होगा जब सही डेटा समय पर और सटीक रूप में संकलित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जिलों की एसडीजी प्रोफाइल बनाएं, उसे सार्वजनिक करें। उन्होंने कहा कि डेटा सिर्फ रिकॉर्ड नहीं है, यह नीतिगत फैसलों की नींव है; गलत या अधूरा डेटा न तो सही स्थिति दर्शाता है और न ही सही योजना को दिशा दे सकता है।

**लखनऊ,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में वैश्विक मानकों पर आधारित सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के सापेक्ष उत्तर प्रदेश की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप प्रदेश ने सतत विकास के हर क्षेत्र में ठोस प्रगति की है। यह उपलब्धि केवल स्कोर का मामला नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने वाले परिवर्तन की पुष्टि है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2018-19 में 42 अंकों के साथ 'परफॉर्मर' श्रेणी में शामिल उत्तर प्रदेश ने 2023-24 तक 25 अंकों की वृद्धि के साथ 67 का स्कोर हासिल कर 'फ्रंट रनर' राज्यों की श्रेणी में प्रवेश किया है। 2018-19 में एसडीजी इंडेक्स में 29वें स्थान पर रहा उत्तर प्रदेश आज 2023-24 में 18वें स्थान पर आ गया है। यह प्रगति इस अवधि में किसी भी राज्य द्वारा प्राप्त सबसे बड़ी छलांग है। एसडीजी इंडिया इंडेक्स में किसी एक राज्य द्वारा किया गया यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नीतिगत स्पष्टता, योजनाओं के ठोस क्रियान्वयन और व्यापक जनसहभागिता का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई गई योजनाएं, जैसे; हर घर जल, हर घर बिजली, कन्या सुमंगला, पोषण अभियान, मुख्यमंत्री आरोग्य योजना, मिशन शक्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना, मिशन कायाकल्प और ओडीओपी ने एसडीजी लक्ष्यों को जमीनी स्तर पर साकार करने में निर्णायक भूमिका निभाई है। इन योजनाओं के माध्यम से आम जन का जीवन बदला है और व्यवस्था में भरोसा बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बेटियों की शिक्षा और महिलाओं की सुरक्षा-सशक्तिकरण को लेकर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ महिला सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति जैसे अभियानों ने सामाजिक चेतना को नई दिशा दी है। स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुंच और ग्रामीण इलाकों में पोषण संबंधी सुधारों का भी विशेष उल्लेख किया गया।

## कांवड़ यात्रा को लेकर दिए सख्त निर्देश

**मेरठ,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन ने जनपद शामली में मुख्य विकास अधिकारी सभागार में राजस्व वसूली, विद्युत आपूर्ति एवं कांवड़ यात्रा की तैयारी आदि वाणिज्यिक एवं तकनीकी बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में प्रबन्ध निदेशक ने कहा ारों को बदलने तथा आवश्कतानुसार लाईनों की गार्डिंग का



कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। बैठक के दौरान संजय जैन, निदेशक (वाणिज्य), एनके मिश्र निदेशक (तकनीकी), पवन कुमार मुख्य अभियन्ता मुजफ्फरनगर नगर, क्षेत्र मुजफ्फरनगर, विरेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल शामली, समस्त अधिशासी अभियन्ता (वितरण) उपखण्ड अधिकारी एवं अवर अभियन्ता स्तर तक के अधिकारी व कर्मचारियों ने बैठक में प्रतिभाग किया।

## श्रावण मास को लेकर मवाना पालिका प्रशासन अलर्ट

- सफाई व्यवस्था के दिए विशेष निर्देश

**मवाना,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद मवाना में आज पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक की अध्यक्षता में सफाई विभाग के निरीक्षकों व सफाई नायकों के साथ साप्ताहिक विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा के मद्देनजर नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए। अध्यक्ष अखिल कौशिक ने निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों के लिए रैन बसेरों में ठहरने की समुचित व्यवस्था कराई जाए। तहसील रोड पर स्वागत बैनर लगाने तथा नगर के सभी मंदिरों की प्रतिदिन सफाई कर प्रत्येक सोमवार को विशेष अभियान चलाकर मंदिर परिसरों में चूने का छिड़काव व अन्य सफाई कार्य कराए जाएं। मेरठ-हस्तिनापुर कांवड़ मार्ग, विशेष रूप से पक्के तालाब से लेकर बड़ा महादेव मंदिर तक सड़क के दोनों ओर सफाई, कली-चूना डालने और नहर पटरी की सफाई के लिए भी निर्देश जारी किए गए। 20 जुलाई से नहर की पटरी पर लगने वाले भंडारों के दृष्टिगत मच्छरों से बचाव हेतु फॉगिंग व एंटी लार्वा छिड़काव कराने के आदेश भी दिए गए। नगर में शेष बचे नालों की जल्द से जल्द सफाई कराते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे मौके पर स्वयं उपस्थित रहकर कार्य संपन्न कराएं। नगर के मुख्य मार्गों पर प्रतिदिन वाटर स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव कराया जाएगा। सभी कूड़ा वाहन सुबह 7 बजे तक कूड़ा एकत्र करेंगे, जिनमें स्पीकर से स्वच्छता संदेश लगातार प्रसारित होता रहेगा। सड़क किनारे उगी घास को दवाइयों का छिड़काव कर साफ कराया जाएगा। सफाई कार्य तीन पालियों में सुबह 6 से 9 बजे, 9 से 11 बजे व सायं 7 से रात 9 बजे तक संचालित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त तहसील बड़े मैदान व प्रीतनगर ढलान के पास मलबाध्गोबर डालने वालों को नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जाएगी। थाना क्षेत्र से आगे क्षतिग्रस्त जाल की मरम्मत के निर्देश भी जारी किए गए हैं। अध्यक्ष कौशिक ने कहा कि श्रावण मास में नगर की स्वच्छता और शिवभक्तों की सुविधा उनकी प्राथमिकता है।

## सार संक्षेप

### नगर आयुक्त आवास पर किया विरोध प्रदर्शन

**मेरठ।** पुरानी मोहनपुरी में तीन दिन से पानी के लिए जनता परेशान है इसी के मद्देनजर क्षेत्र के लोगों ने नगर आयुक्त आवास पर पहुंचकर विरोध किया। पार्षद उत्तम सैनी ने बताया की नगर आयुक्त खो गया जनता तो बहुत दूर की बात है वो पार्षद को भी नहीं मिलता। तीन दिन से पुरानी मोहनपुरी और हनुमानपुरी में पानी नहीं आ रहा है कोई भी अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है इसको लेकर मंगलवार को क्षेत्र की जनता खाली बाल्टी लेकर नगर आयुक्त आवास पर पहुंच कर विरोध किया जिस पर मौके पर पहुंचे अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार को भीड़ ने घेर लिया और पैदल ही नगर आयुक्त आवास से पुरानी मोहनपुरी ले जाकर वहां की समस्या से अवगत कराया गया।

### मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की

**मवाना।** ग्राम भगवानपुर थाना इंचौली निवासी पिन्नू पुत्र स्व. विष्णान ने जिलाधिकारी मेरठ को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है, जिसमें उन्होंने अपने पिता किशन पुत्र मुंशी के वर्ष 2003 से लापता होने की जानकारी दी है। प्रार्थना पत्र के अनुसार किशन 15 अगस्त 2003 से लापता हैं, जिसकी गुमशुदगी थाना इंचौली में दर्ज कराई गई थी। पिन्नू ने बताया कि इस गुमशुदगी रिपोर्ट की सत्यापित प्रति भी उनके पास उपलब्ध है। इतने वर्षों बाद भी किशन का कोई सुराग नहीं मिल पाया है और न ही वे किसी भी माध्यम से जीवित पाए गए हैं। अब तक किसी ने भी उन्हें कहीं देखा तक नहीं है। कानूनी प्रक्रिया अनुसार इतनी लंबी अवधि तक व्यक्ति का पता न चलने पर उसे मृत मानने की प्रक्रिया अपनाई जाती है। इसी आधार पर पिन्नू ने अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिलाधिकारी से अनुरोध किया है, जिससे वे कानूनी कार्यवाही एवं पारिवारिक दस्तावेजों को पूर्ण करा सकें। पिन्नू ने जिलाधिकारी से मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्रता से आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

### आत्महत्या प्रकरण में थाना प्रभारी से मिले परिजन

**मवाना।** मंगलवार को मवाना थाने पहुंचे मिलकर उसकी हत्या हुई है बात कहते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की है। बता दे की 18 जून को मोहल्ला हीरालाल निवासी वंश गुर्जर का शव गोली लगा हुआ ट्यूबवेल पर पड़ा हुआ मिला था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर आत्महत्या की आशंका जताते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मंगलवार को मवाना थाने पहुंचे के परिजनों ने पुलिस से बताया कि उसकी हत्या की गई है। परिजनों ने पुलिस से पूरे मामले की दोबारा से जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### मैनपुरी में स्कूली वैन पलटने से छह बच्चे घायल

**मैनपुरी।** मैनपुरी जिले के बरनाहल थाना क्षेत्र में मंगलवार को स्कूली वैन पलटने से उसमे सवार छह बच्चे घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि एमएसबी पब्लिक स्कूल की छुट्टी के बाद मैजिक वाहन 16 बच्चों को लेकर उनके घर छोड़ने के लिए बरनाहल से दिहुली की तरफ जा रहा था। बच्चों से भरी मैजिक आर एन महाविद्यालय के समीप पहुंची इसी दौरान अचानक अनियंत्रित होकर रोड किनारे खंदी में पलट गई।

## उप्र में आज एक दिन में लगाए जाएंगे 37 करोड़ पौधे

- अयोध्या व आजमगढ़ में पौधरोपण करेंगे योगी

**लखनऊ,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। बस कुछ घंटे और, फिर योगी सरकार नया इतिहास रचेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम 2.0 थीम पर उत्तर प्रदेश में आज एक दिन में 37 करोड़ पौधरोपण किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या और आजमगढ़ में पौधरोपण महाभियान-2025 का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम लगाया जाएगा। इसके लिए नर्सरियों व अन्य स्थानों पर 52.43 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी मंत्री जनपदों में रहकर पौधरोपण करेंगे। महाभियान के लिए नामित नोडल अधिकारियों ने आवंटित जनपदों में मंगलवार को पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और वन विभाग के अधिकारियों संग इसे अंतिम रूप भी दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या व आजमगढ़ में पौधरोपण करेंगे। वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना भी विभागीय कार्यक्रम के तहत उक्त जनपदों में पौधरोपण करेंगे। मुख्यमंत्री यहां जनसंवाद भी करेंगे और कार्बन क्रेडिट के तहत सात किसानों को चेक भी प्रदान करेंगे। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल बाराबंकी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मेरठ व ब्रजेश पाठक लखनऊ में पौधरोपण करेंगे। इसके अतिरिक्त सभी कैबिनेट मंत्री, राज्यमंत्री व राज्यमंत्री जनपदों में पहुंचकर एक पेड़ मां के नाम लगाएंगे।

## कांवड़ यात्रा का सकुशल संपन्न कराना प्राथमिकता : मनोज कुमार

- कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाली सड़कों की मरम्मत कराए जाने के दिए निर्देश
- डीजीपी ने बाबा औघडनाथ मंदिर पहुंचकर किया जलाभिषेक



### अपनी ड्यूटी पर तैनात रहे समस्त अधिकारी

मनोज कुमार सिंह ने कहा कि समस्त अधिकारी अपनी डयूटी पर तैनात रहे। डीजे कांवड की ऊंचाई के संबंध में उन्होने कहा कि जहां से डीजे कांवड शुरू होती है वहां के अधिकारी तथा कांवड समिति की बैठक कर लें तथा पहले ही चौकपोस्ट पर देख लिया जाये। डीजे कांवड पर फूहड़ व अश्लील गाने न बजाए जाये। उन्होने कहा कि शिविर तय किये गये मानको के अनुसार सडक को छोड़कर नियत दूरी पर लगाये जाये। कांवडियो को सांप के काटने पर तुरंत एंटीवेनम इंजेक्शन लगाकर तत्काल कार्यवाही करते हुये अस्पताल भेजा जाये। उन्होने कहा कि कांवड मार्ग पर कांवडियो को हैल्थ चौकअप किया जाये। सभी कांवड यात्री अपना पहचान पत्र अपने साथ लेकर चले जो उसी की पहचान के काम आयेगा। रेल की छत पर कांवड़िये यात्रा न करें इसका प्रबंध किया जाये, प्लेटफार्म पर कांवड़ियों की सुरक्षा के दृष्टिगत भीड प्रबंधन के इंतेजाम किये जाए।

**मेरठ,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने हेतु शासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को मुख्य सचिव उप्र शासन मनोज कुमार सिंह एवं डीजीपी राजीव कृष्ण द्वारा कांवड़ यात्रा को लेकर मंडलायुक्त सभागार में, मेरठ, सहारनपुर, अलीगढ़, मुरादाबाद मंडल एवं उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान राज्यों के वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियो के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आहूत की गई। भ्रमण के दौरान मुख्य सचिव एवं डीजीपी ने बाबा औघडनाथ मंदिर पहुंचकर कांवड़ से संबंधित सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा जलाभिषेक किया। वर्चुअल माध्यम से जुड़े पश्चिमी उप्र के समस्त जनपदों के अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा कार्यवाही से अवगत कराया। बैठक में पीपीटी के माध्यम से कांवड़ यात्रा के संबंध में आने वाली चुनौतियों एवं उनसे निपटने के लिए की गई तैयारियों के संबंध में मुख्य सचिव उप्र शासन व डीजीपी के समक्ष प्रजेन्टेशन दिया गया। मुख्य सचिव उप्र शासन मनोज कुमार सिंह ने कहा कि कांवड यात्रा का सकुशल संपन्न कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होने कहा कि कांवड़ियों को मूलभूत सुविधाएं यथा-पीने का पानी, खानपान, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था आदि की उपलब्धता सुनिश्चित रहे इसका ध्यान रखा जाए। सिंचाई विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नहर का पानी संतुलित हो इसका विशेष ध्यान रखे। नहर पटरी की मरम्मत का कार्य पूर्ण कराया जाए, कहीं पर भी कांवड़ मार्ग क्षतिग्रस्त न रहे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई के अधिकारी को कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाली सड़कों की मरम्मत कराए जाने के निर्देश दिए।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष हाउस अरेस्ट पर जताया विरोध



- मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपने की सूचना पर प्रशासन हुआ था सक्रिय
- कांग्रेसियों ने प्रशासन पर तानाशाही रवैया अपनाने का लगाया आरोप

**मेरठ,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। मंगलवार को जिला कांग्रेस के अध्यक्ष गौरव भाटी को पुलिस प्रशासन द्वारा किया गया हाउस अरेस्ट। गौरव भाटी व कार्यकर्ताओं ने आज मेरठ जिले में आए प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव से मुलाकात कर ज्ञापन सौपने की बात कही थी लेकिन प्रशासन ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए मंगलवार सुबह ही जिला अध्यक्ष गौरव भाटी के अकबरपुर स्थित आवास पहुंचकर उनको वही अरेस्ट कर लिया। जिसका पता चलते ही जिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में वही पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। पुलिस के साथ काफी गहमा गहमी के बाद भी कांग्रेसी कार्यकर्ता नहीं माने और विरोध में नारेबाजी की व प्रमुख सचिव से मिलने की बात पर अड़े रहे।

जिसके बाद बहसूमा थाना अध्यक्ष इंदु वर्मा ने स्वयं आकर जिला अध्यक्ष गौरव भाटी व कार्यकर्ताओं से बात कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। जिसमें काफी देर बाद जिला अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं ने बात मानकर थाना अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा।

## तक्षशिला पब्लिक स्कूल के छह बच्चों ने पास की सीयूईटी की परीक्षा




**मेरठ,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। तक्षशिला पब्लिक स्कूल के छह विद्यार्थीयों ने सीयूईटी 2025 की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थीयों में चौल्सी तालियान ने औसत प्रतिशत 99.8, अंजली गुप्ता ने औसत प्रतिशत 97.68, अंकुर सागर ने औसत प्रतिशतता 97.65, वंशिका नैन ने औसत प्रतिशत 97.01, अभिषेक ने औसत प्रतिशत 94.61, अर्चित कुमार ने औसत प्रतिशत 93.72 प्राप्त कर अपने उत्कर्ष प्रदर्शन से सिद्ध कर दिया की मेहनत लगन और सही मार्गदर्शन के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा एवं समस्त शिक्षकों ने सभी मेधावी विद्यार्थीयों तथा उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं और सभी विद्यार्थीयों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सुशील दुबलिश महामंत्री पद से निष्कासित



- बकाया जमा न करने पर हुई कार्रवाई

**मवाना,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। भगवान श्री रामलीला कमेटी की बैठक मंगलवार को कमेटी के अध्यक्ष अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक की अध्यक्षता में हुई, जिसमें रामलीला के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। बकाया जमा न करने पर सुशील दुबलिश महामंत्री पद से निष्कासित। बैठक में आगामी सत्र 2025 में रामलीला मंचन पार्टी, शिव बारात, शिव बारात आदि कार्यक्रमों के अलावा दुकानों के बकाया किराए, रामलीला के प्लाट किरायेदारों पर किराया वृद्धि करने एवं बकाया किराए, शेष निर्माण को पूरा कराने, दुकानदारों पर चल रहे मुकदमा आदि विषयों पर चर्चा हुई। साथ ही बैठक में महामंत्री सुशील दुबलिश द्वारा बकाया कमेटी के खाते में जमा न करने की एवं कमेटी के विरुद्ध कार्य करने पर सर्व सम्मति से निष्कासन किया गया। संचालन चंद्रशेखर आजाद ने किया। बैठक में अध्यक्ष अखिल कौशिक, उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र दीक्षित, डॉ.ओमपाल चौहान, संजय शर्मा, प्रबंधक राजेंद्र चौहान प्रबंधक महेश आर्य उपस्थित रहे।

**आयोजन** | *कृषि विश्वविद्यालय में कृषि तकनीक नवाचार केंद्र का हुआ शुभारंभ*

## किसानों की आय बढ़ाने में कारगर साबित होगा आर्टिंविफशियल इंटेलिजेंस : धर्मेन्द्र प्रधान

- छात्रों के लिए नई संभावनाएं और नए दरवाजे खुले : जयंत चौधरी
- सराहनीय कार्य करने पर प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित



**मेरठ,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मंगलवार को किसी तकनीक नवाचार केंद्र का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा मंत्री भारत सरकार धर्मेंद्र प्रधान एवं अति विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार जयंत चौधरी विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री किसी विभाग सूर्य प्रताप शाही एवं उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री साइंस एंड टेक्नोलॉजी अनिल कुमार कृषि विवि की कुलपति डॉक्टर के के सिंह ने गांधी हाल में आयोजित समारोह को दीप प्रज्जित कर प्रारंभ किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा भारत सरकार द्वारा आईआईटी रोपड़ को।कृषि के क्षेत्र में नवाचार करने हेतु सहायता प्रदान की गई थी। उनके द्वारा कृषि के क्षेत्र में काफी योगदान किया जा रहा है और उसी क्रम में एक सेंटर सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में खोला गया है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के माध्यम से किसान अब अपनी कम लागत में अधिक पैदावार ले सकते हैं। भारत की आत्मा खेत खलियान में बस्ती है यह क्षेत्र गंगा जमुना का उपजाऊ क्षेत्र है। यहां पर काफी अच्छी खेती की जाती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहे हैं कि किसानों की आय को दुगना किया जाना चाहिए। इसके लिए नई तकनीक का इस्तेमाल काफी लाभकारी हो सकता है। आने वाले वर्षों में ऊर्जा की पूर्ति के लिए गेहूं चावल मक्का परली आदि से एथेनॉल का प्रोडक्शन प्रारंभ होगा जिससे किसानों की आय में बढ़ोतरी हो सकेगी सरकार का प्रयास है की किस बिना खाद और बिना पेस्टिसाइड के खेती करें जिससे गुणवत्ता युक्त उत्पाद पैदा हो और किसान के उत्पाद अच्छी कीमत पर बिक सके इससे उनकी आय में बढ़ोतरी होगी। जयंत चौधरी ने कहा कि नई तकनीक की पहुंच अब किसानों तक पहुंच रही है। इस समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े हुए बीच स्टार्टअप की एग्जीबिशन किसानों के लिए काफी प्रेरणादायक है युवा भारत में युवा और आगे बढ़ सके तथा लैब से गांव तक विज्ञान को पहुंचाने का काम भी तेजी से हो रहा है।

किसान भी नवाचार की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मेरठ के लोक क्रांतिकारी हैं मेरठ के छात्रों के लिए नई संभावनाएं और नए दरवाजे इस कृषि तकनीक नवाचार केंद्र के माध्यम से खुल सकेंगे।

उत्तर प्रदेश सरकार में विज्ञान एवं तकनीक मंत्री अनिल कुमार ने अपने संबोधन में कहा अब जमाना बदल रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल अब खेती में भी तेजी से हो रहा है। इसलिए एग्री टेक हब की स्थापना की गई है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपण के निदेशक राजीव आहूजा ने संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत बनाने में कृषि का महत्वपूर्ण योगदान रहा है इससे फूड सिक्योरिटी को भी बढ़ावा मिल रहा है उन्होंने कहा कि आई मॉडल को उसे करके स्टार्ट यूपी के क्षेत्र में और अधिक काम किया जा सकता है एग्रीकल्चर स्टार्टअप की मांग काफी बढ़ रही है और इस क्षेत्र में युवा काफी आगे आ रहे हैं। इस कार्यक्रम का संचालन डा. प्रेरणा सिकरवार तथा धन्यवाद प्रस्ताव अधिष्ठाता डॉक्टर जयवीर यादव द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर कैंट विधायक अमित अग्रवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, महापौर हरिकांत अहलूवालिया, सीसीएसयू की कुलपति संगीता शुक्ला, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज, जिला अध्यक्ष भाजपा शिवकुमार राणा, सुनील रोहटा तथा अन्य लोग उपस्थित थें। इस अवसर पर कृषि के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे 10 प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया गया।

## 'खाकी' ने निखारा, इंडस्ट्री मुझे नए नजरिए से देखती है : करण टैकर

**मुंबई।** टीवी, फिल्म और ओटीटी जैसे अलग-अलग माध्यमों में काम करने वाले करण का मानना है कि उनकी वेब सीरीज 'खाकी द बिहार चैप्टर' के बाद इंडस्ट्री में उनकी पहचान बदल गई है। हालांकि, इस सफलता के बाद भी वह एक अभिनेता के रूप में और बेहतर करना चाहते हैं। करण टैकर का मानना है कि खाकी द बिहार चैप्टर ने उनकी छवि को मजबूत किया है, लेकिन वह अभी और बेहतर करने के लिए उत्साहित हैं। उनका यह भी मानना है कि वह अभी तक सफलता के शिखर पर नहीं पहुंचे हैं। करण ने बताया कि मुझे अभी भी नहीं लगता कि मैंने सफलता हासिल कर ली है। एक अभिनेता का लक्ष्य हमेशा अपने पिछले काम से बेहतर करना होता है। बेहतर करने की यह यात्रा चुनौतीपूर्ण है।

# अस्थमा मरीजों के लिए जानलेवा है मानसून

## संक्रमण से बचने के लिए बरतें खास सावधानी



**नई दिल्ली, 8 जुलाई (एजेंसियां)।** मानसून का मौसम जहां एक ओर गर्मी से राहत लेकर आता है, वहीं दूसरी ओर यह कई बीमारियों की वजह भी बन सकता है। हवा में नमी बढ़ने के साथ ही संक्रमण और एलर्जी फैलने का जोखिम बढ़ जाता है। अस्थमा के मरीजों के लिए यह मौसम कई तरह की परेशानियां पैदा करता है। यहां तक कि यह जानलेवा भी हो सकता है। सांस की तकलीफ, खांसी, सीने में जकड़न, ये सभी समस्याएं इस मौसम में अचानक बढ़ जाती हैं। ऐसे में अस्थमा के मरीजों को मानसून के मौसम में खास सावधानी बरतनी चाहिए।

अमेरिका की नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक, इस पर दुनिया भर से सैकड़ों अध्ययनों को मिलाकर एक रिसर्च की गई, जिसमें पाया गया कि अस्थमा से जुड़ी परेशानियां सामान्य दिनों की तुलना में मानसून में 1.18 गुना ज्यादा बढ़ जाती हैं। खासकर बच्चों और महिलाओं पर इसका सबसे ज्यादा असर होता है। बच्चों की इम्युनिटी कमजोर होती है और वह अक्सर बाहर खेलते हैं, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। वहीं महिलाएं घर के कार्यों के चलते अधिक जोखिम में रहती हैं- जैसे कि कपड़े सुखाना, झाड़ू-पोंछा करना, नियमित साफ-सफाई आदि जैसे कार्यों में फफूंदी और नमी के संपर्क में आने की संभावना अधिक होती है।

रिसर्च में बच्चों में यह खतरा 1.19 गुना और महिलाओं में 1.29 गुना ज्यादा पाया गया। इसके अलावा, जब तेज तूफान और बारिश आती है, तो अस्थमा की समस्या 1.24 गुना बढ़ जाती है।

इस रिसर्च से यह भी सामने आया कि ऐसी स्थितियों में अस्थमा के मरीजों को अस्पताल तक जाना पड़ता है। आपातकालीन विभाग में भर्ती होने का खतरा 1.25 गुना और इसके कारण मौत का खतरा 2.10 गुना तक बढ़ जाता है। यानी मानसून में लापरवाही अस्थमा के मरीजों के लिए जानलेवा भी हो सकती है। बारिश में फफूंदी, धूल, परागकण और वायरल संक्रमण जैसे कारण मरीजों की हालत और बिगाड़ सकते हैं।

**हवा में नमी बढ़ने के साथ एलर्जी फैलने का जोखिम**

**बच्चों में यह खतरा 1.19 गुना व महिलाओं में 1.29 गुना ज्यादा**

ऐसे में बेहद जरूरी है कि कुछ आसान उपाय अपनाकर अस्थमा के लक्षणों को काफी हद तक नियंत्रित किया जाए। इसके लिए अस्थमा के मरीजों को मानसून के मौसम में कुछ चीजों पर ध्यान देने की जरूरत है। इस मौसम में घर में सीलन और फंगस लगना आम बात है, जो अस्थमा को और बढ़ा सकता है। इसलिए कोशिश करें कि घर हमेशा साफ और सूखा रहे। साथ ही, हवा का प्रवाह बना रहे ताकि फफूंदी न जम सके। फर्नीचर और दीवारों पर नमी न बनने दें।

हर वक्त अपने साथ इन्हेलर या डॉक्टर की बताई गई दवाएं हमेशा पास रखें, खासकर जब आप बाहर जा रहे हों। जरूरी काम से ही बाहर निकलें, इस दौरान मास्क लगाना न भूलें। मास्क आपको कई संक्रमणों से सुरक्षित रखेगा। इसके अलावा, बारिश के मौसम में खानपान का भी खास ध्यान रखें। तला-भुना, ठंडा या बासी खाना खाने से परहेज करें। सबसे जरूरी बात यह है कि समय-समय पर डॉक्टर से जांच करवाते रहें ताकि किसी भी खतरे से पहले ही बचाव किया जा सके।

# ज्वर का नाश करने वाली औषधि 'फीवर नट'



फूल-पत्ती और जड़ में कई लाभकारी गुण

**नई दिल्ली, 8 जुलाई (एजेंसियां)।** लताकरंज, जिसका वैज्ञानिक नाम कैसलपिनिया क्रिस्टा है, आयुर्वेद में एक महत्वपूर्ण औषधि मानी गई है। इसे सामान्यत पूतिकरंज या अंग्रेजी में फीवर नट के नाम से भी जाना जाता है। यह एक कांटेदार झाड़ी या बेल है जो भारत के उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाई जाती है। आयुर्वेद में लताकरंज के विभिन्न भागों, जैसे पत्ते, जड़, छाल और विशेष रूप से इसके कड़वे बीज का औषधीय उपयोग किया जाता है। सुश्रुत संहिता में लताकरंज की जड़ का उपयोग बुखार, विशेषकर मलेरिया और अन्य प्रकार के विषम ज्वर, और पेट के कीड़ों को कम करने के लिए किया जाता है, जिस वजह से इसे 'फीवर नट' भी कहते हैं। चरक संहिता में लताकरंज का उल्लेख विरेचका फालिनी और पुष्पिका के रूप में किया गया है, इसके प्रयोग से मल त्यागने में आसानी होती है। वहीं, बवासीर में लताकरंज का उपयोग अलग-अलग तरीकों से किया गया है, इसके जड़, छाल, पत्ते आदि का उपयोग किया जाता है। इसके पत्तों को पीसकर रोगी को पिलाने से फायदा मिलता है।

छोटे बच्चों को अक्सर पेट में कीड़े हो जाते हैं। इन कीड़ों को भगाने में लताकरंज बहुत लाभकारी है। इसके तेल को पिलाने से कीड़े मर जाते हैं।

चरक संहिता में ये भी उल्लेख मिलता है कि यह त्वचा संबंधी समस्याओं जैसे खुजली, दाद, फंगल इन्फेक्शन और अन्य त्वचा विकारों में बहुत उपयोगी है। इसके पत्तों को पीसकर करेंजे की जड़ के साथ मिलाकर लेप लगाने से लाभ मिलता है।

लताकरंज का उपयोग उल्टी को रोकने के लिए भी किया जाता है। बस उल्टी के दौरान इसके पाउडर को शहद में मिलाकर चाटने से आराम मिलता है। वहीं, आप इसका चूर्ण भी बना सकते हैं और इसकी गोलियां बनाकर भी रख सकते हैं; उसका भी उपयोग उल्टियों को रोकने में किया जा सकता है लताकरंज के विभिन्न भागों का उपयोग आंखों की समस्याओं और कान बहने (कर्ण स्राव) जैसी स्थितियों में भी किया जाता है।

# फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' में मुख्य भूमिका अभिनेत्री निधि अग्रवाल

**चेन्नई, 8 जुलाई (एजेंसियां)।** तेलुगु सुपरस्टार पवन कल्याण की अपकमिंग फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' में मुख्य भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री निधि अग्रवाल ने मई में रिलीज हुई तेलुगु फिल्म 'सिंगल' की तारीफ की है। उन्होंने फिल्म को 'एक मजेदार यात्रा' बताया और कहा कि निर्देशक कार्तिक राजू ने इसे शानदार तरीके से बनाया है।

अभिनेत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि अभी-अभी सिंगल (तेलुगु) देखी!! कार्तिक राजू द्वारा शानदार तरीके से बनाई गई यह फिल्म एक शानदार यात्रा है। श्री विष्णु और विनेला किशोर ने हमें शुरू से लेकर आखिरी तक खूब हंसाया। इवाना और केतिका शर्मा और दोनों बहुत अच्छे थे। अल्लू अरविंद सर, गीता आर्ट्स और पूरी कास्ट और क्रू को बधाई।



यह फिल्म इस साल मई में रिलीज हुई थी, जो कि बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। वहीं, फिल्म निर्माता अल्लू अरविंद इस फिल्म में अभिनेता श्री विष्णु के अभिनय से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने अभिनेता को फोन किया और अपने बैनर द्वारा निर्मित दो और फिल्मों में काम करने का ऑफर दिया।

फिल्म सिंगल में श्री विष्णु, इवाना और केतिका मुख्य भूमिका में थे। इसे गीता आर्ट्स, अल्लू अरविंद ने कल्याण फिल्म्स के साथ मिलकर प्रस्तुत किया था। 9 मई को सिनेमाघरों में आई इस फिल्म का निर्माण विद्या कोप्पिनीडी, भानु प्रताप और रियाज चौधरी ने किया।

अल्लू अरविंद के लिए यह फिल्म खास थी क्योंकि उनकी बेटी विद्या ने इस फिल्म का निर्माण किया था। अल्लू अरविंद ने निर्देशक कार्तिक राजू को भी बधाई देते हुए कहा था, मैं सभी दर्शकों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने साबित कर दिया कि अगर फिल्म अच्छी है तो वे थिएटर में आएंगे। विष्णु के साथ मेरा सफर अभी भी जारी रहेगा। फिल्म की नायिकाओं केतिका और इवाना ने शानदार अभिनय किया है।

# नहीं रहे 'साहोरे बाहुबली' लिखने वाले गीतकार शिवा शक्ति दत्ता

**नई दिल्ली, 8 जुलाई (एजेंसियां)।** तेलुगु सिनेमा ने आज एक बड़े कलाकार को खो दिया है। मशहूर संगीतकार एमएम कीरवानी के पिता और प्रसिद्ध गीतकार शिव शक्ति दत्ता का निधन हो गया है। उन्होंने 92 साल की उम्र में हैदराबाद में अपने मणिकोंडा स्थित आवास पर आखिरी सांस ली। वह लंबे समय से उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे।

शिव शक्ति दत्ता गीतकार के साथ तेलुगु सिनेमा में पटकथा लेखक, निर्देशक और निर्माता भी थे। उनके जाने से पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई। उनके फैंस सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

उनके निधन पर अभिनेता, नेता और



आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि श्री शिव शक्ति दत्ता के निधन की खबर से गहरा दुख हुआ। वह कला और साहित्य के सच्चे प्रेमी थे। उनके गीतों में संस्कृत और तेलुगु का अद्भुत समावेश देखने को मिलता है। मेरी संवेदना उनके परिवार के साथ है।

**पवन कल्याण और चिरंजीवी ने दी श्रद्धांजलि**

वहीं मेगास्टार चिरंजीवी ने भी अपनी संवेदना व्यक्त की और तेलुगु भाषा में शिव शक्ति को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा कि श्री शिव शक्ति दत्ता, एक चित्रकार, संस्कृत भाषा के विद्वान, लेखक, कहानीकार और बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उनके जाने की खबर से मैं बेहद हैरान हूं। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति मिले... मैं अपने मित्र और उनके परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। शिव शक्ति दत्ता ने अपने करियर में 'बाहुबली', 'आरआरआर', 'मगधीरा', 'राजन्ना' और 'श्रीरामदासु' जैसी सुपरहिट फिल्मों के लिए गाने लिखे। दत्ता के लिखे गीतों में पौराणिकता की झलक और गहराई देखने को मिलती थी। 'साहोरे बाहुबली', 'राम राघवम', 'ममता थल्ली' और 'अम्मा अवनी' जैसे गीत दर्शकों की यादों में बसे हुए हैं। दत्ता ने निर्देशन और पटकथा लेखन में भी अपनी किस्मत आजमाई थी।

# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और तुलसी का किरदार सिर्फ ट्रेंड नहीं, बना परंपरा : स्मृति ईरानी

**मुंबई, 8 जुलाई (एजेंसियां)।** अभिनेत्री और राजनेता स्मृति ईरानी एक बार फिर से टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में तुलसी विरानी के किरदार में वापसी कर रही हैं। इस शो ने पहले भारतीय टीवी पर लंबे समय तक राज किया था। शो के प्रभाव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह शो एक पॉप-कल्चर बन गया था। लोग तुलसी जैसे किरदारों से जुड़ाव महसूस करते थे। शो और यह किरदार एक ट्रेंड नहीं, बल्कि लोगों के घरों की परंपरा बन गयी थी। स्मृति ईरानी ने कहा कि भले ही यह शो कई साल पहले आया था, लेकिन लोग आज भी इसे याद करते हैं और पसंद करते हैं। यह सीरियल और तुलसी का किरदार लाखों भारतीयों के दिलों में अपनी एक खास जगह बना चुके हैं।

उन्होंने शो के बारे में बात करते हुए कहा कि जब मैंने पहली बार तुलसी का किरदार निभाना शुरू किया, तब मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि उसकी कहानी इतनी दूर तक जाएगी। यह कहानी सिर्फ लोगों के घरों तक नहीं, बल्कि लाखों भारतीयों के दिलों तक पहुंची। तुलसी सिर्फ एक किरदार नहीं थी। वह लोगों के लिए एक बेटी, एक मां और एक दोस्त बन गई। बहुत से लोगों ने उसमें अपनी ताकत, त्याग और विश्वास की झलक देखी। एक्ट्रेस ने कहा कि साल 2000 के आस-पास, जब सोशल मीडिया या हैशटैग जैसी चीजें नहीं थीं, तब भी 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' इतना मशहूर हुआ कि वह सिर्फ एक ट्रेंड नहीं रहा, बल्कि लोगों के घरों की परंपरा बन गया। उन्होंने आगे कहा कि इस शो ने कामयाबी के सारे रिकॉर्ड तोड़े, सिर्फ नंबरों से नहीं, बल्कि



लोगों की भावनाओं से। परिवार के सभी सदस्य अपना सब काम छोड़कर एक साथ बैठकर यह शो देखते थे। तुलसी के नाम पर घरों में बहस होती थी, हंसी होती थी, आंसू बहते थे। जब ये टीवी से चली भी गई, तब भी तुलसी लोगों के दिलों में जिंदा रही। लोग मुझे मेरे असली नाम 'स्मृति' से नहीं, बल्कि 'तुलसी' कहकर बुलाते रहे, क्योंकि तुलसी सिर्फ टीवी पर नहीं, बल्कि लोगों की यादों, आदतों और घरों का हिस्सा बनी। ऐसी पहचान कोई स्क्रिप्ट से नहीं मिलती, ये तो लोगों का प्यार होता है, जो हाथ जोड़कर और दिल से आभार के साथ स्वीकार करना पड़ता है। स्मृति ईरानी ने आगे कहा कि 25 सालों बाद, जिंदगी फिर से उसी मोड़ पर आ गई है। लेकिन ये वापसी बीते समय को दोहराने के लिए नहीं, बल्कि उस भावना को फिर से जगाने के लिए है, जो कभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई थी। अब तुलसी सिर्फ एक किरदार बनकर नहीं लौट रही, बल्कि एक भावना, एक याद और एक जुड़ाव बनकर वापस आ रही है, जो वक्त की कसौटी पर खरी उतरी है।

# महाराष्ट्र में हिंदी भाषियों पर हमला
## निरहुआ ने कहा कि तारा-सितारा बेरोजगार

**मुंबई, 8 जुलाई (एजेंसियां)।** भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता और पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने महाराष्ट्र में हिंदी भाषी लोगों पर हो रहे हमलों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी। छपरा में फिल्म प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से गंदी राजनीति है, क्योंकि महाराष्ट्र में निकाय चुनाव आने वाले हैं।

उन्होंने राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दोनों तारा-सितारा बेरोजगार हैं, इनके पास न कोई सांसद है, न विधायक, न ही राज्यसभा में कोई सीट। इनका राजनीतिक करियर पूरी तरह खत्म हो चुका है।

निरहुआ ने आरोप लगाया कि ये नेता चुनाव से पहले लोगों की भावनाएं भड़काकर माहौल बिगाड़ रहे हैं और हिंदी भाषियों पर हमले कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर इनकी इस राजनीति को यहीं नहीं रोका गया तो अंजाम खतरनाक हो सकता है। कांग्रेस सरकार के समय भी ऐसा हुआ था, लेकिन अब देश में मोदी जी की सरकार है। अगर अब भी ऐसे हमले होते हैं तो देश का भरोसा उठ जाएगा।

उन्होंने आम लोगों से अपील की कि इस तरह की राजनीति का विरोध करें। निरहुआ ने सवाल उठाया कि ये लोग सिर्फ गरीबों को ही क्यों निशाना बनाते हैं। कोई रिक्शा चला



रहा है, कोई ठेला, तो कोई अपनी रोजी-रोटी कमा रहा है, और आप उन्हीं को इस तरह मार रहे हैं। अगर आपको दम दिखाना है तो बड़े लोगों में दिखाओ। गरीब लोगों को निशाना बनाना सही नहीं है।

निरहुआ ने कहा कि मैं खुद 2008 से महाराष्ट्र में रह रहा हूं, हिंदी बोलता हूं, तो मुझे भगाकर दिखाओ। 2008 में तो मैं नेता भी नहीं था, फिर भी मैंने यही कहा था और आज भी कह रहा हूं, अगर किसी को आपत्ति है, तो मुझे भगाओ। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में अब गुंडागर्दी नहीं चलने दी जाएगी और प्रधानमंत्री मोदी से लोगों को उम्मीद है कि वे ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई करेंगे।

### देश की सभी भाषाओं का हो सम्मान : उदित नारायण

*महाराष्ट्र में उठे हिंदी और मराठी भाषा विवाद पर उदित नारायण ने संतुलित बयान दिया है। उन्होंने सबसे 'संस्कृति का सम्मान' करने की अपील की है। गायक ने कहा कि महाराष्ट्र में रहने के कारण स्थानीय भाषा और संस्कृति का सम्मान करना चाहिए। हालांकि, उन्होंने कहा कि लोगों को भारत की अन्य भाषाओं की भी इज्जत करनी चाहिए। उदित नारायण ने कहा कि अगर आप महाराष्ट्र में रहते हैं, तो आपको मराठी भाषा और वहां की संस्कृति का सम्मान करना चाहिए। लेकिन साथ ही हमें भारत की दूसरी भाषाओं का भी सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम महाराष्ट्र में रहते हैं और यह मेरी कर्मभूमि है, इसलिए यहां की भाषा खास है। इसके साथ ही, हमारे देश की सभी भाषाएं भी मराठी की तरह ही बराबर सम्मान की हकदार हैं।*

# 30 की उम्र के बाद उच्च रक्तचाप में तेजी



**मुंबई, 8 जुलाई (एजेंसियां)।** हाइपरटेंशन आज के समय में सबसे तेजी से बढ़ने वाली स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। इस बीमारी का समय रहते इलाज कराने के लिए सबसे पहले जरूरी है इसके लक्षणों को पहचानना।

हाइपरटेंशन, जिसे उच्च रक्तचाप के नाम से भी जाना जाता है, एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, जिसमें धमनियों में रक्त का दबाव लगातार उच्च रहता है। यह एक ऐसी स्थिति है जो अक्सर बिना किसी स्पष्ट लक्षण के भी विकसित हो सकती है। यही कारण है कि इसे 'साइलेंट किलर' भी कहा जाता है।

सेंटर कांउसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेदिक साइंस (सीसीआरएएस) के अनुसार, ब्लड प्रेशर को हाई तब कहा जाता है जब सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर 140 एमएम एचजी या उससे ज्यादा हो, या डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर 90 एमएम एचजी या उससे ज्यादा हो। यदि उच्च रक्तचाप का उचित इलाज नहीं किया जाए, तो यह हृदय रोग, स्ट्रोक, किडनी डैमेज और अन्य गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है।

नेशनल हेल्थ मिशन ने भी हाई बीपी के बारे में जागरूकता फैलाई है। इसकी जानकारी अनुसार, अगर आपको तेज सिरदर्द, तनाव या घबराहट, छाती में दर्द, नाक से खून आना, चक्कर आना, असामान्य हार्ट रिदम (दिल की अनियमित धड़कनें), या सांस लेने में दिक्कत जैसे लक्षण महसूस हो रहे हैं, तो आप तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। जब ऐसे लक्षण दिखते हैं, तो इसका मतलब रक्तचाप का बढ़ना हो सकता है और यह आपके अंगों पर बुरा असर डाल रहा है।

# 'मोटापे' की गिरफ्त में हैं आपके नन्हे-मुन्ने

**नई दिल्ली, 8 जुलाई 2025 (एजेंसियां)** आज के दौर में बच्चों में बढ़ता मोटापा चिंता का विषय बन गया है। स्क्रीन टाइम, गैजेट्स पर निर्भरता और आउटडोर गेम्स से दूरी के कारण छोटी उम्र में ही बच्चे मोटापे का शिकार हो रहे हैं। बच्चों को मोटापे से बचाने के लिए स्वस्थ आदतें अपनाना जरूरी है। आजकल के बच्चों में मोटापा एक बड़ी समस्या है और इसका मुख्य कारण शारीरिक गतिविधि में कमी है। मोटापे से बचाव के लिए शुरुआती कदम उठाना जरूरी है। एक्सपर्ट का मानना है कि स्वस्थ खानपान, नियमित व्यायाम और जागरूकता से बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है।

रिपोर्ट्स बताती हैं कि आज की पीढ़ी में बच्चों की आदतों में आए बदलावों के कारण वे अपनी पिछली पीढ़ी की तुलना में बीमारियों और



मोटापे के बड़े जोखिम से घिर चुके हैं। असल में पिछली पीढ़ी की जीवनशैली बच्चों को मोटापे से बचाने में बहुत सक्षम थी। पुराने समय में इंटरनेट की दुनिया से बच्चे दूर रहते थे और कई खेल खेले जाते थे, जैसे कबड्डी, खो-खो, गेटिस, पकड़ा-पकड़ी, लंगड़ी, गिल्ली-डंडा, परछाई पर पशु-पक्षियों की आकृति बनाना आदि। ये सब बच्चों को भरपूर शारीरिक गतिविधि प्रदान करते थे, जिससे उनका वजन नियंत्रित रहता था और वे स्वस्थ रहते थे। हालांकि, आज के समय में बच्चों की दुनिया, मोबाइल, लैपटॉप जैसे गैजेट्स में उलझकर रह गई है।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के

- मोटापे से बचाव के लिए शुरुआती कदम उठाना जरूरी
- स्वस्थ खानपान, नियमित व्यायाम व जागरूकता से बच्चों का भविष्य सुरक्षित

अनुसार, भारत में 1.4 करोड़ से ज्यादा बच्चे मोटापे से प्रभावित हैं, जो विश्व में दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। उन्होंने बताया कि आमतौर पर मोटे बच्चों को स्वस्थ माना जाता है, लेकिन ऐसा नहीं है और बच्चों में बढ़ता मोटापा एक बड़ी चिंता है। नेशनल हेल्थ मिशन सुझाव देता है कि बच्चों में मोटापे की समस्या को कैसे नियंत्रित कर उनके भविष्य को संवारा जा सकता है। इसके अनुसार, स्क्रीन टाइम सीमित कर बच्चों को खेल के मैदान में भेजें, प्रोसेस्ड फूड की जगह घर का ताजा खाना, फल और विशेष तौर पर हरी सब्जियां खिलाएं। चीनी और मैदा कम करें, बाहर का खाना बंद करें और परिवार के साथ बैठकर खाने की आदत डालें।

न केवल भारत, बल्कि अमेरिका में भी बच्चों में मोटापा बड़ी समस्या है। जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन (जेएएमए) में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक, पिछले 20 सालों में अमेरिकी बच्चों में मोटापा बढ़ा है, जिससे बीमारियों और मृत्यु का खतरा बढ़ गया है। साल 2002 से अब तक 170 से ज्यादा स्वास्थ्य पहलुओं पर आठ नेशनल डेटा सेट के विश्लेषण से यह बात सामने आई है। मोटापा भारतीयों के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम है। बड़े लोगों में मोटापा टाइप-2 डायबिटीज, हृदय रोग और फैटी लीवर जैसी बीमारियों को बढ़ावा देता है।

# अमृता विश्व विद्यापीठम् में पीएच.डी. प्रवेश के पहले चरण की प्रक्रिया 20 जुलाई को होगी समाप्त



नई दिल्ली 8 जुलाई (एजेंसियां)। विश्व के प्रतिष्ठित संस्थानों में शामिल अमृता विश्व विद्यापीठम् जो द इम्पैक्ट रैंकिंग्स 2025 में विश्व की टॉप 50 यूनिवर्सिटीज़ में स्थान प्राप्त कर चुका है—जुलाई 2025 सत्र के लिए पीएच.डी. प्रवेश (फेज 1) की प्रक्रिया 20 जुलाई को बंद कर देगा। यह विश्वविद्यालय शोध के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। अमृता में पीएच.डी. करने वाले विद्यार्थियों को करीब रु. 20 लाख की समग्र सुविधा दी जाती है। इसमें तीन वर्षों तक मासिक छात्रवृत्ति, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने के लिए आर्थिक सहयोग, शोध प्रकाशनों के लिए फंडिंग, ट्यूशन शुल्क में छूट, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं और विश्व स्तरीय शोधकर्ताओं के साथ काम करने के मौके शामिल हैं। शोध के क्षेत्र इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटिंग, भौतिक विज्ञान, जीवन विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, सामाजिक और व्यवहारिक विज्ञान, कला, मानविकी, वाणिज्य और प्रबंधन तक फैले हुए हैं। विद्यार्थियों को देश-विदेश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों से मार्गदर्शन प्राप्त होता है। अमरावती, अमृतपुरी, बेंगलुरु, कोयंबटूर, चेन्नई, कोच्चि, मैसूर और फरीदाबाद स्थित कैंपसों पर प्रवेश खुला है। किसी भी विषय में स्नातकोत्तर में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। नेट, गेट और सी.एस.आई.आर क्वालिफाई करने वाले उम्मीदवारों को सीधे साक्षात्कार का अवसर मिलेगा, अन्य को लिखित परीक्षा और इंटरव्यू देना होगा।

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट्स | 1.71 प्रतिशत |
| अडाणी पोर्ट | 0.90 प्रतिशत |
| अडाणी एंटरप्राईज | 0.59 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.32 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.87 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज ऑटो | 1.47 प्रतिशत |
| सिपला | 1.47 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.83 प्रतिशत |
| अपोलो हास्पिटल | 0.67 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.19 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 96,596 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,06,531 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर


| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7900-8000 |
| उड़द दाल | 9250-9350 |
| मूंग दाल | 9200-9300 |
| अरहर दाल | 8400-8500 |

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने दर्ज की अब तक की सबसे बड़ी छमाही बिक्री

नोएडा। स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में अपने 25 साल के सफर में अब तक की सबसे ज्यादा छमाही बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने 2025 की पहली छमाही में 36,194 से अधिक गाड़ियाँ बेचने का नया रिकॉर्ड बनाया है। स्कोडा इस साल भारत में अपनी 25वीं और दुनिया भर में 130वीं वर्षगांठ मना रही है और तेज़ी से आगे बढ़ रही है। इस उपलब्धि के बारे में स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, हमारी ऐतिहासिक अर्धवार्षिक बिक्री दिखाती है कि भारत में ग्राहकों ने स्कोडा के प्रोडक्ट्स एवं सेवाओं को मजबूती से अपनाया है।



## 2025 की पहली छमाही में पूरे भारत में 76 सौदों में 2,898 एकड़ से अधिक भूमि का हुआ लेन-देन

**मुंबई,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। रियल एस्टेट डेवलपर्स द्वारा 2025 की पहली छमाही में भूमि खरीद का सिलसिला जारी रहा, जिसमें इस अवधि के दौरान पूरे भारत में 76 सौदों में 2,898 एकड़ से अधिक भूमि का लेन-देन हुआ। यह जानकारी मंगलवार को जारी एनारॉक की रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में अब तक लेन-देन की गई भूमि की कुल मात्रा पहले से ही पूरे 2024 में देखी गई डील की मात्रा का 1.15 गुना है, जिसमें 2,515 एकड़ के लिए लगभग 133 सौदे पूरे हुए। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 की पहली छमाही में लेन-देन की गई भूमि का कुल मूल्य 30,885 करोड़ रुपए था, जिसमें लगभग 1.47 लाख करोड़ रुपए की राजस्व क्षमता और 233 मिलियन वर्ग फुट से अधिक की कुल विकास क्षमता थी। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि 2025 की पहली छमाही में कुल भूमि सौदों में से, लगभग 991 एकड़ के लिए 67 से अधिक सौदे अकेले शीर्ष 7 शहरों में हुए। 1,907 एकड़ से अधिक के लिए शेष 9 सौदे अहमदाबाद, अमृतसर, कोयंबटूर, इंदौर, मैसूर और पानीपत जैसे टियर 2 और 3 शहरों में हुए।



शीर्ष 7 शहरों में, भूमि की कमी वाले मुंबई महानगर क्षेत्र में सबसे अधिक 433 से अधिक एकड़ के लिए 24 भूमि सौदों के साथ कार्रवाई हुई, इसके बाद बेंगलुरु में लगभग 182 एकड़ के लिए 15 भूमि सौदे और पुणे में 214 एकड़ से अधिक के लिए 13 सौदे हुए। आवासीय रियल एस्टेट के अलावा, कमर्शियल, रिटेल, इंडस्ट्रियल लॉजिस्टिक्स, और वेयरहाउसिंग भी भारत भर में प्रमुख स्थानों पर प्रमुख भूमि सौदों को बढ़ावा दे रहे हैं।

2025 की पहली छमाही में कुल भूमि सौदों में से, 1,200 एकड़ से अधिक के लिए कम से कम 54 अलग-अलग सौदे अपार्टमेंट, विला, प्लॉटेड डेवलपमेंट और टाउनशिप परियोजनाओं जैसे आवासीय

- 2024 में देखी गई डील की मात्रा का 1.15 गुना है, जिसमें 2,515 एकड़ के लिए लगभग 133 सौदे पूरे हुए
- 2025 की पहली छमाही में पूरे भारत में 76 सौदों में 2,898 एकड़ से अधिक भूमि का लेन-देन हुआ

विकास के लिए प्रस्तावित हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कमर्शियल प्रोजेक्ट्स के लिए लगभग 48.41 एकड़ के लिए 8 अन्य सौदे प्रस्तावित हैं और मिश्रित उपयोग विकास के लिए लगभग 1,034 एकड़ के लिए 6 सौदे प्रस्तावित हैं। एनारॉक ग्रुप के लैंड सर्विसेज एमडी और सीईओ मयंक सक्सेना ने कहा, '2021 से कोरोना महामारी के बाद के वर्षों में भूमि सौदों की लगातार बाढ़ देखी गई है। इन सौदों का पैमाना और परिष्कार, जो 841 मिलियन वर्ग फीट की संयुक्त विकास क्षमता के लिए जिम्मेदार है, रियल एस्टेट बाजार की परिपक्वता को रेखांकित करता है।' उन्होंने कहा, 'नेशनल लैंड ट्रांजैक्शन इकोसिस्टम में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में टियर 2 और 3 शहरों का उभरना भी बेहतर है।'

## सोने की कीमत में उछाल, चांदी के दाम भी 900 रुपए से ज्यादा बढ़े

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को तेजी देखने को मिली। 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर फिर से 97,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब आ गई है और चांदी की कीमत में भी 900 रुपए से ज्यादा का उछाल दर्ज किया गया। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के अनुसार, 24 कैरेट के सोने की कीमत 96,972 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि सोमवार शाम को जारी कीमत, 96,596 रुपए प्रति 10 ग्राम से 376 रुपए अधिक है। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 88,871 रुपए हो गई है, जो कि पहले 88,482 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 72,766 रुपए हो गया है, जो कि पहले 72,447 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

आईबीजेए की ऑफिशियल वेबसाइट पर सोने और चांदी की



कीमतों को दिन में सुबह और शाम दो बार अपडेट किया जाता है। सोने के साथ चांदी की कीमत में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। चांदी की कीमत 969 रुपए बढ़कर 1,07,500 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि इससे पहले के कारोबारी दिन शाम को 1,06,531 रुपए प्रति किलोग्राम थी।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने और चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। सोने के 5 अगस्त, 2025 का कॉन्ट्रैक्ट 0.33 प्रतिशत कम होकर 96,951 रुपए और चांदी के 5 सितंबर, 2025 का

- सोने की कीमत बढ़कर फिर से 97,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब आ गई

कॉन्ट्रैक्ट 0.31 प्रतिशत कम होकर 1,07,986 रुपए पर था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत में गिरावट और चांदी की कीमतों में कमजोरी देखी जा रही है। खबर लिखे जाने तक सोने की कीमत 0.22 प्रतिशत कम होने के बाद 3,335.40 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 36.865 डॉलर प्रति औंस पर थी।

1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 20,810 रुपए या 27.32 प्रतिशत बढ़कर 96,972 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 21,483 रुपए या 24.97 प्रतिशत बढ़कर 1,07,500 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया है।

## प्रमुख यूनियन की हड़ताल से पूरे भारत में बैंकिंग सेवाएं हो सकती हैं बाधित : बैंक ऑफ बड़ौदा

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। पब्लिक सर्विस सेक्टर जैसे बैंकिंग, इंश्योरेंस, पोस्टल और कंस्ट्रक्शन क्षेत्र में काम करने वाले करोड़ों कर्मचारियों ने बुधवार यानी 9 जुलाई को भारत बंद का आह्वान किया है। इन क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारी राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर जाने वाले हैं। कर्मचारियों की इस हड़ताल से देश की कई सेवाएं बाधित हो सकती हैं। 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और उनके सहयोगियों के एक मंच हड़ताल को लेकर ऐलान किया है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि बुधवार को पूरे भारत में बैंकिंग सेवाएं बाधित हो सकती हैं, क्योंकि प्रमुख बैंक यूनियनें राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल में शामिल होने की तैयारी कर रही हैं। एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने चेतावनी दी है कि अगर हड़ताल होती है तो भले ही बैंक सामान्य परिचालन बनाए रखने का प्रयास कर रहा हो, इसकी शाखाओं और कार्यालयों के कामकाज पर असर पड़ सकता है। हड़ताल का नोटिस ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉईज एसोसिएशन (एआईबीईए), ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन (एआईबीओए) और बैंक एम्प्लॉई फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीईएफआई) के महासचिवों द्वारा दिया गया।

## भारतीय आईटी सेक्टर में पहली तिमाही में धीमी वृद्धि देखने को मिलेगी

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय आईटी सर्विस सेक्टर में वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में वृद्धि के नरम रहने की उम्मीद है। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। फाइनेंशियल सर्विस फर्म इक्विरस सिक्योरिटीज ने अपनी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में कहा कि आईटी कंपनियों की आय तिमाही आधार पर मिश्रित रहने की उम्मीद है।

यह रिपोर्ट लार्ज-कैप आईटी कंपनियों में इंफोसिस और टेक महिंद्रा और मिड-कैप कंपनियों में जेनसार, एमफैसिस और केपीआईटी ईक्लर्क्स को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। फर्म की रिपोर्ट इंफोसिस के वित्त वर्ष 2026 की बिक्री वृद्धि मार्गदर्शन में कुछ प्रकार के संशोधन और टॉप छह लार्ज-कैप आईटी कंपनियों को लेकर वृद्धि नरम रहने की जानकारी देती है। रिपोर्ट में



कहा गया है, 'इंफोसिस अमेरिकी डॉलर की बिक्री में 1.0-3.25 प्रति सीसी वृद्धि का मार्गदर्शन करेगी, जो कि मुख्य रूप से लगभग 0.4 प्रतिशत (0-3 प्रतिशत की पूर्व वृद्धि मार्गदर्शन) की इंक्रीमेंटल इनऑर्गेनिक ग्रोथ योगदान को ध्यान में रखते हुए वित्त वर्ष 26 (अनुमानित) के लिए 20-22 प्रतिशत के अपने ईबीआईटीएम मार्गदर्शन में कोई बदलाव नहीं करेगी।' रिपोर्ट में कहा गया है, 'टॉप 6 लार्ज कैप वित्त वर्ष 26ई की

- आईटी सेक्टर वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में वृद्धि के नरम रहने की उम्मीद

पहली तिमाही में सीसी शर्तों में अमेरिकी डॉलर की बिक्री में (-) 2.6 प्रतिशत से 1.4 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि दर्ज करेंगे। इक्विरस सिक्योरिटीज को टॉप 6 लार्ज कैप में 120-230 बीपीएस तिमाही की सीमा में हाई क्रॉस-करेंसी टेलविंड की उम्मीद है।' हालांकि, फर्म को कुछ मिडकैप आईटी/बीपीओ सर्विस कंपनियों से स्वस्थ बिक्री प्रदर्शन की उम्मीद है। फर्म को उम्मीद है कि मांग संबंधी टिप्पणी सतर्क रहेगी। हालांकि, इसका मानना है कि विक्रेताओं को बीएफएसआई में बेहतर मांग का माहौल देखने को मिल रहा है।

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की उम्मीद से बाजार को समर्थन, शेयर सूचकांकों में हल्की तेजी

**मंबई,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को भारत-अमेरिका के बीच एक लघु व्यापार समझौते की उम्मीद के बीच आखिरी दौर के कारोबार में खास कर बैंकिंग, वित्तीय और बिजली क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों को लिवाली के समर्थन से प्रमुख सूचकांकों में हल्का सुधार दर्ज किया गया। सोमवार की तरह आज भी सीमित और सावधानी भरे कारोबार के कारण बाजार सुस्त चल चल रहा था और प्रमुख सूचकांक पिछले स्तर पर बने हुए थे। आखिरी समय में लिवाली का समर्थन बढ़ गया था।

आखिरी दौर की लिवाली के समर्थन से बीएसई30 सेंसेक्स 270.01 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,712.51अंक पर तथा नेशलन स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी इसी तहर दिन में अधिकांश समय गिरावट में रहने के बाद अंत में 61.20 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की हल्की बढ़त के साथ 25,522 . 50 पर बंद हुआ। वैश्विक अनिश्चितताओं और स्थानीय स्तर पर किसी ठोक संकेत के अभाव में बाजारों में अब भी नरमी का रुख बरकार है। बीएएसई सेंसेक्स



कल 83,442.50 पर बंद हुआ था। बाजार आज 83,387.03 पर नरमी के साथ खुला था और कारोबार के दौरान सेंसेक्स ऊपर में 83,812.31 और नीचे में 83,320.95 तक गया था। एनएसई 25,427.85 पर खुलने के बाद ऊपर में 25,548.05 और नीचे में 25,424.15 तक गया था।

एनएसई के व्यापक बाजार में कुल 3023 कंपनियों के शेयरों का लेन-देन दर्ज किया गया। इनमें 1352 लाभ में और 1564 घाटे में बंद हुए 108 शेयरों में स्थिरता रही। बीएसई सेंसेक्स के 30 में से 18 शेयर 0.22 प्रतिशत से 3.61 प्रतिशत तक लाभ में रहे। सबसे अधिक लाभ कोटक बैंक बैंक में हुआ जबकि आईटीसी लाभ वाले शेयरों में सबसे नीचे रहा। सबसे अधिक लाभ कोटक बैंक बैंक में हुआ, जबकि आईटीसी लाभ वाले शेयरों में सबसे नीचे रहा। बीएसई सेंसेक्स के लाभ में रहे अन्य शेयरों में इटर्नल, एशियन पेंट, एनटीपीसी , बीईएल, अडानी पोर्ट, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, एलएंडटी, टेक महिं., टाटा मोटर्स , पावर ग्रिड, अल्ट्रासेमको, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस शामिल हैं।

महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल , भारती एयरटेल, आईटीसी, रिलायंस , टाटा स्टील , सन फार्मा, हिंदुस्तान लीवर, मारुति, एक्सिस बैंक और ट्रेंट हल्के घाटे में बंद हुये। टाइटन 6.17 प्रतिशत टूट गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंसियल सर्विसेज के शोध,धन प्रबंधन प्रभाग के प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि आज के सत्र के अधिकांश समय बाजार में मंदी रही, लेकिन ऐसी रिपोर्टों के बीच कि भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित एक छोटे व्यापार सौदे की आज घोषणा की जा सकती है, आखिरी दौर में सुधार हुआ।

## गुजरात में 2017 से करदाताओं की संख्या में 145 प्रतिशत की वृद्धि हुई

**अहमदाबाद,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। गुजरात सरकार के अनुसार, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने के बाद से आठ वर्षों में करदाताओं की संख्या में 145 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार के बताया कि 2017 में जहां 5.15 लाख से अधिक करदाता थे, वहीं अब वित्तीय वर्ष 2024-25 तक राज्य में 12.66 लाख पंजीकृत करदाता हो गए हैं। जीएसटी लागू होने के बाद से गुजरात कर अनुपालन, राजस्व वृद्धि और डिजिटल एकीकरण के मामले में भारत के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में से एक के रूप में उभरा है। वैल्यू एडेड टैक्स (वैट), केंद्रीय सेल्स टैक्स (सीएसटी), चुंगी और प्रवेश कर के जटिल जाल में उलझी राज्य की कर प्रणाली में 'एक राष्ट्र, एक कर' व्यवस्था के तहत जीएसटी लागू होने से बड़ा परिवर्तन आया है, जिससे न केवल अनुपालन सरल हुआ है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिला है। 2024-25 में गुजरात की करदाता वृद्धि दर 6.38 प्रतिशत रही है जो राष्ट्रीय औसत 3.86 प्रतिशत से काफी अधिक है, जो राज्य के गतिशील कारोबारी माहौल और व्यापार के बढ़ते औपचारिकीकरण को दर्शाती है।

गुजरात का जीएसटी राजस्व 2024-25 में





- वर्ष 2024-25 तक राज्य में 12.66 लाख पंजीकृत करदाता हो गए

बढ़कर 1,36,748 करोड़ रुपए हो गया है, जो पिछले साल के मुकाबले 11,579 करोड़ रुपए अधिक है। राज्य देश के घरेलू जीएसटी पूल में 8.2 प्रतिशत का योगदान देता है, जिससे यह देश में शीर्ष तीन जीएसटी योगदान देने वाले राज्यों में शामिल हो गया है। इसके अतिरिक्त, गुजरात का स्टेट जीएसटी (एसजीएसटी) और इंटीग्रेटेड जीएसटी (आईजीएसटी) से राजस्व 73,200 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष से 8,752 करोड़ रुपए अधिक है। गुजरात ने एसजीएसटी और आईजीएसटी संग्रह में 13.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो राष्ट्रीय औसत 10.31 प्रतिशत से अधिक है।

## ट्रंप के बांग्लादेश पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने से भारतीय कपड़ा कंपनियों के शेयरों में आया उछाल

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बांग्लादेश पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद मंगलवार को सुबह के कारोबार में भारतीय कपड़ा कंपनियों के शेयरों में उछाल देखने को मिला। ट्राइडेंट, वेलस्पन, गोकलदास एक्सपोर्ट्स, केपीआर मिल, वर्धमान टेक्सटाइल्स और अरविंद लिमिटेड जैसी कपड़ा कंपनियों के शेयरों में शुरुआती कारोबार में तेजी आई। गोकलदास एक्सपोर्ट्स के शेयरों में 7 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई, जबकि वर्धमान टेक्सटाइल्स के शेयरों में 7.4 फीसदी और वेलस्पन लिविंग के शेयरों में 2 फीसदी की तेजी आई। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस को लिखे पत्र में ट्रंप ने कहा कि 1 अगस्त, 2025 से हम बांग्लादेश से अमेरिका में भेजे जाने वाले सभी बांग्लादेशी उत्पादों पर केवल 35 फीसदी टैरिफ लगाएंगे, जो सभी सेक्टोरल टैरिफ से अलग होगा। ट्रंप ने पत्र में



लिखा, 'कृपया समझें कि 35 प्रतिशत टैरिफ आपके देश के साथ हमारे व्यापार घाटे की असमानता को खत्म करने के लिए आवश्यक संख्या से बहुत कम है।' उन्होंने कहा कि उच्च टैरिफ से बचने के लिए ट्रांसशिप किए गए सामान उस उच्च टैरिफ के अधीन होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि अगर किसी भी कारण से बांग्लादेश अपने टैरिफ बढ़ाने का फैसला करता है तो वह जो भी संख्या बढ़ाना चाहेगा, उसे 35 प्रतिशत में जोड़ दिया जाएगा।

ट्रंप ने कहा, 'कृपया समझें कि ये टैरिफ बांग्लादेश की कई वर्षों की टैरिफ और गैर-टैरिफ नीतियों और व्यापार बाधाओं को ठीक करने के लिए आवश्यक हैं, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ इन अस्थिर व्यापार घाटे का कारण बन रहे हैं। यह घाटा हमारी अर्थव्यवस्था और वास्तव में हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है।'

### भारतीय निर्यातकों ने टैरिफ वृद्धि की समयसीमा 1 अगस्त तक बढ़ाने के अमेरिकी फैसले का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यातकों ने आयात पर टैरिफ बढ़ोतरी को 9 जुलाई से 1 अगस्त तक स्थगित करने के अमेरिकी फैसले का स्वागत किया है, क्योंकि इससे व्यापार मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत के लिए अधिक समय मिलेगा। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (एफआईईओ) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने को स्थगित करना अमेरिका की अपने व्यापारिक भागीदारों के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने की इच्छा को दर्शाता है। उन्होंने कहा, 'यह बातचीत के लिए अतिरिक्त समय प्रदान करता है, जो हमारे वार्ताकारों को शेष विवादास्पद मुद्दों को सुलझाने में मदद कर सकता है।' सहाय ने आगे कहा कि अगर अमेरिका इस महीने के अंत तक कम से कम वस्तुओं पर द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देता है तो एक दर्जन देशों को कवर करने वाले प्रस्तावित टैरिफ भारत को अधिक तुलनात्मक लाभ प्रदान कर सकते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका के ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने पहले कहा था कि वाशिंगटन कई व्यापार सौदों पर समझौते तक पहुंचने के करीब है क्योंकि अंतिम समय में विभिन्न देशों से बहुत सारे प्रस्ताव आए हैं।

## डॉलर के मुकाबले रुपया मजबूत

**मुंबई,** 8 जुलाई (एजेंसियां) अंतर बैंक विदेशी विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में मंगलवार को 10 पैसे की मजबूती दर्ज की गयी। बाजार बंद होने के समय रुपया-डालर विनिमय दर 85.7188 के दायरे में रही। कल बाजार 85.8150 के स्तर पर बंद हुआ था। विश्लेषकों के अनुसार कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और शेयर बाजारों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई ) की बिकवाली के दबाव में कमी से विदेशी विनिमय बाजार में भारतीय रुपए को सहारा मिला। अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौतों को लेकर बाजार में आशावाद से भी रुपए की धारणा को मजबूती मिली। विश्लेषकों के अनुसार रुपए के भविष्य में 85.25 से 86.00 के दायरे में मजबूत रहने की उम्मीद है। ब्रिटेन का पौंड 116.8170 रुपए, यूरो 100.6064 रुपए पर तथा जापानी येन (प्रति सैकड़ा) 58.6500 रुपए के स्तर पर था। न्यूयार्क जिंस बाजार में ब्रेंट क्रूड का भाव गिर कर एक समय 66.77 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था। कल बाजार 67 डॉलर के स्तर पर था। वैश्विक जिंस बाजार में सोना 0.45 प्रतिशत नरम हो कर 3,322 डॉलर के स्तर पर चल रहा था। इसके प्रभाव से स्थानीय बाजार में 440 रुपए की कमजोरी के साथ 96,820 रुपए के स्तर पर था। विश्लेषकों के अनुसार डालर के मुकाबले रुपए में मजबूती से सोने की कीमतों पर और दबाव है।

## सार संक्षेप

### धान का रकबा बढ़ा, दलहन तिलहन के रकबे में दिखी तेजी

**नई दिल्ली।** देश में इस साल खरीफ सीजन की प्रमुख फसलों की बुवाई में सरकारी आंकड़ों के अनुसार तेजी देखी जा रही है। कृषि मंत्रालय से मंगलवार को प्राप्त अद्यतन आंकड़ों के अनुसार बीते साल की तुलना में इस साल खरीफ फसलों का रकबा 43.66 लाख हेक्टेयर अधिक है। आंकड़ों के अनुसार धान का रकबा बीते साल की तुलना में 4.78 लाख हेक्टेयर बढ़ गया । खरीफ 2024-25 में अब तक धान का रकबा 64.52 लाख हेक्टेयर था जो इस समय 69.30 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। दलहन का रकबा भी खासा बढ़ गया है। पिछले वर्ष दलहन की बिजाई 31.48 लाख हेक्टेयर में हुई थी पर अब इसका क्षेत्रफल बढ़ कर 42.57 लाख हेक्टेयर हो चुका है। धान और दलहन के अलावा मोटे अनाजों का रकबा 13.40 लाख हेक्टेयर और तिलहन का 13.31 लाख हेक्टेयर के साथ एक साल पहले इसी अवधि की तुलना में ज्यादा पर चल रहा है। नगदी फसलों में ईख का रकबे में मामूली तेजी देखी गई है।

### अमेजन फैशन और ब्यूटी के साथ हर लम्हा बनाएं खास और स्टाइलिश

**गुरुग्राम।** प्राइम डे एक बार फिर वापस आ गया है, और इस बार यह पहले से भी बड़ा, बेहतर और ज्यादा फैशनेबल है! 12 जुलाई से 14 जुलाई तक, अमेजन प्राइम मेंबर्स को मिलेगा 72 घंटे तक फैशन और ब्यूटी की लगातार खोज का मौका। अब फैशन फोमो नहीं, यह है वह पल जब आप अपनी वॉर्डरोब को रिफ्रेश करें, ब्यूटी कैबिनेट को फिर से भरें और हर दिन को एक स्टाइल स्टेटमेंट बनाएं। चाहे आप ट्रेंड्स के पीछे भागते हों, समझदारी से खरीदारी करने वाले हों या बेहतरीन डील्स के शौकीन हों, अमेजन फैशन और ब्यूटी में हर किसी के लिए कुछ न कुछ खास है। यहां मिलेगा आपको ढेरों विकल्प, बेहतरीन कीमतें, तेज डिलीवरी और आसान रिटर्न जैसी सुविधा। ग्राहक यहां कैरटलेन, लैवी सिग्नेचर, अर्बन जंगल, सिंबॉल प्रीमियम, टाइटन रागा जैसे टॉप ब्रांड्स से नए स्टाइल्स, प्रीमियम एक्सेसरीज़, ट्रेंडिंग लुक्स और नए रोमांचक प्रोडक्ट लॉन्च का भी आनंद ले सकते हैं।


### अदाणी पावर ने 600 मेगावाट की विदर्भ पावर का अधिग्रहण किया पूरा

**अहमदाबाद।** अदाणी पावर लिमिटेड (एपीएल) ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी ने 4,000 करोड़ रुपए में विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड (वीआईपीएल) का अधिग्रहण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस अधिग्रहण के साथ, अदाणी पावर अपनी परिचालन क्षमता को 18,150 मेगावाट तक ले जाएगा, जो 2030 तक 30,670 मेगावाट परिचालन क्षमता के साथ भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट बेस लोड बिजली उत्पादन कंपनी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करेगा।

# खेल जगत

## तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड जोफ्रा आर्चर को टीम में दे मौका

**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच जीतने के बाद दूसरा मुकाबला 336 रनों के बड़े अंतर से हार गई है। सीरीज के तीसरे मैच से पहले इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने मेजबान टीम को अपने पेस अटैक में जोफ्रा आर्चर को शामिल करने की सलाह दी है। एंडरसन के अनुसार, मेजबान टीम को तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को शामिल करके एक चांस लेना चाहिए। बेन स्टोक्स की अगुआई में इंग्लैंड की टीम भारत के खिलाफ लॉर्ड्स में यह मुकाबला खेलेगी। जोफ्रा आर्चर पिछले सप्ताह एजबेस्टन में इंग्लैंड की टीम से जुड़े थे। वह साल 2019 के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेले, लेकिन हाल ही में ससेक्स के लिए प्रथम श्रेणी स्तर पर लाल गेंद से वापसी की है।



# बुमराह की तीसरे टेस्ट के लिए टीम में वापसी तय

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ भारत की एकादश में बस एक बदलाव मुमकिन
■ कुलदीप को लॉर्ड्स टेस्ट में भी भारतीय एकादश में जगह मुश्किल

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। शुभमन गिल के बल्ले से अनुकरणीय खेल और बतौर कप्तान गजब के नेतृत्व से भारत ने एजबेस्टन, बर्मिंघम में मेजबान इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में 336 रन से शिकस्त दे लीड्स में पहला टेस्ट पांच विकेट से हारने के बाद कमाल की वापसी कर एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच टेस्ट की सीरीज में एक एक की बराबरी कर अपने आलोचकों का मुंह बंद कर दिया है। शुभमन गिल की यंग इंडिया का जिस तरह से इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर नई और कमजोर बता कर जिस तरह से उसकी हंसी उड़ा रहे थे भारत की बड़ी जीत से उन सभी के मुंह पर ताला लग गया है।

भारत अब लॉडर्स में बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे सीरीज के तीसरे टेस्ट के लिए अपनी एकादश में तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की जगह जसप्रीत बुमराह को शामिल किया जाना तय लग रहा है। इसे छोड़ भारत की एकादश में कोई और बदलाव मुमकिन नहीं दिख रहा है। ऐसे में लॉडर्स टेस्ट के लिए भी कुलदीप यादव को भारत की एकादश में जगह मिलनी मुश्किल नजर आती है। 'बाज' के नाम से ख्यात अपने चीफ कोच न्यूजीलैंड के ब्रैंडन मैकुलम के नाम पर शुरू से दे दनादन करने की बाज बॉल के नाम से ख्यात नीति से खेलने की नीति से मेजबान इंग्लैंड टीम आलोचकों के निशाने पर आ गई। अपने तुरुप के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को उनके लोड मैनेजमेंट के चलते एजबेस्टन में खासतौर पर भारत के मोहम्मद सिराज और आकाश दीप की नई गेंद से कमाल की धारदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने जिस दमदार ढंग से टेस्ट सीरीज में एक एक की बराबरी की उससे इंग्लैंड की बाज बॉल की हवा ही निकल गई। भारत के लिए शुरू के दो टेस्ट मैचों में कप्तान शुभमन गिल और उप कप्तान ऋषभ पंत के दो दो शतकों और यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल के एक एक शतक सहित कुल जड़े छह शतकों ने दर्शाया की उसका शीर्ष क्रम पूरे रंग में हैं। वहीं इंग्लैंड के लिए बेन डकेट, पॉप, हेरी ब्रुक और जैमी स्मिथ चार शतक जड़े गए। आकाशदीप ने जसप्रीत बुमराह को दूसरे टेस्ट में आराम दिए जाने पर मौके को भुनाने हुए भारतीय एकादश में जगह पाने पर दोनों पारियों में दस और मोहम्मद सिराज (सात विकेट) के मिलकर टस्ट में कुल 17 विकेट लेकर लॉडर्स टेस्ट के लिए इंग्लैंड के बल्लेबाजों की राह खासी मुश्किल कर दी है। भारत के शुरू के दो टेस्ट में नई गेंद से भारत के तेज गेंदबाज पहले टेस्ट में जसप्रीत बुमराह व दूसरे में मोहम्मद सिराज व आकाशदीप ने कहर बरपा उसकी बड़ी जीत के साथ सीरीज में वापसी कराई। भारत ने लीड्स में लगभग जीता सीरीज का पहला टेस्ट आखिरी दिन आखिरी घंटे में गंवाने के बाद भी भारतीय टीम की तारीफ करनी होगी कि उसने जीवट और खुद के भरोसे गजब का पलटवार किया। लीड्स में पहले टेस्ट भारत की हार का कारण दोनों पारियों में उसके निचले क्रम का ताश का पत्तों की तरह ढहना कहा गया था। भारत ने इससे सबक लिया। शार्दुल ठाकुर की दूसरे टेस्ट में जगह पाने वाले नीतिश रेड्डी व साई सुदर्शन की जगह वाशिंगटन सुंदर ने बल्ले और गेंद से दमदार प्रदर्शन से तीसरे टेस्ट के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया। बेशक बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव के लिए तीसरे टेस्ट में जगह नहीं बनती है और अंतिम दो टेस्ट में उनके लिए जगह मुमकिन हो सकती है।

## कोंस्टास के बचाव में उतरे हेड कोच मैकडोनाल्ड



**सेंट जॉर्ज।** ऑस्ट्रेलियाई हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड के अनुसार संघर्षरत सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास अभी भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के माहौल के हिसाब से खुद को ढाल रहे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में उनका खेलना इस दिशा में 'एक छोटा कदम' था। एंड्रयू मैकडोनाल्ड का मानना है कि खिलाड़ियों के पास शुरुआती घरेलू क्रिकेट और ऑस्ट्रेलिया-ए मैचों के जरिए एशेज के लिए अपना दावा पेश करने का शानदार मौका होगा। कोंस्टास ने ग्रेनेडा में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहली पारी में 25 रन बनाए। अगली पारी में कोंस्टास खाता तक नहीं खोल सके। कोंस्टास ने अब तक चार टेस्ट में 18.25 की औसत के साथ कुल 146 रन बनाए हैं। कोंस्टास सबीना पार्क में होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट में खेलने के लिए तैयार हैं, जो इस वेन्यू पर पहला 'डे-नाइट टेस्ट' भी है। मैकडोनाल्ड ने कोंस्टास के शुरुआती टेस्ट करियर के बारे में कहा कि चार मैच, आठ इनिंग। शायद किसी के लिए भी जज करना जल्दबाजी होगी। मुझे लगता है कि टेस्ट क्रिकेट में हमेशा आपका स्किल लेवल या आपकी तकनीक ही चुनौतियां नहीं होती। यह उन पलों, दबाव और उन सभी बाहरी चीजों से निपटने की बात है, जो इसके साथ आती हैं। वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जो अपने आपको माहौल में ढाल लेते हैं।

## इंग्लैंड की टीम में 'लॉड्स का राजा', भारत को रहना होगा सावधान!



**नई दिल्ली।** भारत-इंग्लैंड के बीच 10 जुलाई से तीसरे टेस्ट की शुरुआत होने जा रही है। यह मैच लॉर्ड्स में खेला जाना है। इस वक्त इंग्लैंड की टीम में एक ऐसा खिलाड़ी है, जिसे 'लॉर्ड्स का राजा' कहा जाता है। इस खिलाड़ी के नाम लॉर्ड्स के मैदान पर टेस्ट फॉर्मेट में सर्वाधिक रन दर्ज हैं।यहां हम बात कर रहे हैं इंग्लैंड के प्रमुख बल्लेबाज जो रूट की, जो टीम के पूर्व कप्तान भी रह चुके हैं। जो रूट लॉर्ड्स के मैदान पर टेस्ट इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने यहां साल 2013 से अब तक कुल 22 टेस्ट खेले हैं, जिसकी 40 पारियों में 54.64 की औसत के साथ 2,022 रन बनाए। जो रूट इस मैदान पर नाबाद 200 रन की पारी खेल चुके हैं। यहां उन्होंने सात शतक और इतने ही अर्धशतक जड़े हैं। इस मैदान पर उनके नाम 224 चौके भी हैं। भारत के खिलाफ पांच मुकाबलों की इस टेस्ट सीरीज में जो रूट के प्रदर्शन को देखें, तो दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अब तक दो टेस्ट की चार पारियों में 36.33 की औसत के साथ 109 रन बनाए हैं।

# मैं जोकोविच और अल्काराज को फाइनल में देखना पसंद करूंगा : विराट कोहली



**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने कहा है कि वह नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज को विम्बलडन के फाइनल में देखना पसंद करेंगे और उन्हें उम्मीद है कि नोवाक यह मैच जीतेंगे। विराट ने स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार विंबलडन 2025 के विशेषज्ञ, दिग्गज विजय अमृतराज से विशेष बातचीत की, जो 7 जुलाई को नोवाक जोकोविच और एलेक्स डी मिनौर के बीच मुकाबला देखने के लिए अनुष्का शर्मा के साथ मौजूद थे। कोहली ने हाल के वर्षों में विंबलडन खेलों में भाग लेने के अपने अनुभव और अपने वर्तमान पसंदीदा टेनिस खिलाड़ी के बारे में बताया। विराट कोहली ने अपने पसंदीदा पुरुष एकल खिलाड़ी के बारे में कहा कि मैं पिछले कुछ समय से नोवाक जोकोविच के संपर्क में हूं। हमने संदेशों का आदान-प्रदान किया है, और वह बहुत दयालु रहे हैं। मैं नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज को फाइनल में देखना पसंद करूंगा - और मुझे उम्मीद है कि नोवाक यह मैच जीतेंगे। पूर्व भारतीय टेस्ट कप्तान ने कहा कि यह उनके करियर के इस चरण में एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वह निश्चित रूप से सभी समय के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में चर्चा में हैं - यदि महानतम नहीं हैं - सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम खिताब के साथ। वह वास्तव में अपनी कड़ी मेहनत के लिए इसके हकदार हैं।



मैं पिछले कुछ समय से नोवाक जोकोविच के संपर्क में हूं। हमने संदेशों का आदान-प्रदान किया है, और वह बहुत दयालु रहे हैं। मैं नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज को फाइनल में देखना पसंद करूंगा - और मुझे उम्मीद है कि नोवाक यह मैच जीतेंगे : **विराट कोहली**



## भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में सिवर-ब्रंट करेंगी इंग्लैंड की कप्तानी

**लंदन,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। ग्रोइन इंजरी से जूझ रहीं नैट सिवर-ब्रंट भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चयनित 15 सदस्यीय इंग्लैंड की टीम की अगुवाई करती दिखेंगी। नैट सिवर-ब्रंट दूसरे टी20 में बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हो गई थीं जिसके बाद शेष सीरीज के लिए टैमी बोमॉन्ट को टीम की कमान सौंपी गई थी। हालांकि चयनकर्ताओं को उम्मीद है कि पहले वनडे से पहले सिवर-ब्रंट फिट हो जाएंगी। इंग्लैंड की वनडे टीम में सोफी एक्लस्टोन की भी वापसी हुई है जो कि सीजन की शुरुआत में चोट से रिकवरी के चलते वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं बन पाई थीं, एक्लस्टोन को सारा ग्लेन की जगह टीम में शामिल किया गया है। माइया बाउचर जिन्हें सिवर-ब्रंट के रिप्लेसमेंट के तौर पर टी20 सीरीज़ के लिए बुलावा आया था, उन्हें भी वनडे टीम में शामिल किया गया है। लॉरेन फाइलर जिन्होंने शुक्रवार को स्मृति मंधाना और जेमिमाह रॉड्रिग्स के अहम विकेट चटकाते हुए इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका अदा की उन्हें जनवरी में हुए एशेज टूर के बाद पहली बार इंग्लैंड की वनडे टीम में शामिल किया गया है।

## सार संक्षेप

### विंबलडन के दौरान सिनर चोटिल, करवाना होगा 'एमआरआई स्कैन'

**लंदन।** विंबलडन के चौथे दौर में ग्रिगोर दिमित्रोव के खिलाफ मुकाबले के शुरुआती चरण में यानिक सिनर गिरकर चोटिल हो गए, जिसके बाद वर्ल्ड नंबर-1 सिनर चोट की जांच के लिए 'एमआरआई स्कैन' कराने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, सिनर विंबलडन के चौथे दौर में पहुंच गए हैं, क्योंकि ग्रिगोर दिमित्रोव को चोट के कारण मैच छोड़ना पड़ा। चौथे दौर के मैचअप के पहले ही गेम में सिनर हार की ओर बढ़ते हुए दिखाई दे रहे थे। इसी बीच जमीन पर एक सहज दिखने वाली स्लाइड के दौरान उनकी कोहनी में चोट लग गई। इसके बाद उन्हें 'मेडिकल टाइमआउट' मिला।हाल ही में अपने फिजियोथेरेपिस्ट और ट्रेनर से अलग होने के बाद, सिनर अब अपनी कोहनी के इलाज के लिए एटीपी टूर के फिजियो की मदद लेंगे। सिनर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उस तरह गिरना काफी दुर्भाग्यपूर्ण था। मैंने वीडियो देखी, तो लगा कि यह गंभीर नहीं था, लेकिन फिर भी मुझे काफी दर्द महसूस हुआ, खासकर सर्व और फोरहैंड पर। मैं दर्द को महसूस कर सकता था। अब देखते हैं, कल चोट की जांच करेंगे, फिर तय करेंगे आगे क्या करना है।

### कुंदाई माटिगिमु पर आईसीसी की कार्रवाई

**बुलावायो।** जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज कुंदाई माटिगिमु को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। इसके चलते माटिगिमु पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दोनों टीमों के बीच क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में यह मुकाबला खेला जा रहा है। यह घटना दक्षिण अफ्रीकी पारी के 72वें ओवर की है। मुकाबले के पहले दिन माटिगिमु ने अपने फॉलो-थ्रू में गेंद को फील्ड किया और बल्लेबाज लुआन-डी प्रीटोरियस की ओर फेंका, जो करीब से उनकी कलाई पर लगी। इस घटना के बाद, माटिगिमु को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अनुचित/खतरनाक तरीके से किसी खिलाड़ी पर या उसके पास गेंद (या क्रिकेट उपकरण का कोई अन्य सामान) फेंकने' से संबंधित है। यह आरोप मैदानी अंपायर्स के साथ थर्ड और फोर्थ अंपायर ने लगाया। माटिगिमु ने मैच रेफरी रंजन मदुगले के प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया है।

### कुंडाई पर आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगा जुर्माना

**बुलावायो।** जिम्बाब्वे के कुंडाई माटिगिमु को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए दंडित किया गया। कुंडाई माटिगिमु पर बुलावायो में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी के 72वें ओवर के दौरान हुई, जब माटिगिमु ने अपने फॉलो-थ्रू में एक गेंद को फील्ड किया और बल्लेबाज लुआन-डी प्रीटोरियस की ओर फेंका, जो काफी नजदीक से उनकी कलाई पर लगी।

## भारतीय अंडर-15 कुश्ती टीमों का बिश्केक में 2025 एशियाई चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन



**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय अंडर-15 कुश्ती टीमों ने 4 से 7 जुलाई तक बिश्केक (किर्गिस्तान) में आयोजित 2025 अंडर-15 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला कुश्ती श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की गई। भारत ने फ्री स्टाइल कुश्ती में टीम चैंपियन का खिताब जीता भारतीय अंडर-15 फ्री स्टाइल कुश्ती टीम कुल 203 अंक हासिल करके टीम चैंपियन बनी, जबकि जापान 166 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय दल ने 6 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य सहित 8 पदक जीते और प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाए रखा। फ्री स्टाइल में पदकों की होड़ की शुरुआत वंश अहलावत से हुई, जिन्होंने रोमांचक मुकाबले में अपने जापानी प्रतिद्वंद्वी को 9-8 के स्कोर से हराकर भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उनकी जीत से प्रेरित होकर, टीम ने अनुकरणीय भावना दिखाई। आर्यन (44 किग्रा) ने तकनीकी श्रेष्ठता (16-6) से किर्गिज पहलवान को हराया प्रथमेश सूर्यकांत पाटिल ने अपने उज्बेक प्रतिद्वंद्वी को 7-4 से हराया रोहित मान ने ताजिकिस्तान पर 10-0 की तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की सचिन (68 किग्रा) ने अपने उज्बेक प्रतिद्वंद्वी को हराकर जीत हासिल की कार्तिक (85 किग्रा) ने कजाकिस्तान को 3-1 से हराकर जीत हासिल की भारतीय महिला पहलवानों ने टीम उपविजेता का खिताब जीता महिला कुश्ती टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए 202 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही, जो जापान से थोड़ा पीछे है, जिसने 217 अंक बनाए। एक गहन चैंपियनशिप में जहां भारत और जापान के बीच 7 स्वर्ण पदक मुकाबले हुए, भारत 2 स्वर्ण और एक महत्वपूर्ण कांस्य जीतने में सफल रहा, अंततः कुल 3 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य पदक जीता। जिया (33 किग्रा) ने अपनी जापानी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 4-2 से जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक जीता। पूर्वी शर्मा (66 किग्रा) ने अपनी जापानी प्रतिद्वंद्वी को 8-0 से हराया। दीक्षा (39 किग्रा) ने अपनी किर्गिज प्रतिद्वंद्वी को हराकर शानदार प्रदर्शन किया।

# भारत अंडर-19 टीम आखिरी यूथ वन डे हारी

**भारत अंडर- 19 ने आखिरी मैच हारने के बावजूद इंग्लैंड अंडर-19 से यूथ वन डे की सीरीज 3-2 से जीती**



■ नमन पुष्पक, डॉकिस व रॉकी पिलटॉफ भारत अंडर 19 के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के शीर्ष क्रम मे 33 रन की तेज पारी और आर एस अंबरीश के अर्धशतक के बावजूद भारत अंडर 19 टीम ने मेजबान इंग्लैंड अंडर 19 से पांचवां और आखिरी यूथ वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच वूस्टर में सात विकेट से हारने के बावजूद सीरीज 3-2 से जीत ली। भारत अंडर 19 टीम ने वैभव सूर्यवंशी और विहान मल्होत्रा के तूफानी शतकों से चौथा वन डे अंतरराष्ट्रीय मैच इंग्लैंड अंडर 19 से जीतने के साथ अंतिम मैच से पहले ही 3-1 की बढ़त के साथ सीरीज अपने नाम कर ली थी। नवोदित ऑफ स्पिनर अनमोल जीत अंतिम वन डे में भारत अंडर 19 टीम के लिए अपने वन डे करियर का आगाज किया और अपने दो ओवर में 17 रन ही दिए।

कप्तान आयुष म्हात्रे के सीरीज में पहली बार टॉस जीता और भारत अंडर 19 पहले बल्लेबाजी करते हुए वैभव सूर्यवंशी के 42 गेंद खेल दो छक्कों और तीन चौकों की मदद से 33 और निचले क्रम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर आर एस अंबरीश के 81 गेंदों पर छह चौकों की मदद से अविजित 66 रन की अच्छी पारियों के बावजूद भारत अंडर 19 टीम निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 210 रन ही बना सकी। भारत अंडर 19 के लिए मध्यक्रम में राहुल कुमार (21 रन, 48 गेंद), विकेटकीपर बल्लेबाज हरवंश पंगालिया (24 रन, 37 रन, तीन चौके) और कनिष्क चौहान (24 रन, 45 गेंद, 2 चौके) ने बढ़िया आगाज जरूर किया लेकिन इसे बड़ी पारी में तब्दील नहीं खेल पाए। अंबरीश ने युद्धजीत गुहा(10 रन) के साथ आठवें विकेट के लिए 68 रन की सबसे बड़ी भागीदारी की। तेज गेंदबाज एलेक्स फ्रेंच और तेज गेंदबाज राल्फ अल्बर्ट ने इंग्लैंड अंडर 19 के लिए दो दो विकेट चटकाए। वैभव सूर्यवंशी का बेशकीमती विकेट मॉर्गन के हिस्से आया। जवाब में बेन मेज (अविजित 82 रन, 76 गेंद, एक छक्का, 11 चौके) की सलामी बल्लेबाज बेन डॉकिंस (66 रन, 53 गेंद, तीन छक्के,9 चौके) के साथ दूसरे विकेट की 107 और कप्तान थॉमस रेव (अविजित 49 रन, 37 गेंद, एक छक्का,सात चौके) के साथ चौथे विकेट की 90 रन की अटूट भागीदारी की बदौलत इंग्लैंड अंडर 19 ने 31.1ओवर में तीन विकेट पर 211 रन बना मैच जीत लिया।

# टी-20 गेंदबाजों की सूची में शीर्ष स्थान के करीब पहुंची दीप्ति



■ दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकांश समय टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं

**दुबई,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा टी20 क्रिकेट में नंबर 1 गेंदबाज बनने के करीब पहुंच गई हैं। वह आईसीसी महिला टी20 खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष स्थान से आठ रेटिंग अंक दूर हैं।

दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकांश समय टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं, लेकिन 27 वर्षीय दीप्ति कभी भी शीर्ष स्थान पर नहीं रही हैं, जबकि हाल के दिनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। टी20 रैंकिंग में नवीनतम अपडेट में दीप्ति ने एक स्थान की छलांग लगाई है और ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया है। दाएं हाथ की यह गेंदबाज अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद पाकिस्तान की सादिया इकबाल से केवल आठ रेटिंग अंक पीछे है।

दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे मैच में तीन विकेट लेने के बाद अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। सीरीज के अंतिम दो मुकाबलों में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के साथ यह ऑफ स्पिनर अपनी पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी से शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है।टीम की साथी अरुंधति रेड्डी भी रैंकिंग में सुधार कर रही हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में सीरीज के सबसे हालिया मैच में तीन विकेट लेने के बाद इस तेज गेंदबाज ने 11 पायदान की छलांग लगाई है और टी20 गेंदबाजों की सूची में 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं।इंग्लैंड की कई गेंदबाजों ने भी लंदन के प्रतिष्ठित मैदान पर पांच रन से मिली जीत के बाद रैंकिंग में सुधार किया है। तेज गेंदबाज इस्सी वोंग (तीन पायदान ऊपर चढ़कर 57वें स्थान पर) और लॉरेन फाइलर (21 पायदान ऊपर चढ़कर 68वें स्थान पर) दो सबसे बड़ी छलांग लगाने वाली गेंदबाज हैं। वहीं तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने रैंकिंग में चौथा स्थान बरकरार रखा है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी मामूली बढ़त बनाए हुए हैं, हालांकि इंग्लैंड और भारत के खिलाड़ियों द्वारा अपनी मौजूदा श्रृंखला में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के बाद शीर्ष 10 के बाहर कुछ बदलाव हुए हैं।भारत की डायनेमो जेमिमा रोड्रिग्स ब्रिस्टल में श्रृंखला के दूसरे मैच में अर्धशतक बनाने के बाद दो स्थान की बढ़त हासिल कर 12वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि सलामी बल्लेबाज डैनी वायट-हॉज और सोफिया डंकले ओवल में अपनी शानदार साझेदारी के बाद इंग्लैंड के दृष्टिकोण से बड़ी विजेता हैं।

## सलमान अली आगा बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज में पाकिस्तान की अगुवाई करेंगे



**इस्लामाबाद,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह सीरीज इस महीने के आखिर में मीरपुर में खेली जाएगी। पूर्व मुख्य खिलाड़ी बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी टीम से बाहर रहने वाले उल्लेखनीय खिलाड़ियों में शामिल हैं। फहीम अशरफ और फखर जमान टी20 टीम में वापस आ गए हैं। अशरफ ने आखिरी बार 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 मैच खेला था, जबकि जमान ने इस प्रारूप में पिछली बार 2024 में हिस्सा लिया था। इस बीच, अहमद दानियाल ने पीएसएल 2025 में शानदार प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में पहली बार जगह बनाई है।

तेज गेंदबाजों में, नसीम शाह और मोहम्मद वसीम जूनियर अभी भी अपनी-अपनी चोटों से उबर रहे हैं, जबकि हारिस रऊफ यूएसए में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) 2025 में खेलते समय चोटिल हो गए हैं।

पाकिस्तानी टीम: सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, अहमद दानियाल, फहीम अशरफ, फखर जमान, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, सलमान मिर्जा, सुफियान मोकिम।